ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष सप्तमी 08:35 उपरांत अष्टमी विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 2 जून 2025
वर्ष 3, अंक 282, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



भारत के दूसरे अंतरिक्ष यात्री बनेंगे शुभांशु 12

ऑपरेशन सिंदूर का विरोध कर रहीं ममता 14

## जीएसटी संग्रह दो लाख करोड़ के पार

नई दिल्ली, एजेंसी



- मई माह में पिछले साल से 16.4 प्रतिशत की हुई बढ़ोत्तरी
- अप्रैल में पहुंचा था 2.37 लाख करोड़ के सर्वकालिक स्तर पर

सकल माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह मई में 16.4 प्रतिशत बढ़कर 2.01 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया है। रविवार को जारी सरकारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। इससे पहले, अप्रैल में जीएसटी संग्रह 2.37 लाख करोड़ रुपये के अपने अबतक के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया था।

मई में घरेलू लेनदेन से कुल जीएसटी राजस्व 13.7 प्रतिशत बढ़कर लगभग 1.50 लाख करोड़ रुपये हो गया, जबकि आयात से जीएसटी संग्रह 25.2 प्रतिशत बढ़कर 51,266 करोड़ रुपये रहा। मई में कुल केंद्रीय जीएसटी राजस्व 35,434 करोड़ रुपये, राज्य जीएसटी राजस्व 43,902 करोड़ रुपये और एकीकृत जीएसटी संग्रह लगभग 1.09 लाख करोड़ रुपये रहा। उपकर से राजस्व 12,879 करोड़ रुपये रहा। मई, 2024 में जीएसटी संग्रह 1,72,739 करोड़ रुपये रहा था। इस बीच, महीने के दौरान कुल रिफंड चार प्रतिशत घटकर 27,210 करोड़ रुपये रह गया। माह के दौरान शुद्ध जीएसटी संग्रह 20.4 प्रतिशत की सालाना वृद्धि के साथ लगभग 1.74 लाख करोड़ रुपये रहा। डेलॉयट इंडिया के साझेदार एमएस मणि ने कहा कि राज्यों में जीएसटी संग्रह में वृद्धि में व्यापक आधार पर अंतर देखा जा रहा है। ऐसे में प्रत्येक राज्य में ऐसे क्षेत्रों का गहन विश्लेषण करने की जरूरत है, जो उसके लिए महत्वपूर्ण हैं। महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, कर्नाटक और तमिलनाडु जैसे बड़े राज्यों ने संग्रह में 17 प्रतिशत से 25 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है, जबकि गुजरात, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना जैसे बड़े राज्यों ने छह प्रतिशत तक की वृद्धि दिखाई है।

## सेना में वर्दी से बड़ा नहीं धर्म...बर्खास्त अफसर को राहत नहीं

### धार्मिक आधार पर परेड में भाग लेने से इन्कार करने वाले ईसाई सैन्य अधिकारी ने दायर की थी याचिका

नई दिल्ली, एजेंसी



- कोर्ट ने खारिज की याचिका कहा- सेना में धर्म से पहले राष्ट्र
- सभी धर्मों का सम्मान सेना के समन्वित काम के लिए जरूरी

दिल्ली हाईकोर्ट ने साप्ताहिक रेजिमेंटल धार्मिक परेड में भाग लेने से लगातार इन्कार करने पर एक ईसाई सैन्य अधिकारी की सेवा समाप्त किए जाने के आदेश को बरकरार रखा।

हाईकोर्ट ने यह कहते हुए सैन्य अधिकारी की याचिका खारिज कर दी कि सशस्त्र बल धार्मिक रूप से विभाजित होने के बजाय अपनी वर्दी के आधार पर एकजुट होते हैं लेकिन याचिकाकर्ता ने अपने धर्म को अपने वरिष्ठ अधिकारी के आदेश से ऊपर रखा जबकि अवज्ञा करना सेना अधिनियम के तहत अपराध है।

न्यायमूर्ति नवीन चावला और न्यायमूर्ति शालिंदर कौर की पीठ ने यह फैसला सुनाया। भारतीय सेना के लेफ्टिनेंट ने अपनी याचिका में तीन मार्च, 2021 के उस आदेश को चुनौती दी थी जिसके तहत उन्हें पेंशन और ग्रेच्युटी के बिना भारतीय सेना से बर्खास्त कर दिया गया था। याचिका दायर करने वाले लेफ्टिनेंट ने एक स्क्वाड्रन के 'ट्रूप लीडर' के रूप में काम किया था। पीठ ने अपने फैसले में कहा कि इस मामले में सवाल धार्मिक स्वतंत्रता का नहीं है, बल्कि अपने वरिष्ठ के वैध आदेश का पालन करने का है। याचिकाकर्ता ने अपने वरिष्ठ के आदेश से ऊपर अपने धर्म को रखा है। यह स्पष्ट रूप से अनुशासनहीनता का कृत्य है।

हाईकोर्ट ने अपने फैसले में प्रतिकूल परिस्थितियों में दिन-रात सीमाओं की रक्षा करने वालों के समर्पण को सलाम करते हुए कहा कि दिखने में एकरूपता तथा सभी धर्मों के प्रति सम्मान, सशस्त्र बल के सुसंगठित, अनुशासित तथा समन्वित कामकाज के लिए आवश्यक है। सशस्त्र बल धर्म से पहले राष्ट्र को रखते हैं।

#### पादरी के समझाने पर भी नहीं माना

याचिकाकर्ता लेफ्टिनेंट ने दलील दी कि उनकी रेजिमेंट अपनी धार्मिक जरूरतों और परेड के लिए सिर्फ एक मंदिर और एक गुरुद्वारा रखे हुए है। उसने खुद को ईसाई धर्म का अनुयायी बताते हुए साप्ताहिक धार्मिक परेड और अन्य कार्यक्रमों के दौरान मंदिर के सबसे भीतरी भाग में जाने से छूट मांगी थी। सेना के अफसरों ने अदालत को बताया कि ईसाई अधिकारियों ने लेफ्टिनेंट को समझाने के प्रयास किए, उसे एक स्थानीय चर्च के पादरी के पास भी ले जाया गया, जिन्होंने उसे समझाया कि अपने कर्तव्य के तौर पर सर्व धर्म स्थल में प्रवेश करना उसके ईसाई धर्म पर कोई असर नहीं डालेगा लेकिन इसके बावजूद वह अपने रुख पर अडिग रहा।

### एक नजर

#### सरिस्का टाइगर रिजर्व में जन्मे चार बाघ शावक

**अलवर।** राजस्थान में अलवर जिले के सरिस्का बाघ अभयारण्य में एक बाघिन ने चार शावकों को जन्म दिया है। वन विभाग के आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि इससे सरिस्का प्रशासन, वन्य जीव प्रेमियों और वन विभाग के अधिकारियों में खुशी की लहर दौड़ गई है। इनके साथ ही बाघों की संख्या बढ़कर 48 हो गई है। वहीं सरिस्का में शावकों की संख्या भी बढ़ गई है। एसटी 19, सरिस्का की तीसरी ऐसी बाघिन बन गई है जिसने चार शावकों को जन्म दिया है।

#### मान ने पश्चिमी वायु कमान में संभाला पदभार

**नई दिल्ली।** एयर मार्शल जसवीर सिंह मान ने रविवार को भारतीय वायु सेना की पश्चिमी वायु कमान के वरिष्ठ एयर स्टाफ ऑफिसर का पदभार संभाला। राष्ट्रपति के अति विशिष्ट सेवा पदक और वायु सेना पदक से सम्मानित एयर मार्शल मान इससे पहले वायु सेना मुख्यालय में महानिदेशक (हथियार प्रणाली) थे।

#### ऑनलाइन डेटिंग एप्स से लूट में तीन गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** ऑनलाइन डेटिंग एप्स के जरिए लोगों को फंसाकर कर लूटपाट करने के तीन आरोपियों को पुलिस ने उत्तर पूर्वी दिल्ली के यमुना खादर में शनिवार देर रात मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया।

## भारत पर जो हाथ डालेगा उसे कर देंगे पूरी तरह नष्ट : धनखड़

### उपराष्ट्रपति बोले-ऑपरेशन सिंदूर से सेना ने दुनिया को दिया यह संदेश

- आगरा में अहिल्याबाई स्मृति अभियान की संगोष्ठी में मुख्यमंत्री योगी के साथ हुए शामिल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/आगरा

**अमृत विचार :** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि भारत आतंकवाद को समाप्त करेगा, जो हम पर हाथ डालेगा, उसे पूरी तरह नष्ट करेंगे। ऑपरेशन सिंदूर से यह संदेश भारतीय सेना ने दुनिया को दे दिया है। उन्होंने लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर को याद करते हुए आह्वान किया कि उनकी तरह हमलोग भी कर्तव्य को धर्म मानेंगे और अधिकारों को सेवा के माध्यम से आगे बढ़ाएंगे।

उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ रविवार को आगरा के जीआईसी ग्राउंड, पचकुइयां में आयोजित महारानी अहिल्याबाई होल्कर की जन्म त्रिशताब्दी वर्ष स्मृति अभियान-2025 के अंतर्गत आयोजित संगोष्ठी में बोल रहे थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में उन्होंने कहा कि लोकमाता कठिन समय में भारत की महान परंपरा की प्रतिनिधि थीं, जहां धर्म-संस्कृति व शासन एक ही धारा में प्रवाहित होते हैं। सोमनाथ गुजरात, काशी विश्वनाथ, महाकालेश्वर, ओंकारेश्वर, बद्रीनाथ, केदारनाथ, भीमाशंकर, रामेश्वरम, गोकर्ण समेत न जाने कितने मंदिर उनके हाथ से संजीवित हुए। कार्यक्रम में संयोजक केंद्रीय मंत्री व आगरा के सांसद प्रो. एसपी सिंह बघेल, हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय, उप राष्ट्रपति की पत्नी डॉ. सुदेश धनखड़, महाराष्ट्र विधान परिषद के सभापति प्रो. रामशंकरराव शिंदे आदि मौजूद रहे।



लोगों का अभिवादन करते उपराष्ट्रपति धनखड़ और सीएम योगी। ● अमृत विचार

#### अहिल्याबाई की तरह योगी भी कर रहे कार्य

धनखड़ ने कहा कि जो कार्य लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर ने किया, वही योगी आदित्यनाथ ने किया। उन्होंने उत्तर प्रदेश की काया पलट दी। काशी विश्वनाथ, अयोध्या के बाद मथुरा में भी कार्य होगा। आने वाली पीढ़ियां योगी आदित्यनाथ के कार्य को उसी तरह स्मरण करेंगी, जैसे आज हम लोकमाता को याद रखते हैं। विधि की रचना की तरह अहिल्याबाई की सोच योगी आदित्यनाथ में भी आ गई है। आज यूपी का मतलब सुशासन व कानून का राज है।

#### अहिल्याबाई ने कराया मंदिरों का पुनरुद्धार

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मुगल कालखंड में जब विदेशी आक्रांताओं ने भारत की अस्मिता और आस्था के प्रतीकों, खासकर मंदिरों को नष्ट और भ्रष्ट किया, तब अहिल्याबाई ने इनके पुनरुद्धार का कार्य किया। कहा कि जब समाज अपने राष्ट्रनायकों और नायिकाओं से प्रेरणा लेता है, तो कोई भी ताकत उसके मार्ग में बाधा नहीं बन सकती। लोकमाता अहिल्याबाई का विराट व्यक्तित्व इसका जीवंत उदाहरण है। अहिल्याबाई होल्कर के कार्यों से प्रेरित होकर डबल इंजन की सरकार तमाम योजनाएं सांचालित कर रही है। मुख्यमंत्री ने बदलावों का भी जिक्र करते हुए कहा कि पहले कुछ लोग माफिया को पालते थे, जो कानून व्यवस्था के लिए संकट पैदा करते थे।

## डीसीएम और पिकअप की टक्कर में 5 लोगों की मौत

### चित्रकूट में झांसी-मिर्जापुर हाईवे पर हुआ हादसा

- सात अन्य लोग हुए घायल पिकअप के उड़ गए परखचे

संवाददाता, रामनगर (चित्रकूट)

**अमृत विचार :** झांसी-मिर्जापुर हाईवे पर रविवार दोपहर भीषण सड़क दुर्घटना में पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि सात लोग घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां तीन की हालत गंभीर बताई गई है। मरने वालों में ज्यादातर बैंड बाजा कंपनी के कर्मचारी थे, जो पिकअप से एक बारात में जा रहे थे।

कर्वी से प्रयागराज की ओर जा रही डीसीएम रविवार दोपहर लगभग 12 बजे रामनगर ब्लाक की ग्राम पंचायत बांधी के आगे भखरवार मोड़ के पास सामने से आ रही पिकअप से भिड़ गई। इससे दोनों वाहन आपस में फंस गए और लोगों में चीख पुकार मच गई। टक्कर इतनी जबर्दस्त थी कि पिकअप के परखचे उड़ गए। इसमें बैठे लोग खून से लथपथ होकर फंस गए। डीसीएम भी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हुई। लोगों की सूचना पर मौके पर पहुंची रैपुरा पुलिस ने जेसीबी की मदद से दोनों वाहनों को अलग किया और दोनों वाहनों में फंसे 13 लोगों को निकालकर अस्पताल भेजा। जहां डॉक्टरों ने तीन लोगों को मृत घोषित कर दिया वहीं एक अन्य की इलाज के दौरान मौत हो गई। अन्य घायलों में से तीन को जिला अस्पताल से प्रयागराज रिफर कर दिया गया।

रास्ते में एक और घायल ने दम तोड़ दिया। इस तरह कुल पांच लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान रामू साहू (26) ग्राम बल्हौरा थाना मऊ, दुर्गा (36) ग्राम हन्ना के मजरे शिवरतन का डेरा, बच्चा (40) निवासी सखौहा, उनैन (25) निवासी बल्हौरा, संतराम उर्फ राजा (40) के रूप में हुई है। मृतक रामू पिकअप का मालिक था, जो बारात के लिए बैंड बाजा वालों को लेकर जा रहा था। घायलों में इमरान (32) निवासी कुंडा (प्रतापगढ़) डीसीएम चालक है। उसने रास्ते में सवारियां बैठा ली थीं। इसके अलावा दूधनाथ (45), शादिम (25), देवनाथ (42), रजवा (25) और शक्ति (25) सभी पहाड़ी निवासी, हीरो अली (25) घायल हैं। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह, विधायक अविनाश द्विवेदी, जिला पंचायत सदस्य अर्जुन शुक्ला, शिक्षक नेता बराती लाल पांडेय ने घटनास्थल और रामनगर सीएचसी में पीड़ितों को ढांढस बंधाया।



भीषण हादसे में क्षतिग्रस्त वाहन। ● अमृत विचार

## अब्बास अंसारी की विस सदस्यता खत्म

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- नफरती भाषण मामले में कोर्ट ने दी है दो साल की सजा

**अमृत विचार :** नफरती भाषण मामले में सजा की घोषणा के बाद मऊ विधानसभा क्षेत्र (356) से सुभासपा विधायक अब्बास अंसारी की विधानसभा सदस्यता खत्म हो गई है।

अब्बास की विधानसभा सदस्यता लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 8 के तहत स्वतः समाप्त हो गई है। कोर्ट के आदेश की प्रमाणित प्रति प्राप्त होने पर उप्र. विधानसभा सचिवालय ने मऊ सदर सीट के रिक्त होने की अधिसूचना जारी कर दी है। इसी आधार पर अब उस सीट पर उपचुनाव होगा। इस संबंध में राज्य विधानसभा के प्रमुख सचिव प्रदीप दुबे ने रविवार को ही अधिसूचना जारी कर दी। चुनाव आयोग को भी अधिसूचना की प्रति भेज दी गई है।

मऊ विधायक अब्बास अंसारी की सदस्यता खत्म होने के बाद उनकी रिक्त घोषित सीट के लिए चुनाव आयोग उपचुनाव के लिए कार्यक्रम जारी करेगा। ऐसे में इस विधानसभा सीट के उपचुनाव पर सभी दलों की नजरें होंगी। अब्बास अंसारी सुभासपा के टिकट पर वर्ष 2022 का विधानसभा चुनाव जीते थे। तब सुभासपा व सपा का चुनावी गठजोड़ था। सीट वितरण समझौते में सपा के अब्बास अंसारी को सुभासपा ने अपने टिकट पर चुनाव लड़ा दिया था। बाहुबली मुख्तार अंसारी के बेटे अब्बास अंसारी सुभासपा के टिकट पर चुनाव जीत गए और उसके बाद नफरती भाषण दिया था, जिसके तहत मऊ की एमपी व एमएलए कोर्ट ने शनिवार को उन्हें दो साल की सजा सुनाई। दरअसल, अब्बास अंसारी की सदस्यता जाने से पहले भी वर्तमान 18वीं विधानसभा में पांच सदस्यों की विधायकी जा चुकी है। इनमें इरफान सोलंकी, आजम खान, उनके बेटे अब्दुल्ला आजम खां, राम दुलार, विक्रम सैनी शामिल हैं। यह सभी अलग-अलग दलों से वर्ष 2022 का विधानसभा चुनाव जीते थे।

## रिश्वतखोरी में आईआरएस अधिकारी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने करदाता सेवा निदेशालय में तैनात अतिरिक्त महानिदेशक अमित कुमार सिंघल को 25 लाख रुपये की रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने रविवार को बताया कि आईआरएस के 2007 बैच के अधिकारी सिंघल ने कुल 45 लाख रुपये की रिश्वत मांगी थी।

- सीबीआई ने नई दिल्ली स्थित आवास से दबोचा

25 लाख रुपये की पहली किस्त शनिवार को मोहाली स्थित उनके आवास पर पहुंचाई जा रही थी। शिकायत मिलने के बाद सीबीआई ने जाल बिछाया और हर्ष कोटक नाम के एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया, जो सिंघल के मोहाली स्थित आवास पर उनकी ओर से रिश्वत ले रहा था। सीबीआई ने कहा कि रिश्वत मांगने के अलावा भुगतान न करने की स्थिति में कानूनी कार्रवाई करने, भारी जुर्माना लगाने और उत्पीड़न की धमकी भी दी गई थी। सिंघल को नई दिल्ली के वसंत कुंज स्थित उनके आवास से गिरफ्तार किया गया।

## गुटखों के प्लास्टिक पैक पर एनजीटी का केंद्र को नोटिस

नई दिल्ली, एजेंसी

- प्लास्टिक पाउच में गुटखा बिक्री रोकने के निर्देश का पालन नहीं

राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने गुटखा, पान मसाला और तंबाकू उत्पादों के निर्माताओं द्वारा प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन नियमों के सख्त अनुपालन के संबंध में केंद्र से जवाब मांगा है।

एनजीटी अध्यक्ष न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव और विशेषज्ञ सदस्य ए. सेंथिल वेल की पीठ ने याचिकाकर्ता के वकील की दलीलों पर गौर किया कि अक्टूबर 2021 में केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) ने 25 ऐसे निर्माताओं को निर्देश जारी किए थे, जिनमें पर्यावरण के अनुकूल विकल्प अपनाने तक तुरंत परिचालन बंद करना शामिल था, लेकिन निर्देशों का पालन नहीं किया गया।

पीठ ने 30 मई के अपने आदेश में कहा कि वकील अनुज अग्रवाल के अनुसार प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन नियमों के कुछ प्रावधानों का उल्लंघन किया जा रहा है। इनमें यह भी शामिल है कि प्लास्टिक से बने पाउच का उपयोग गुटखा, तंबाकू और पान मसाला के भंडारण, पैकिंग या बिक्री के लिए नहीं किया जाएगा।

## वाणिज्यिक सिलेंडर 24 रुपये सस्ता हुआ

**नई दिल्ली।** विमान ईंधन (एटीएफ) की कीमतों में तीन प्रतिशत की कटौती की गई है, जबकि होटल और रेस्तरां में इस्तेमाल होने वाले 19 किलोग्राम के वाणिज्यिक सिलेंडर के दाम 24 रुपये घटाए गए हैं। रविवार को एटीएफ और वाणिज्यिक एलपीजी की कीमतों में कटौती की घोषणा की गई है। यह लगातार तीसरा महीना है जबकि विमान ईंधन के दाम घटे हैं। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बेंचमार्क कच्चे तेल और गैस कीमतों में कमी के बाद घरेलू बाजार में कीमतें घटाई गई हैं। सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनियों के अनुसार, दिल्ली में एविएशन टर्बाइन फ्यूल (एटीएफ) की कीमत 2,414.25 रुपये प्रति किलोलीटर या 2.82 प्रतिशत घटकर 83,072.55 रुपये प्रति किलोलीटर रह गई है।




- विमान ईंधन के दाम भी तीन प्रतिशत घटे

## उपचुनाव के लिए पहली बार मतदाता सूची में संशोधन

नई दिल्ली, एजेंसी

- निर्वाचन आयोग का मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाने के लिए फैसला

निर्वाचन आयोग ने लगभग दो दशक में पहली बार पांच विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनाव कराने के लिए मतदाता सूची में संशोधन किया है ताकि मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाया जा सके। पिछली बार उपचुनाव के लिए मतदाता सूची में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण तमिलनाडु में 2006 में किया गया था।

जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 के प्रावधानों का हवाला देते हुए अधिकारियों ने कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा निर्देश दिए जाने पर प्रत्येक चुनाव और उपचुनाव से पहले मतदाता सूची में संशोधन किया जाना चाहिए। उन्होंने कानून का हवाला देते हुए कहा कि यदि मतदाता सूची में संशोधन नहीं किया जाता है, तो उक्त मतदाता सूची की वैधता प्रभावित नहीं होगी।

आयोग ने पिछले महीने घोषणा की थी कि चार राज्यों की पांच विधानसभा सीट पर उपचुनाव 19 जून को होंगे। गुजरात में दो विधानसभा सीट पर जबकि केरल, पश्चिम बंगाल और पंजाब में एक-एक सीट पर उपचुनाव होगा। मतगणना 23 जून को होगी।

## गुजरात के कृषि मंत्री बच्चुभाई खाबड़ का बेटा गिरफ्तार

**दाहोद।** गुजरात के पंचायत और कृषि राज्य मंत्री बच्चुभाई खाबड़ के बेटे बलवंत खाबड़ को मनरेगा से संबंधित मामले में रविवार को गिरफ्तार किया गया। उसे मनरेगा कार्यों से जुड़े एक अन्य मामले में कुछ दिन पहले ही जमानत मिली थी। बलवंत और उसके भाई किरण खाबड़ को अप्रैल में उनके खिलाफ दर्ज पहली प्राथमिकी के मामले में 29 मई को जमानत दी गई थी। पुलिस उपाधीक्षक जगदीशसिंह भंडारी ने बताया कि बलवंत को रविवार को गिरफ्तार किया गया जब दाहोद ''बी'' संभाग पुलिस ने शनिवार को उसके खिलाफ एक नई प्राथमिकी दर्ज की। उन्होंने कहा कि 31 मई को दर्ज प्राथमिकी के अनुसार, खाबड़ की कंपनी को 2022-23 में दाहोद जिले के धनपुर तालुका के भानपुर गांव में मनरेगा के तहत आवंटित कार्य पूरा किए बिना 33.86 लाख रुपये का भुगतान प्राप्त हुआ था।

- मनरेगा घोटाले से जुड़े एक मामले में हुई कार्रवाई

## डांटने का मतलब आत्महत्या के लिए उकसाना नहीं

### उच्चतम न्यायालय ने आरोपी स्कूल छात्रावास के प्रभारी को किया बरी

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने एक छात्र को डांटकर आत्महत्या के लिए मजबूर करने के आरोपी शख्स को बरी कर दिया है। आरोपी, एक स्कूल और एक छात्रावास का प्रभारी था, जिसने एक अन्य छात्र की शिकायत पर दूसरे छात्र को डांटा था जिसने बाद में एक कमरे में फांसी लगा ली। न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्ला और न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा की पीठ ने कहा कि कोई भी सामान्य व्यक्ति यह नहीं सोच सकता था कि डांटने के कारण ऐसी दुखद घटना घट सकती है।

शीर्ष अदालत ने मद्रास उच्च न्यायालय के उस आदेश को खारिज कर दिया, जिसमें भारतीय दंड संहिता की धारा 306 के तहत आत्महत्या के लिए उकसाने के अपराध से शिक्षक को बरी करने से इनकार कर दिया गया था। पीठ ने कहा कि पूरे मामले पर विचार करने के बाद, हम इसे हस्तक्षेप के लिए उपयुक्त मामला पाते हैं।

जैसा कि अपीलकर्ता ने सही ढंग से प्रस्तुत किया है, कोई भी सामान्य व्यक्ति यह नहीं सोच सकता कि डांटने के कारण, वह भी एक छात्र की शिकायत के आधार पर, इतनी बड़ी त्रासदी हो सकती है कि डांटने के कारण छात्र ने खुदकुशी कर ली। उच्चतम न्यायालय ने कहा कि इस तरह की डांट-फटकार कम से कम यह सुनिश्चित करने के लिए थी कि दूसरे छात्र द्वारा की गई शिकायत पर ध्यान दिया जाए और सुधारात्मक उपाय किए जाएं।



- मामले में मद्रास उच्च न्यायालय द्वारा दिए गए फैसले को किया खारिज

#### केवल गलती में सुधार के लिए थी फटकार

आरोपी व्यक्ति ने अपने वकील के माध्यम से प्रस्तुत किया था कि उसकी प्रतिक्रिया उचित थी और यह केवल एक अभिभावक के रूप में डांट-फटकार थी ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि छात्र गलती को दोबारा न दोहराए और छात्रावास में शांति और सौहार्द बनाए रखे। उसने प्रस्तुत किया था कि उसके और मृतक छात्र के बीच कोई व्यक्तिगत संबंध नहीं था।

# शहर में 113 परीक्षार्थियों ने छोड़ी बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा

## डीएम व एसपी ने परीक्षा केंद्रों पर जाकर देखे सीसीटीवी व परीक्षा की गतिविधियां



केके इंटर कॉलेज के बाहर बैठे बीएड प्रवेश परीक्षा के अभ्यर्थी। अमृत विचार



परीक्षा देने के बाद पीएसएम पीजी कॉलेज में जमा बैग मांगते अभ्यर्थी।

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

● शहर के तीन केंद्रों पर दो पालियों में शांतिपूर्वक संपन्न हुआ इम्तिहान

**अमृत विचार।** शहर के तीन केंद्रों में रविवार को उत्तर प्रदेश संयुक्त प्रवेश परीक्षा बीएड नकल विहीन एवं शांतिपूर्वक ढंग से संपन्न हुई। कुल 1211 परीक्षार्थियों में से 113 गैरहाजिर रहे। परीक्षा केंद्रों का जायजा लेने के लिए डीएम व एसपी भ्रमण पर रहे।

डीएम आशुतोष मोहन अग्निहोत्री व एसपी विनोद कुमार ने शहर के जीटी रोड किनारे स्थित परीक्षा केंद्र पीएसएम पीजी कॉलेज, राजकीय महिला महाविद्यालय बांगर एवं केके इंटर कॉलेज ग्वाल मैदान का निरीक्षण किया।

जिलाधिकारी ने कक्षवार निरीक्षण कर केंद्र व्यवस्थापकों को परीक्षा पूर्ण निष्ठा व लगन के साथ निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के निर्देश दिए। उन्होंने परीक्षा केंद्रों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की स्थिति, संचालन एवं रिकॉर्डिंग भी जांची। केंद्रों पर पुलिस बल भी तैनात रहा। बताया गया है कि पहली पाली में पंजीकृत 1211 परीक्षार्थीयों में से 1098 उपस्थित रहे और 113 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इसी प्रकार द्वितीय पाली में 1100 परीक्षार्थी उपस्थित रहे व 111 परीक्षार्थियों ने इम्तिहान छोड़ दिया। निरीक्षण के दौरान जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संदीप कुमार व विकास त्रिपाठी उपस्थित रहे।

## बीएड प्रवेश परीक्षा के परीक्षार्थियों का गला तर किया

**कन्नौज।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने रविवार को शहर के पीएसएम पीजी कॉलेज में संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा देने आए विद्यार्थियों के लिए हेल्प डेस्क खोली। साथ ही निशुल्क पेयजल का कैंप लगाया।

जिला संगठन मंत्री शुभम विद्यार्थी ने बताया कि संगठन सेवार्थ विद्यार्थी, सेवा भावना के माध्यम से समाज में जागरुकता, सहयोग और सकारात्मकता का संचार करते हैं। वे यह सिद्ध करते हैं कि सीमित संसाधन होने के बावजूद, सेवा का कार्य निःस्वार्थ भाव से किया जा सकता है। इस मौके पर पूर्व विभाग प्रमुख डॉ. वरुण वशिष्ठ, प्रांत एसएफडी सह संयोजक दीपक राजपूत, नगर मंत्री सक्षम गुप्ता, सह मंत्री नैतिक गुप्ता, पीयूष तिवारी, अभिषेक सिंह, सेवार्थ विद्यार्थी (एसएफएस) संयोजक शशांक कुमार, सह संयोजक अमित कश्यप, खेलो भारत सह संयोजक निष्कर्ष दुबे, सौरभ राठौर, विकासार्थ विद्यार्थी (एसएफडी) संयोजक राजा दुबे, सह संयोजक पुलकित गुप्ता, सोशल सत्यम, साहिल, राजन राठौर उपस्थित थे।

## एक नजर

### दहेज न मिलने पर विवाहिता को किया बेघर

**गुरसहायगंज।** दहेज न मिलने पर ससुरालियों ने विवाहिता के साथ गाली गलौज करते हुए उसे मारपीट कर बेघर कर दिया। कस्बा समधन के मोहल्ला गोरी नवादा निवासी निशा बेगम ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि उसका विवाह 29 जून 2024 को पड़ोसी सलमान पुत्र मुजम्मिल के साथ हुआ था। शादी के बाद से ही पति सलमान, ससुर मुजम्मिल, सास अफसाना, ननद कुलसुम दहेज में एक कार व 50000 रुपये की मांग करने लगे। जब उसने विरोध किया तो ससुरालियों ने उसे शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। इतना ही नहीं 09 मई 2025 की सुबह 8 .30 बजे उसे मारपीट कर घर निकाल दिया। कोतवाली पुलिस ने पुलिस अधीक्षक के आदेश पर आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है।

### दामाद सहित 3 पर अभद्रता व धमकी देने का आरोप

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** शाहजहांपुर के थाना कलान के ग्राम एत्मानपुर निवासी सदावती ने कोतवाली पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया है कि उसका दामाद, समधी और समधन आए दिन उसकी पुत्री के साथ गाली गलौज व मारपीट किया करते है। जब उसने रविवार को पुत्री की ससुराल जाकर इस बात का विरोध किया तो उक्त लोग उसके साथ भी गाली गलौज करने लगे। मारपीट करने पर आमादा हो गए। कोतवाली पुलिस ने पीड़ित महिला की शिकायत पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### पति पर जेवर व नकदी लेकर फरार होने का आरोप

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** महिला ने पति पर जेवर व नगदी लेकर फरार होने सहित दूसरी महिला से अवैध संबंध का आरोप लगाया है। कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। नगर के मोहल्ला गांधी नगर निवासिनी अंजलि ने कोतवाली पुलिस को दिए हुए प्रार्थना पत्र में बताया कि उसका विवाह बीते 08 फरवरी को मोहल्ला के युवक के साथ हुआ था। कुछ समय बाद ज्ञात हुआ कि उसने उससे लालच में आकर शादी की और उसका किसी अन्य महिला से प्रेम प्रसंग चल रहा है। इसका विरोध किया तो 13 मई को उसका पति सुबह करीब 09 बजे घर में रखा जेवर एवं 50,000 रुपये की नगदी लेकर कहीं फरार हो गया। यह भी कहा कि धोखे से शादी करने में उसकी बहन का पूरा सहयोग रहा है।

### घरेलू विवाद में युवक से की मारपीट

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** ग्राम लाडपुर तेराजाकेट निवासी अभी ने कोतवाली पुलिस को दिए शिकायती पत्र में कहा है कि रविवार की शाम करीब 04 बजे परिवार के ही तीन लोगों ने उसके दरवाजे पर आकर घरेलू विवाद को लेकर गालीगलौज शुरू कर दी। जब उसने विरोध किया तो उसे लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। कोतवाली पुलिस मामले की जांच शुरू कर दी है।

### अलग-अलग स्थानों से लापता हुईं किशोरियां

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** घर से बिना बताए क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों से दो किशोरिया लापता हो गईं। पीड़ितों ने अज्ञात लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। क्षेत्र के ग्राम निवासी पीड़ित पिता ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया है कि उसकी 17 वर्षीय पुत्री 01 जून 2025 की रात करीब नौ बजे घर से बिना बताए कहीं चली गई। अन्य क्षेत्र से पीड़ित पिता ने बताया है कि उसकी 17 वर्षीय पुत्री भी घर से बिना बताए कहीं चली गई। दोनों के परिजनों ने आस पड़ोस और रिश्तेदारी में काफी खोजबीन की लेकिन कोई भी सुराग नहीं लगा सका।

## सार-संक्षेप



डिवाइडर से टकराया ट्रक । अमृत विचार

### डिवाइडर से टकराया ट्रक, डीज़ल टैंक फटा

**छिबरामऊ।** पश्चिमी बाईपास पर रविवार को अलीगढ़ से कानपुर की ओर जा रहा एक ट्रक नगर के पश्चिमी बाईपास पर अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गया। गनीमत रही कि कोई बड़ी घटना नहीं हुई। हालांकि दुर्घटना में ट्रक का डीजल टैंक फट जाने से चारों तरफ डीजल फैल गया था।



नाला खुदवाने पहुंचे उपजिलाधिकारी अशोक कुमार व अन्य। अमृत विचार

### उपजिलाधिकारी के आदेश पर खुदवाया गया नाला

**सौरिख,कन्नौज।** ग्रामीणों द्वारा सड़क किनारे नाला खोदने का विरोध करने को लेकर ग्राम प्रधान ने उपजिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र दिया। इसके बाद पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची राजस्व टीम को पैमाइश कर नाला बनवाने का निर्देश दिया। सौरिख थाना क्षेत्र के ग्राम जरियापुर में स्थित तालाब का पानी निकालने के लिए जिला पंचायत द्वारा नाला निर्माण करवाने के लिए ठेकेदार द्वारा खुदाई शुरू की गई। इसका कुछ ग्रामीण विरोध करने लगे जिसके चलते नाला खुदाई कार्य रुक गया। इसकी शिकायत ग्राम प्रधान रविंद्र कुमार ने तिर्वा उपजिलाधिकारी अशोक कुमार से की थी। रविवार को उपजिलाधिकारी ने पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच कर जांच की और राजस्व टीम को पैमाइश कर नाला खुदवाने के निर्देश दिए। इस मौके पर थाना प्रभारी दिनेश कुमार , चौकी प्रभारी राजकुमार गौतम व राजस्व टीम से कानूनगो हरिशंकर,क्षेत्रीय लेखपाल अजीत दुबे,रामदास विश्वास,तौसीफ रजा,अंकित कुमार,ब्रजेश दुबे मौजूद रहे।

### मारपीट की घटनाओं में महिलाओं सहित तीन घायल

**गुरसहायगंज।** क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों पर विवाद को लेकर जमकर लाठी डंडे चले। इसमें दो महिलाओं सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद पीड़ितों ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। ग्राम अलीपुर जलेसर निवासी रेशमा देवी पत्नी गोविंद ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि पति गोविंदा, ननद नीलम व ससुर जीवरखन ने दहेज की मांग को लेकर 31 मई की दोपहर 12 बजे उसके साथ गाल गलौज करते हुए मारपीट कर घायल कर दिया। ग्राम बिराहिमपुर निवासी शीला देवी ने पुलिस को बताया है कि गांव के ही बबलू पुत्र राम नरेश ने दरवाजे पर आकर उसके साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट कर दी। वही नगर के मोहल्ला रामकृष्ण नगर निवासी मोहित पुत्र लव कुश ने आजाद नगर निवासी छोटा वर्मा और शेरा के विरुद्ध गाली गलौज करते हुए मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने की शिकायत की। जिस पर पुलिस ने अलग-अलग स्थान से आए पीड़ितों की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर मामलों की जांच शुरू कर दी है।

# नहर में गिरे युवक का पता नहीं चला एनडीआरफ की टीम वापस लौटी

संवाददाता सौरिख

● तीन दिन पहले टेंपो की टक्कर से नहर में गिरने की जताई गई थी आशंका

**अमृत विचार।** नहर में गिरे बाइक सवार युवक का तीन दिन बाद भी पता नहीं चल सका। इससे एनडीआरएफ की टीम लौट गई।

गुरुवार को भाउलपुर चौकी क्षेत्र के गांव शिव सिंह पुर निवासी संजीव सिंह उर्फ संजू (45) रात 8 बजे किसी होटल पर खाना खाने बाइक से खड़नी गया था। 9 बजे के लगभग नहर पुल पर सामने से आ रही टेंपो से बाइक की टक्कर हो गई। हादसे में संजीव सिंह नहर मे गिर गया था। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे पुत्र निशांत ने पिता के नहर में डूबने की आशंका जताई थी। परिजन व ग्रामीण तीन दिन तक नहर पर मौजूद रहकर युवक के बाहर आने की आस लगाए रहे। स्थानीय गोताखोर के साथ एनडीआरफ टीम ने रविवार को कई घंटे तलाशी अभियान चलाया लेकिन सफलता नहीं मिली। आखिरकार एनडीआरएफ की टीम लौट गई। युवक का कोई भी सुराग नहीं लगा।



नहर में युवक को तलाशती एनडीआरएफ की टीम। अमृत विचार

### गंगा नहाते समय डूबने से किशोर की मौत

**कन्नौज।** मेहंदीघाट पर झंडा चढ़ाने आए किशोर की गंगा में नहाते समय डूबने से मौत हो गई।हरदोई जिले के मल्लावां के शेर बहादुर (13) पुत्र रघुवीर परिवार के साथ झंडा चढ़ाने मेंहदीघाट आया था। यहां धार्मिक आयोजन के बाद अन्य बच्चों के साथ गंगा में नहाने लगा। इसी दौरान गहरे पानी में जाने से डूब गया। साथी बच्चों ने शोर मचाया तो लोग बचाने के लिए गंगा में कूद पड़े और किसी तरह से शेर बहादुर को निकाल लिया। उसे जिला अस्पताल ले गए जहां डॉक्टर ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया।

# चाचा की मौत पर आ रहा था घर, रास्ते में हादसा, गई जान

संवाददाता,छिबरामऊ, कन्नौज

**अमृत विचार।** चाचा की मौत की सूचना पर आ रहे भतीजे की रविवार की भोर सड़क हादसे में जान चली गई।

कोतवाली क्षेत्र के गांव गिरधरपुर के रहने वाले राकेश कुमार पुत्र हरपाल सिंह राजपूत एक सप्ताह पहले शहर के पश्चिमी बाईपास पर अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल हो गये थे। परिजन फतेहगढ़ के एक अस्पताल में इलाज करवा रहे थे। इलाज के दौरान शनिवार को इनकी मौत हो गई। खबर मिलते ही दिल्ली में प्राइवेट नौकरी कर रहे भतीजे अभिषेक पुत्र नवनीत राजपूत व आलोक उर्फ वकील पुत्र रामनिवास राजपूत घर आ रहे थे। हाइवे पर प्रेमपुर चौकी क्षेत्र के गांव करमुल्लापुर के पास रविवार की भोर दिल्ली की तरफ जा रही स्कार्पियों डिवाइडर फांदते हुए कानपुर की तरफ जा रही वैंगन आर में टक्कर हो गई। जिससे सड़क पर जाम लग गया। तभी दिल्ली से आ रही बस में सवार अभिषेक व आलोक नीचे उतरे और जाम को देखने लगे। इसी दौरान यहां से गुजरे लोडर ने अभिषेक को रौंद दिया। उसे सौ शैय्या अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां हालत गम्भीर होने पर तिर्वा मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया। वहां अभिषेक की मौत हो गई। वहीं हादसे के बाद भाग रहे लोडर के चालक को ग्रामीणों ने दबोच कर उसकी जमकर पिटाई के बाद पुलिस को सौंप दिया।



अभिषेक।



कोतवाली में बैठक के दौरान मौजूद कोतवाल व नागरिक। अमृत विचार

## बकरीद पर कुर्बानी के अवशेष को इधर उधर न डालें : कोतवाल

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** आगामी ईद-उल-जुहा व दशहरा पर्व को आपसी भाईचारे व सद्भावना के साथ मनाएं। सामाजिक एकता व शांति व्यवस्था को विघटित करने वाले अराजकतत्वों की सूचना पुलिस को दें। यह बात कोतवाल आलोक कुमार दुबे ने कही।

रविवार की शाम कोतवाली परिसर में शांति कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। इसमें कोतवाल ने कहा कि सभी धर्म गुरु पहले की तरह एक दूसरे का सहयोग करें और गंगा जमुनी तहजीब को कायम रखे। पुलिस सोशल मीडिया पर भी नजर रख रही है। जिससे अफवाह फैलाने वाले अराजकतत्वों पर कड़ी कार्रवाई की जा सके। सरकार की गाइडलाइन का पालन करते हुए त्योहार को मनाए। कुर्बानी के अवशेषों को सुरक्षित स्थान पर रखें। इधर उधर सार्वजनिक स्थान पर न फेंके और न नालियों में न बहाए।

# विद्यार्थियों ने खुद से किया साक्षात्कार

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** श्यामलाल खंडेलवाल इंटर कॉलेज विशुनगढ़ में चल रहे समर कैंप में शिक्षक अनुज द्विवेदी ने तंबाकू निषेध पर छात्र-छात्राओं को शपथ दिलाई। शिक्षक विनीत पाल ने बच्चों को काल्पनिक कहानियों और कल्पनाशील डायरी लेखन के बारे में बताया।

प्रधानाचार्य श्याम किशोर त्रिपाठी के निर्देशन मं बच्चों ने हिंदी वृक्ष का निर्माण करने की गतिविधि प्रदर्शित की। जिला समन्वयक समग्र शिक्षा अजय कुमार ने समर कैंप का निरीक्षण किया। साथ ही बच्चों को सम्मानित किया। विद्यार्थियों ने भी डीसी का स्वागत किया। इसी तरह राजकीय इंटर कॉलेज, उमर्दा में छात्र-छात्राओं ने खुद से साक्षात्कार किया। सबसे ज्यादा आनंदित करने वाली घटना, प्रतिदिन कुछ नया सीखना, नई जानकारी को एकत्र करना, ज्ञान का अर्जन परिमार्जन, कोई चिंता और भारी भावनाएं व अग्रिम दिन की योजना पर बात रखी गई। इन गतिविधियों से बच्चों ने स्वयं को अभिव्यक्त करना और उनका संप्रेषण करना सीखा। इस अवसर पर प्रधानाचार्य एनके गुप्ता, वरिष्ठ शिक्षक अनिल कुशवाहा, अंजेश दीक्षित ने बच्चों को स्वल्पाहार वितरित किया।




श्यामलाल खंडेलवाल इंटर कॉलेज विशुनगढ़ में सम्मानित होने के बाद डीसी अजय कुमार के साथ खड़े विद्यार्थी व शिक्षक। अमृत विचार

## विधायक से लगाई इंदिरा आवास दिलाने की गुहार

**छिबरामऊ।** इंदिरा आवास कॉलोनी की सूची में नाम आने के बाद क्वार्टर में रह रहे व्यक्ति को निकाल दिया गया। उसके स्थान पर दूसरे को दे दिया गया। पीड़ित ने विधायक अर्चना पांडेय से इंदिरा आवास दिलाए जाने की गुहार लगाई है।

इंदिरा आवास कॉलोनी निवासी संजय कुमार पुत्र बांकेलाल ने बताया कि उन्होंने 15 हजार रुपये नगर पालिका में जमा किए थे। सूची में नाम आने के बाद उन्हें कॉलोनी का क्वार्टर नंबर जे 1 मिला था। कुछ समय बाद नगर पालिका द्वारा उस क्वार्टर को उनसे खाली करा लिया गया और किसी और को दे दिया गया। इसके बाद पीड़ित अपनी पुत्री के साथ इंदिरा आवास कॉलोनी के एक क्वार्टर में किराए पर रहकर जीवनयापन कर रहा है।

**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता**
विद्युत वितरण मण्डल,
दक्षिणांचल विद्युत वितरण नि0 लि0
कन्नौज (उ0प्र0)
CIN: U31200UP2003SGC027460
Email: se.kannauj@dvvnl.org

**प्रेस विज्ञप्ति**

मा0 उ0प्र0 विद्युत नियामक आयोग, लखनऊ द्वारा निर्गत उपभोक्ता व्यथा निवारण फोरम नियमावली–2022 के अनुपालन में दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम लि0, आगरा के अधीन कार्यालय विद्युत वितरण मण्डल कन्नौज में उपभोक्ता व्यथा निवारण फोरम में रिक्त पद को भरने के लिए स्वतंत्र सदस्य हेतु निम्नानुसार आवेदन आमंत्रित की जाती है ।

**आयोग द्वारा नामित किया जाने वाला एक स्वतंत्र सदस्य**

**योग्यतायें–**
- मंडल क्षेत्र का उपभोक्ता जो कम से कम स्नातक हो ।
- उम्र 65 वर्ष से कम होनी चाहिए ।
- एक ऐसा व्यक्ति होगा, जो सिविल सेवा में हो अथवा रहा हो जो कि एडीएम के पद से नीचे ना हो ।
- मौजूदा श्रेणी के तहत पिछले तीन वर्षो से लगातार उपभोक्ता रहा हो, अच्छा पूर्ववृत्त होना चाहिए और जिस पर कोई विद्युत बिल बकाया न हो ।

"राष्ट्रहित में बिजली बचायें"

पत्रांकः– 1179 /वि0वि0मं0(क0)/2025–26/ई0–3/विज्ञापन
दिनांक– 30.05.2025

(अभिषेक सिंह)
अधीक्षण अभियन्ता

समर कैंप | हीरालाल वीएन इंटर कालेज में चल रहे समर कैंप में दी जानकारी

# बच्चों को कल्पनाशील डायरी लेखन सिखाया

संवाददाता,छिबरामऊ

**अमृत विचार।** हीरालाल वी एन इंटर कॉलेज में चल रहे समर कैंप में सर्वप्रथम योग व्यायाम कराया गया। साथ ही विद्यालय के अवकाश प्राप्त हिंदी शिक्षक एवं विख्यात कवि श्याम किशोर दुबे ने बच्चों को कहानियों और कल्पनाशील डायरी लेखन के बारे में बताया।

उन्होंने बताया कि कुछ कहानियां वास्तविक घटना से प्रेरित होकर लिखी जाती हैं, तो कुछ कल्पनाओं पर आधारित होती है। उन्होंने बताया कि 'उसने कहा था' कहानी चंद्रधर शर्मा 'गुलेरी' द्वारा लिखित एक प्रसिद्ध रचना है, जिसमें प्रेम, त्याग और कर्तवनिष्ठा का सम्मिश्रण दर्शाया गया है। कहानी एक बहुत प्राचीन विधा है जोकि देश, काल परिस्थिति के परिप्रेक्ष्य में लिखी जाती हैं।

उन्होंने फिल्मों की कहानी और उनकी पटकथा का उदाहरण लेकर बच्चों को समझाया। नीरज मैडम के निर्देशन में बच्चों द्वारा एक गतिविधि के माध्यम से हिंदी की विभिन्न बोलियों को प्रदर्शित किया गया। जिला समन्वयक समग्र शिक्षा अजय कुमार ने विभिन्न गतिविधियों का निरीक्षण किया। कैंप प्रभारी मेजर संदीप कुमार माधव ने अगले दिन के कार्यक्रमों के बारे बताया, जिसमें आज बच्चों के बीच कबड्डी एवं वॉलीबॉल मैच कराए जाएंगे। प्रधानाचार्य राधा वल्लभ मिश्र , नारायण गुप्ता, स्काउट मास्टर सत्य पाल सिंह, श्याम सिंह यादव एवं वेदिका सहित 102 बच्चे मौजूद रहे।




समर कैंप में शामिल छात्र-छात्राएं व स्टाफ। अमृत विचार

# खुरदइया नहीं पहुंचे मंत्री असीम, फिर होगी जांच

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

● करीब 7 महीने से ठप पड़ा है आंगनबाड़ी केंद्र का निर्माण कार्य

**अमृत विचार।** समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के महत खुरदइया गांव नहीं पहुंच सके। उनको आंगनबाड़ी भवन के निर्माण की जांच के मामले में पहुंचना था।

ब्लॉक सदर क्षेत्र की ग्राम पंचायत टिड़ियापुर के मजरा खुरदइया में प्राथमिक स्कूल परिसर के पिछले हिस्से में खाली पड़ी जमीन पर आंगनबाड़ी केंद्र का निर्माण कार्य होना है। इसके लिए अक्टूबर 2024 में 5 लाख 59 हजार 318 रुपये निकाला गया था। ब्लॉक प्रमुख रामू कठेरिया ने 27 अक्टूबर 2024 को कोतवाली सदर में तत्कालीन बीडीओ अमित सिंह, आरईडी जेई संतोष कुमार व लेखाकार योगेश शुक्ल के खिलाफ गबन की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोप है कि तीनों आरोपियों ने रुपये निकाल लिए लेकिन निर्माण कार्य नहीं हुआ। करीब 12 लाख रुपये की लागत से आंगनबाड़ी केंद्र के भवन के निर्माण कार्य होना है। 7 महीने से अधिक समय गुजर गया है लेकिन कार्य ठप पड़ा है। इस बाबत प्रधान कप्तान सिंह चौहान ने बताया कि 31 मई को पाल चौराहा पर अहिल्या बाई होल्कर का बड़ा कार्यक्रम था जिसमें जनप्रतिनिधि व्यस्त रहे। मंत्री के अगले दौरे पर आने के दौरान जांच होगी।

**अमृत विचार** एक सम्पूर्ण अखबार
**क्लासीफाइड**

**सूचना**
सूच्य हो कि आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस लिमिटेड में पॉलिसी संख्या 13071261 में मेरा नाम YOGESH KUMAR YADAV S/O SHIV PRAKASH लिखा हुआ है। जबकि अन्य अभिलेखों में YOGESH S/O SHIV PRASAD लिखा है। यह दोनों मेरे एक ही व्यक्ति के नाम है और मुझे दोनों नाम से जाना पहचाना और समझा जाता है। YOGESH S/O SHIV PRASAD R/O LALAU KHEDA, DEEH, UNNAO, UP- 209801

**सूचना**
मैंने अपना नाम धर्मेश कालड़ा पुत्र श्याम सुंदर से बदलकर राधव कुमार पुत्र श्याम सुंदर कर लिया है। भविष्य में मुझे राधव कुमार के नाम से ही जाना और पहचाना जाए। **राधव कुमार पुत्र श्याम सुंदर निवासी 5 ई–40 बी.पी. थर्ड फ्लोर सूर्या हॉस्पिटल के पास फरीदाबाद हरियाणा।**

**सूचना**
सूचित हो कि कुन्दन पुत्र बुधई के छह बेटे हैं। जिसमें पुत्र लक्ष्मन और बहू शकुंतला परिवार के लोगों को प्रताड़ित कर रहे हैं। साथ ही परिवार के काम में कोई सहयोग नहीं कर रहे हैं। लक्ष्मन और शकुंतला का चाल चलन भी ठीक नहीं है। जिसके चलते बेटे व बहू को अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। अब दोनों के द्वारा किए गए कृत्य का वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। परिवार के लोगों से कोई लेना देना नहीं है। **कुन्दन पुत्र बुधई निवासी ग्राम तप्पेसिपाह मथुरापुरवा थाना जरवल रोड बहराइच।**

**सूचना**
मेरी पुत्री के आधार कार्ड में त्रुटिवश Versh Trivedi (वर्षा त्रिवेदी) नाम दर्ज हो गया था। जबकि सही नाम varsha (वर्षा) हैं जोकि अन्य सभी अभिलेखों में दर्ज है। भविष्य में उसे इसी नाम से जाना व पहचाना जाय। **विवेक कुमार त्रिवेदी निवासी – ग्रा. एकडला, विजुआमऊ पो. लालपुर कमलापुर सीतापुर**

नारायना हॉस्पिटल (इकाई नारायना मेडिकल कॉलेज) गंगागंज, पनकी कानपुर
सुपर स्पेशियालिटी - 1050 बेड सुसज्जित अस्पताल
अत्याधुनिक मशीनों द्वारा सुसज्जित एवं अनुभवी चिकित्सकों के द्वारा परामर्श की सुविधा उपलब्ध है।
यह योजना प्रथम दो हजार मरीज़ों के लिए मान्य होगी। जल्द ही रजिस्ट्रेशन सुनिश्चित करें।
निःशुल्क ऑपरेशन शिविर
20 मई 2025 से 15 जून 2025 तक
● आँखों का ऑपरेशन (सफेद और काला मोतियाबिंद)
● डिलीवरी (नॉर्मल एवं ऑपरेशन विधि द्वारा)
● पित्त की थैली का ऑपरेशन (ओपेन एवं दूरबीन विधि द्वारा)
● नाक, कान एवं गला (कान के पर्दे का ऑपरेशन, टेढ़ी नाक, टॉन्सिल्स)
● हड्डी का उपचार एवं सभी प्रकार के ऑपरेशन निःशुल्क
जनरल मेडिसिन विभाग | चर्म रोग विभाग | नेत्र रोग विभाग | दाँत रोग विभाग | मानसिक रोग विभाग | जनरल सर्जरी विभाग
स्त्री रोग विभाग | हड्डी एवं जोड़ रोग विभाग | टी. बी. चेस्ट विभाग | नाक, कान व गला विभाग | नवजात शिशु व बाल रोग विभाग
खून की जाँचों पर 65 प्रतिशत तक की छूट, सिर्फ दवाई, इम्प्लान्ट और जाँचों पर इलाज पायें। अन्य कोई चार्ज नहीं।
24 घंटे इमरजेन्सी एवं एम्बुलेन्स की सुविधा उपलब्ध
Mob.:7800007704, 7800007705, 9918601150
www.narainamedicalcollege.com
Email: nhrc@narainagroup.net

## आज का मौसम

सोमवार को बादल छाए रहने की संभावना है। कहीं-कहीं तेज हवा के साथ बूंदाबांदी के भी आसार हैं।

| 38.0° अधिकतम तापमान | 28.0° न्यूनतम तापमान |
|---|---|
| सूर्योदय 05 : 16 | सूर्यास्त 06 : 57 |

अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS • MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999

# भ्रष्टाचार साबित लेकिन कार्रवाई में मंत्री-डीएम को भी दिखाया ठेंगा

## शिकायतकर्ता ने लगाया प्रधान, सचिव व जेई को बचाने का आरोप, दिसंबर 2024 में हुई थी जांच

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** कोई कितना भी भ्रष्टाचार करे लेकिन अफसर जब अपने पर आ जाते हैं तो आरोपियों को बचा ही ले जाते हैं। फिर क्यूं न कार्रवाई के लिए मंत्री व डीएम ही चिट्ठी लिखते रहे हों।

मामला ब्लॉक उमर्दा क्षेत्र की ग्राम पंचायत बलनापुर का है। प्रधान जिम्पी राठौर व ग्राम पंचायत सचिव पर अनियमितताओं का आरोप लगाकर ग्रामीण सत्यराम, तेजराम, रामरतन समेत कई लोगों ने शिकायत की थी। तत्कालीन डीएम शुभ्रान्त शुक्ल ने जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी अनुपम राय व आरईडी जेई संतोष कुमार को प्रकरण की जांच सौंपी। टीम ने 17 दिसंबर 2024 को ब्लॉक उमर्दा क्षेत्र की ग्राम पंचायत बलनापुर में विकास कार्यों की जांच की। ग्राम पंचायत में बलनापुर, गयादीनपुर्वा, अलीपुराना (अलियापुर) व सैयदनपुर्वा मजरे शामिल हैं। शिकायतकर्ता तेजराम का आरोप है कि जांच रिपोर्ट में लाखों रुपये की गड़बड़ी की पुष्टि हो चुकी है। रिपोर्ट जिला पंचायती राज विभाग में पहुंच चुकी है लेकिन अब तक प्रधान, सचिव व जेई पर कार्रवाई नहीं हो रही है। तेजराम का कहना है कि पंचायती राज कार्यालय के अधिकारी व कर्मी गड़बड़ी करने वालों से मिले हैं, जिस वजह से मामला ठंडे बस्ते में है।

### इस तरह चला का खेल...

शिकायतकर्ताओं ने 10 सितंबर 2024 को बलनापुर ग्राम पंचायत की जांच कराने की मांग रखी। करीब 3 महीने बाद मामले की जांच हुई। उसके 3 महीने बाद शिकायतकर्ता को जांच रिपोर्ट दी गई। 20 मार्च को तेजराम ने एडीएम को पत्र देकर कहा कि जांच में अनियमितताओं की पुष्टि हुई लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। 2 अप्रैल को मंत्री असीम अरुण से भी कार्रवाई की फरियाद लगाई गई। उसके बाद उन्होंने डीएम को चिट्ठी लिखी और कहा कि अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। 5 अप्रैल को तत्कालीन डीएम शुभ्रान्त शुक्ल ने फिर से सीडीओ को पत्र लिखा और 7 दिनों में आख्या मांगी। आईजीआरएस में 5 अप्रैल को डीपीआरओ राजेंद प्रकाश में निस्तारण किया कि रिपोर्ट मिल गई है परीक्षण के बाद कार्रवाई होगी।

## हैंडपंपों के नाम पर लाखों रुपये निकाले, मौके पर मिले खराब

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

● घर के अंदर सरकारी बोरिंग में लगा लिए निजी सबमर्सिबल

**अमृत विचार।** विकास खंड उमर्दा इलाके की ग्राम पंचायत बलनापुर में विकास कार्यों की जांच रिपोर्ट के मुताबिक ग्रामीण सुघर सिंह के दरवाजे के सामने लगा इंडिया मार्का हैंडपंप बंद मिला। 3 फरवरी 2023 को रिबोर की स्वीकृत हुई थी। 42,064 रुपये का भुगतान हुआ लेकिन हैंडपंप रिबोर नहीं हुआ। ओमकार के दरवाजे पर उनके घर के अंदर हैंडपंप की बोरिंग कराई गई लेकिन उसमें निजी सबमर्सिबल लगा मिला। इसका रिबोर भी 3 फरवरी को स्वीकृत होना बताया गया जिसमें 42,064 रुपये खर्च किए गए।

शेरसिंह निवासी गयादीनपुर्वा के दरवाजे निकट लगा हैंडपंप क्रियाशील नहीं मिला जबकि 42,506 रुपये खर्च कर दिए गए। अलीपुर्वा निवासी मुनीश खान के दरवाजे पर लगे हैंडपंप बोरी से ढका मिला मशीन गायब थी। 20 फरवरी 2023 को रिबोर हुआ और 41,950 रुपये का भुगतान किया पर बोरिंग का प्रमाण नहीं मिला। सुभाष यादव के घर के सामने लगे हैंडपंप का रिबोर 7 फरवरी 2023 को होना बताया गया जो संचालित मिला। इस पर 42,064 रुपये खर्च हुए। संतोष यादव के घर के सामने हैंडपंप क्रियाशील नहीं मिला जो 6 फरवरी 2023 को स्वीकृत था और 42,064 रुपये खर्च हो गए। इसी तरह अलीपुर अहाना में पप्पू, गयादीनपुर्वा में प्रेमचंद्र के घर के निकट हैंडपंप खराब मिले पर रिबोर का करीब 85 हजार रुपये निकाल लिया गया। प्राथमिक स्कूल अलीपुर अहाना में हैंडपंप जर्जर मिला पर क्रियाशील था। स्कूल की चहारदीवारी एक तरफ टूटी मिली।

## जबरिया निर्माण के विरोध पर दंपति से मारपीट, आठ पर रिपोर्ट

**तिर्वा, कन्नौज।** एसडीएम कोर्ट से आदेश के बाद जबरिया निर्माण करने का विरोध करने पर आठ लोगों ने दंपति को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

थाना इंदरगढ़ के सहियापुर गांव निवासी प्रमोद पुत्र तुलसीराम ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि उसके दो बीघा खेत पर एसडीएम न्यायालय में वाद चल रहा था। एसडीएम कोर्ट से आदेश उसके पक्ष में किया गया था। इसके बाद भी विपक्षी शिव सिंह, राजेंद्र सिंह, रूपसिंह, नरेंद्र, अजीत, सचिन, लक्ष्मी, निर्मला उसके खेत की मेड़ पर जबरन निर्माण करने लगे। उसके पिता ने जब मौके पर पहुंच कर एसडीएम न्यायालय के आदेश का हवाला दिया तो उक्त लोग पिता साथ मारपीट करने लगे। उसी दौरान पहुंची उसकी माता को भी मारपीट कर घायल कर दिया।

### कन्नौज पुलिस ने 13 वारंटी समेत 14 पकड़े

**कन्नौज।** जनपद पुलिस ने 13 वारंटी समेत 14 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चले धरपकड़ अभियान में थाना तिर्वा पुलिस ने 04, थाना सौरिख पुलिस ने 03, कोतवाली कन्नौज पुलिस ने 04, थाना इंदरगढ़ पुलिस ने 01 और गुरसहायगंज पुलिस ने 02 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है।

## जिलाध्यक्ष के एलान से समाजवादी पार्टी में भूचाल

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

● गत दिनों प्रदर्शन के दौरान अरविंद यादव को घोषित कर दिया छिबरामऊ से प्रत्याशी
● कमालगंज के पूर्व विधायक ताहिर हुसैन भी माने जा रहे दावेदार

**अमृत विचार।** समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष ने पिछले दिनों खुद ही छिबरामऊ विधानसभा से पूर्व विधायक अरविंद सिंह यादव के नाम की घोषणा कर डाली। इसके बाद से जिले के संगठन में मानो भूचाल आ गया है। और जो लोग उम्मीदवारी की आस में हैं उनके खेमे में तो खासी खलबली मच गई है।

बताते चलें कि अगला विधानसभा चुनाव 2027 में होना है जिसको लेकर भारतीय जनता पार्टी की तरफ से तैयारी तेज करने के साथ तानाबाना बुना जाने लगा है। इधर, चूंकि कन्नौज के सांसद अखिलेश यादव स्वयं सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं तो फिर यहां की तीनों विधानसभाओं से जिताऊ प्रत्याशी चयन भी बड़ी चुनौती है। इधर सपा की तरफ से भी बैठकें कर चुनाव की तैयारी की जा रही है। इसी क्रम में पिछले दिनों ठठिया कस्बे में निर्माणाधीन इत्र पार्क में पार्टी मांगों को लेकर धरना दिया था। इसी दौरान जिलाध्यक्ष कलीम खां ने संबोधन के दौरान पूर्व विधायक छिबरामऊ अरविंद सिंह यादव को आगामी चुनाव में प्रत्याशी घोषित कर दिया। इस पर पूर्व विधायक ने उन्हें धन्यवाद भी ज्ञापित कर दिया। अचानक हुई इस घोषणा से संगठन में अन्य दावेदारों के समर्थक आपस में ही बंटते नजर आ रहे हैं।

बताते चलें कि गुरसहायगंज निवासी पूर्व विधायक ताहिर हुसैन सिद्दीकी पिछले बार सपा से टिकट से मांग रहे थे लेकिन तब पार्टी ने अरविंद को उम्मीदवार बना दिया था। ये बात अलग है कि वे भाजपा की अर्चना पांडेय से हार गए। पता चला है कि इस बार फिर से ताहिर हुसैन सपा से चुनाव लड़ने की तैयारी में हैं। उधर जिलाध्यक्ष की घोषणा से समर्थकों में रोष पनप गया है जो सोशल मीडिया के माध्यम से निकल रहा है। ताहिर इससे पहले फर्रुखाबाद के कमालगंज सीट से विधायक रहे थे। इसके बाद सपा में आ गए तो 2022 के विधानसभा चुनाव में उन्हें छिबरामऊ से टिकट की उम्मीद थी लेकिन टिकट कट गया था। इसके बाद लोकसभा चुनाव में नामांकन को पहुंचे अखिलेश यादव की ताहिर हुसैन से बातचीत हुई। तबसे ये माना जा रहा है कि पार्टी 2027 के विधानसभा चुनाव में उनको मौका दे सकती है। इधर सपा जिलाध्यक्ष की घोषणा के बाद असमंजस के साथ चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है।

## एक नजर

### महिला सिलाई कढ़ाई केंद्र में मनाई जयंती

**कन्नौज।** भारत विकास परिषद की ओर से मोहल्ला बुधवारी में संचालित महिला सिलाई कढ़ाई केंद्र में रानी अहिल्याबाई होलकर की जयंती पर कार्यक्रम हुआ। अध्यक्ष आशुतोष दुबे ने दीप प्रज्जवलन किया। प्रांतीय वित्त सचिव निशंक जैन ने राजमाता के जीवन पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर सचिव शिरिष गुप्ता, कोषाध्यक्ष राजेश चंद्र गुप्ता, जिला समन्वयक राकेश दुबे, शाखा गतिविधि संयोजक (सेवा) विनय बाथम, शाखा गतिविधि संयोजक (महिला) दीप्ति शर्मा, शाखा गतिविधि संयोजक (संपर्क) सौरभ पाठक, शाखा जनसंपर्क प्रभारी नलिन मिश्रा, महिला सिलाई कढ़ाई केंद्र संचालक उमा बघेल, प्रांतीय गतिविधि संयोजक (पर्यावरण) रविंद्र सैनी मौजूद रहे।

### पैमाइश करने गई महिला लेखपाल के साथ अभद्रता

**तिर्वा, कन्नौज।** खाद के गड्ढों के सीमाकंन के दौरान दो महिलाओं समेत तीन लोगों ने महिला लेखपाल के साथ अभद्रता की। मामले में पीड़ित लेखपाल की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। तहसील क्षेत्र के कलसान गांव में तैनात लेखपाल रूबी सिंह ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि भौरामऊ गांव निवासी सत्यप्रकाश पुत्र सरमनलाल ने 28 मई को शिकायत की थी कि खाद के गड्ढों का सीमाकंन कराया जाए। इसकी शिकायत पर वह राजस्व निरीक्षक के साथ क्षेत्र पहुंची। खाद के गड्ढों का सीमांकन करने के लिए जैसे ही जरीब डाली वैसे ही भौरामऊ गांव निवासी रीता पत्नी आनंद, पल्लवी पुत्री आनंद व आनंद पुत्र राजेंद्र गालीगलौज करते हुए मारपीट पर आमादा हो गए और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

## कुत्ते दो दिन तक नोचते रहे गोवंश का शव

**छिबरामऊ, कन्नौज।** सरकार द्वारा करोड़ों रुपये खर्च करने के बावजूद गौशालाओं के हालात बद से बदतर होते जा रहे हैं। भूख प्यास तथा गंदगी की बीमार कर देने वाली दुर्गंध से तड़प तड़प कर मर रहे गोवंशों को खुले में फेंक दिया जाता हैं।

ऐसा ही एक मामला ग्राम प्रेमपुर क्षेत्र में देखने को मिला जहां दो दिन तक एक गौवंश का शव पड़ा रहा और उसे कुत्ते नोचते रहे। शुक्रवार को लोगों ने गौशाला के निकट एक गाय को मृत अवस्था में पड़ा देखा, जिसको लेकर ग्रामीणों ने नाराजगी जताई। ग्रामीणों ने कहा कि यह गाय तकरीबन दो-तीन दिन से यहां पर मरी पड़ी है।

खेतों पर जाते समय शव सड़ने से दुर्गंध उठती है और आवारा कुत्ते उसे नोच रहे थे। इस मामले में प्रेमपुर ग्राम प्रधान पुष्पेंद्र कुमार का कहना है कि उन्हें इसकी जानकारी नहीं थी। वहीं बीडीओ दीपांकर आर्य ने बताया कि प्रेमपुर की गौशाला अभी शुरू नहीं हुई है। यह गाय कही बाहर से आई होगी।

# बहाने से दोस्त को ले गया युवक, बुरी तरह पीटा

कार्यालय संवाददाता कन्नौज



सीसीटीवी में कैद हुई होटल से मारपीट कर ले जाने की घटना। अमृत विचार

▸▸ बोलेरो से ले जाते समय परिजनों ने किसी तरह से बचाया
▸▸ पुलिस ने रात भर थाने में बैठा किया शांतिभंग में चालान
▸▸ एसपी से शिकायत के बाद मामले में कड़ी कार्रवाई के निर्देश

**अमृत विचार।** दोस्त ने खाना खाने के लिए ले जाने के बहाने से युवक का अपहरण कर लिया। काफी देर तक न लौटने पर पिता आदि परिजनों ने तलाश की तो उसे गांव की ही एक गाड़ी में वह लहूलुहान हालत में मिला।

मलिकापुर निवासी धर्मपाल प्रजापति ने एसपी विनोद कुमार को दिए शिकायती पत्र में कहा कि 25 मई की शाम पांच बजे उसके पुत्र आकाश (20) का दोस्त अमन कटियार पुत्र राकेश कटियार घर आया और उसे कन्नौज में होटल में खाना खिलाने के बहाने से साथ ले गया। काफी देर तक पुत्र नहीं लौटा तो वह उसे बाईपास व सरायमीरा के संभावित स्थानों पर खोजने लगा। तभी उसे गांव के ही रोहित कटियार पुत्र दरगाहीलाल की बोलेरो कार पाल चौराहे की तरफ जाते दिखाई दी। शक होने पर उसका पीछा करने लगा और तब देखा गाड़ी रोहित ही चला रहा था जबकि अमन का पिता राकेश आगे की सीट पर बैठा था। कार में विमलेश पुत्र रामतीर्थ, अमित कुमार पुत्र राकेश भी सवार थे। गाड़ी पाल चौराहे से मुड़कर मंडी समिति होते हुए कन्नौज की तरफ जाने लगी। तब तक उशके भाई चंद्रपाल, सूरजपाल पुत्र श्रीप्रकाश व संजीव पुत्र पेशकार भी आ गए। राहगीरों की मदद से रात करीब साढ़े नौ बजे ईंट-पत्थर फेंकने का भय दिखाकर किसी तरह से गाड़ी को पुलिस लाइन मोड़ पर रोक लिया। तब देखा कि पुत्र आकाश खून से लथपथ अवस्था में कार की बीच वाली सीट में दबा है और गाड़ी में लोहे की राड, कुल्हाड़ी व डंडे भी रखे थे। इस पर पास से गुजर रहे पुलिस कर्मियों को सारी बात बताई और मदद मांगी। पुलिस कर्मी वाहन समेत सभी को कन्नौज कोतवाली ले आए और रात भर थाने में बैठाने के बाद आरोपियों का शांतिभंग में चालान कर दिया। पुत्र की हालत गंभीर होने से पुलिस ने उसका मेडिकल कराया। इलाज के बाद पुत्र घर आया तो उसने बताया कि अमन व उसके परिवार वालों ने योजनाबद्ध तरीके से उसे न्यू कन्नौज बाबा ढाबा में खाना खाते हुए पकड़ लिया और गालियां देते हुए पुरी तरह से मारते पीटते कार में डाल लिया। ये लोग आपस में बात कर रहे थे कि इसके घर वालों ने हमें 376 के मुकदमे में फंसाया था। मुकदमे में जितना खर्च हुआ इसी से वसूल करेंगे और घर वालों से 10 लाख रुपया भी वसूल करेंगे। न देने पर गंगा की कटरी मे ले जाकर काटकर शमशान में दफन कर देंगे किसी को कुछ पता नहीं चलेगा। इस पर पीड़ित ने थाने पर जाकर घटना की सूचना दी लेकिन पुलिस ने असल वाकया पर कोई मुकदमा दर्ज नहीं किया। पीड़ित की तरफ से घटना वाले दिन के सीसीटीवी फुटेज व वीडियो भी उपलब्ध कराकर असल घटना की रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की मांग की गई।एसपी ने बड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

## सार-संक्षेप



शहर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में मौजूद डॉक्टर व पैरामेडिकल स्टाफ।

### मुख्यमंत्री आरोग्य मेला में 2810 मरीजों को लाभ

**कन्नौज।** जिले के समस्त 33 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं तीन नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। इस दौरान कुल 2810 मरीजों का इलाज किया गया। आयुष्मान योजना के तहत 178 गोल्डन कार्ड बनाकर बांटे गए। स्वास्थ्य मेरे में निशुल्क जांच, इलाज, बच्चों व गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण परिवार कल्याण, हैपेटाइटिस बी एवं सी कार्ड टेस्ट, टीबी संभावित रोगियों की जांच, नेत्र रोगियों का परीक्षण आदि सेवाएं भी दी गईं। इस दौरान नोडल अधिकारी आरोग्य स्वास्थ्य मेला उप मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. जितेंद्र कुमार तथा अन्य डिप्टी सीएमओ ने स्वास्थ्य केंद्रों का भ्रमण कर इलाज की व्यवस्था जांची।

### दो पक्षों के बीच मारपीट में एक तरफ से पांच घायल

**तिर्वा।** दो पक्षों के बीच जमकर लाठी डंडे चले। इसमें एक ही परिवार के पांच लोग घायल हो गए। सभी को मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया। कोतवाली के सगरा गांव में रंजिश को लेकर हुई दो पक्षो के बीच मारपीट में गांव निवासी अंसू पत्नी सोनेलाल, गीतांजलि पुत्री सोनेलाल, राजेश्वरी पत्नी घुरईलाल, सोनेलाल पुत्र घुरईलाल व घुरईलाल घायल हो गए जिन्हे मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया। पुलिस ने कहा तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

**उमस कर रही बेहाल** | नियमित पांच से 10 मरीज इमरजेंसी में हो रहे भर्ती

# जिला अस्पताल में उल्टी दस्त के बढ़े मरीज

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** तेज धूप से नौतपा का असर जिला अस्पताल की इमरजेंसी में दिखाई देने लगा है। यहां उल्टी दस्त के मरीजों का आना शुरू हो गया है। उपचार के बाद डाक्टर मरीजों को धूप में बाहर न नकलने की सलाह दे रहे हैं।

इन दिनों तेज धूप के चलते मुख्य मार्गों पर दोपहर के समय सन्नाटा पसर जाता है। वही लोग निकल रहे जिन्हें जरूरी काम है। तीन दिन से जिला अस्पताल की इमरजेंसी में उल्टी दस्त के मरीजों की भीड़ लगने लगी है। कुछ भर्ती हो रहे को कुछ ओपीडी में उपचार ले रहे हैं।



जिला अस्पताल की इमरजेंसी में भर्ती उल्टी दस्त के मरीज। अमृत विचार

इमरजेंसी में मरीजों को भर्ती किया जा रहा है। इस का मुख्य कारण तेज धूप का होना बताया जा रहा है। यही नहीं जो मरीज उल्टी दस्त से निजात पाने के बाद छुट्टी करा कर घर जाते हैं तो डाक्टर उनको सलाह देते हैं कि क्या खाना है क्या पीना है। सीएमएस डॉ. शक्ति बसु का कहना है कि नौतपा के चलते सूरज आग उगल रहा है। इस दौरान लोगों को चाहिये कि वह घर से न निकलें। यदि जरुरी हो तो फुल कपड़े पहन कर और पानी पीकर या साथ में पानी को बोतल लेकर ही निकलें। अधिक समय तक धूप में न रहें। प्यास लगने पर तत्काल पानी पियें। सीकंजी का प्रयोग कर सकते हैं। ताजा भोजन करें। अधिक मात्रा में भोजन करने से परहेज करें। जी मिचलाने या उल्टी दस्त होने पर तत्काल डाक्टर को दिखा कर उपचार लें। इलेक्ट्राल या ओआरएस का घोल ले सकते हैं। नीबू पानी का अधिक मात्रा में प्रयोग करते रहे। बच्चों को तो धूप से पूरी तरह से बचा कर रखें। उनको दिक्कत होने पर तत्काल डाक्टर के पास ले कर जायें।

## युवक को चार लोगों ने तमंचा तान धमकाया

**तिर्वा, कन्नौज।** रंजिश को लेकर चार लोगों ने युवक का रास्ता रोककर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। थाना ठठिया के रतनापुर सरैया गांव निवासी उमेश पुत्र लज्जाराम ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि वह 30 मई की शाम को खेत देखने जा रहा था। बसोरा गांव के पास पहुंचा तो गांव निवासी शिटू, विकास पुत्रगण रामकेवल, राजेन्द्र पुत्र छग्गेलाल, वीरसिंह पुत्र राजेंद्र ने पुरानी रंजिश कारण उसका रास्ता रोककर गाली गलौज शुरू कर दिया। जब उसने विरोध किया तो तमंचा लगाकर जान से मारने की धमकी दी। पीडित की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# पांच चौराहे हुए एचडी कैमरों से लैस

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

● शक्तिशाली कैमरे प्रत्येक निकास-प्रवेश मार्ग पर रखेंगे नजर
● एसपी बोले-कोई भी अपराधी पुलिस की नजर से नहीं बचेगा होगी कड़ी कार्रवाई

**अमृत विचार।** जिले की सीमा से जुड़ने वाले शहर के पांच चौराहे 20 शक्तिशाली एचटी कैमरों से लैस किए जा रहे हैं। ये पांच चौराहे वे हैं जिससे शहर में प्रवेश और निकास होता है। इन पर पुलिस की तरफ से सतत निगरानी की व्यवस्था बनाई जा रही है जिससे कोई भी अपराधी अपराध करके भागे या शहर में आए तो भी पकड़ में आ जाए। शहर के पांच चौराहों पर कैमरे लग जाने से उम्मीद जताई जा रही है कि अपराध पर काफी हद तक अंकुश लगाया जा सकेगा।

पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने बताया कि प्रत्येक इंट्री व एक्जिट प्वाइंट पर चार-चार कैमरे इंस्टाल किए गए हैं। ये जल्द ही कार्यरूप में आ जाएंगे। इनका उद्देश्य है कि कोई भी व्यक्ति अपराध करके शहर में प्रवेश करता या बाहर जाता है तो भी पुलिस उसे आसानी से ट्रेस कर सकेगी। इन कैमरों की खासियत यह है कि यह संबंधित वाहन की नंबर प्लेट के साथ ही उसका चेहरा, कपड़े और यहां तक कि उसके हाथ में क्या है या क्या पहना है वह भी साफ रिकार्ड हो जाएगा। इन कैमरों के माध्यम से यातायात नियम उल्लंघन करने वालों पर भी ऑनलाइन कार्रवाई की जा सकेगी। एसपी ने बताया कि अभी कुछ कैमरे संचालित हो गए हैं जबकि शेष चालू होने बाकी हैं। जल्द ही ये काम करने लगेंगे तो पुलिस की निगरानी और बढ़ जाएगी। यहां याद दिला दें कि करीब दो साल पहले दूरदृष्टि परियोजना के तहत जिलों के प्रत्येक चौराहों-तिराहों के साथ प्रमुख स्थानों पर पुलिस की तरफ से जनसहयोग से कैमरे लगवाने का काम शुरू किया गया था। इसका असर यह रहा कि पुलिस को कई आपराधिक मामले खोलने में सफलता हाथ लगी थी। शहर में 2023 में पड़ी लाखों की डकैती भी पुलिस ने कैमरों के फुटेज खंगालते हुए ही खोली और गिरफ्तारी की थी।

### इन चौराहों पर हुई व्यवस्था

जलालपुर पनवारा, मंडी चौराहा, गोलकुआं, पुलिस लाइन मोड़ और पाल चौराहा।

# कुंडी तोड़कर सराफे की दुकान से लाखों के जेवरात किए पार

## नगर के मुख्य मार्ग पर स्थित बिस्मिल्लाह ज्वैलर्स की दुकान से चोरी हुई

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** नगर के मुख्य मार्ग पर स्थित बिस्मिल्लाह ज्वैलर्स की दुकान की छत के नीचे की कुंडी तोड़कर चोर बीती रात लाखों रुपये के कीमती जेवरात व नकदी चुरा कर ले गए।

थाना कमालगंज क्षेत्र के ग्राम नगला दाउद सरैया निवासी सर्राफ आफताब खान ने पुलिस को तहरीर देकर अवगत कराया कि चोर दुकान की छत के जीने की कुंडी तोड़कर अंदर घुस गए और दुकान की केबिन का लॉक तोड़कर उसमें रखे ढाई किलो वजन की चांदी के जेवरात, 500 ग्राम पुरानी चांदी तथा सीमेंट दुकान की गोलक खोलकर उसमें रखें 4600 रुपये भी निकाल ले गए।

जानकारी मिलने पर सीओ अजय वर्मा थाना अध्यक्ष इंस्पेक्टर राजीव कुमार एसओजी प्रभारी सचिन कुमार एवं फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंच गई और फॉरेंसिक टीम ने चोरों की उंगलियों के निशान के नमूने भी लिए हैं । दुकान के पीछे आम का पेड़ खड़ा है पुलिस को आशंका है कि चोरों ने पेड़ पर चढ़कर ही घटना को जांच के दौरान पता चला कि चोर इसी आम के पेड़ के सहारे छत पर चढ़ कर चोरों ने जीने के नीचे से दीवार की ईट निकाल कर किसी प्रकार दुकान के दरवाजे की कुंडी खोलने में सफल रहे और चोरी की घटना को अंजाम दिया है ।घटना से व्यापारियों में भय व्याप्त है।



घटना की पड़ताल करते क्षेत्राधिकारी और थाना अध्यक्ष। अमृत विचार

## पति-पत्नी को पीट कर किया घायल हालत गंभीर

**कायमगंज।** कंपिल थाना क्षेत्र में बच्चों के विवाद में हुई मारपीट जिसमें पति पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए।

थाना क्षेत्र के गांव धीमर नगला निवासी उपेंद्र कुमार व उसकी पत्नी गुड्डी देवी को पुलिस घायल अवस्था में मेडिकल परीक्षण के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज लाई। जहां उपचार के दौरान गुड्डी देवी ने बताया कि उसके बच्चे और उसकी जेठानी के बच्चे आपस मे खेल रहें थे। खेलते समय विवाद होने लगा और मारपीट हो गई। जिसकी शिकायत गुड्डी देवी ने अपनी जेठानी से की। इसी बात पर जेठ व जेठानी गालियां देने लगे जिसका विरोध किया तो इसी बात पर हमला कर दिया। जब अपनी पत्नी को पिटता देख उपेंद्र उसे बचाने गया तो उसे भी लाठी डंडो से हमला कर उसे भी गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

# पुत्री की हत्या कर शव को गायब करने का आरोप

संवाददाता नवाबगंज

- पिता ने दी गई तहरीर में कहा, दहेज के लिए दिया घटना को अंजाम

**अमृत विचार।** कोतवाली मोहम्मदाबाद के गांव मलोखर निवासी विवेक कुमार ने पुलिस को तहरीर दी है कि उनकी पुत्री को दहेज की मांग पूरी न करने पर ससुराल वालों ने घर से निकाल दिया था, बाद में समझौता होने पर ससुरालीजन अपने साथ ले गए थे लेकिन अभी तक पुत्री का कहीं पता नहीं है।

पिता ने पुलिस को बताया कि पुत्री स्वाती की शादी 12 नवंबर 2024 को थाना नवाबगंज के गांव गढ़िया बबुरारा निवासी युवक के साथ की थी। शादी के कुछ दिनों बाद ससुरालीजनों ने दहेज में एक लाख रुपए व सोने की जंजीर की मांग करना शुरू कर दिया। मांग पूरी न होने पर ससुरालीजन स्वाती को प्रताड़ित करने लगे। मायके पक्ष के लोगों ने गांव पहुंचकर ससुरालीजनों को समझाने का प्रयास किया। लेकिन ससुरालीजनों ने अपनी जिद नहीं छोड़ी और 14 अप्रैल को स्वाती को मारपीट कर घर से निकाल दिया। जिसपर मायके पक्ष ने महिला थाने में शिकायत की। 30 मई को ससुरालीजनों से समझौता होने पर परिजनों ने स्वाती को उनके साथ ससुराल भेज दिया। शनिवार विवेक कुमार को पुत्री स्वाती के ससुराल में न होने की जानकारी मिली तो विवेक कुमार ने गांव के ही एक युवक के साथ पुत्री की ससुराल पहुंचकर ससुरालीजनो से स्वाती के बारे में जानकारी ली। ससुरालीजन स्वाती के बारे में कोई जानकारी न देकर गाली गलौज कर मारपीट करने पर आमादा हो गए। थाना पुलिस को विवेक कुमार ने ससुरालीजनों पर दहेज की मांग पूरी न होने पर पुत्री ही हत्या कर शव गायब करने का आरोप लगाया।

# गाली-गलौज का विरोध करने पर महिला को पीटा

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

- पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर महिला का मेडिकल कराया
- कमालगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पाहला में हुई घटना

**अमृत विचार।** कमालगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पाहला में शनिवार देर रात शराब के नशे में गाली-गलौज कर रहे युवक को मना करना एक महिला को भारी पड़ गया। महिला के विरोध करने पर युवक ने अपने परिवारजनों के साथ मिलकर महिला और उसके पति के साथ मारपीट कर दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर मेडिकल परीक्षण कराया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, देवेंद्र पुत्र बालकराम, निवासी ग्राम पाहला ने कमालगंज पुलिस को तहरीर दी है कि शनिवार रात करीब 1:30 बजे उसका पड़ोसी अमित पुत्र सूरजपाल शराब के नशे में गाली-गलौज कर रहा था। जब देवेंद्र की पत्नी अनुपमा ने घर का गेट खोलकर गाली देने से मना किया, तो अमित भड़क गया और उसने अपनी मां आशा देवी, पत्नी देवकी व बहन जूली के साथ मिलकर अनुपमा से मारपीट शुरू कर दी।

अनुपमा की चीख-पुकार सुनकर जब देवेंद्र मौके पर पहुंचे, तो आरोपियों ने उन पर भी लाठी-डंडों से हमला कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। हमले में देवेंद्र और अनुपमा दोनों को चोटें आईं। घटना की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा, जहां से उनका मेडिकल परीक्षण करवाया गया। थानाध्यक्ष कमालगंज ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है ।

## 14 दिन से लापता बेटे का नहीं लगा सुराग

**फर्रुखाबाद ।** जाम के दौरान मां ने हाथ फैलाकर पुलिस से 14 दिन से गायब अपने बेटे की भीख मांगी। और जाम लगाया।

लापता युवक सुनील के भाई बॉबी ने आरोप लगाया है कि याकूतगंज चौकी प्रभारी आरोपियों से मिले हुए हैं । याकूतगंज निवासी सुनील कबाड़ी का काम करता था, उसने एक तराजू मलिक को बेची थी तराजू मलिक के पास जब पता करने आया तो सुनील कबाड़ी ने बता दिया कि उसने एक तराजू मलिक को बेची है । लापता सुनील के भाई बॉबी का कहना कि 19 मई को मलिक, सोरीस, खालिद उसके भाई को पकड़ कर ले गए उसके साथ मारपीट की, मारपीट के बाद उसकी हत्या कर दी है, लेकिन 14 दिन गुजरने के बाद भी पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया है । लापता युवक सुनील के भाई ने कहा दो दिन के अंदर भाई का पता नहीं चला तो फिर जाम लगाएंगे

# साइक्लिंग: स्लो में पंकज व फास्ट में शिव प्रताप प्रथम रहे

संवाददाता अमृतपुर

**अमृत विचार।** गंगापार में शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी रामनिवास महाविद्यालय में मेरा युवा भारत की तरफ से संडे साइकिल के अंतर्गत फाइट ओबेस्टि की थीम पर स्लो साइकिल रेसिंग प्रतियोगिता कराई गई। जिसमें युवाओं ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया।

इस प्रतियोगिता में युवाओं ने अपनी प्रतिभा दिखाते हुए स्लो साइक्लिंग में प्रथम स्थान पंकज कुमार प्रथम स्थान, सुधीर द्वितीय स्थान और प्रियांशु ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। फास्ट साइक्लिंग में प्रथम स्थान शिव प्रताप, द्वितीय स्थान अभिषेक व तृतीय स्थान प्रियांशु ने प्राप्त किया । यह कार्यक्रम मेरा युवा भारत के जिला युवा अधिकारी शिखर रस्तोगी के नेतृत्व में आयोजित किया गया। इस प्रतियोगिता में जो बच्चे विजेता हुए उनको मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ प्रवीण कुमार त्रिपाठी (प्राचार्य रामनिवास महाविद्यालय) द्वारा की गई। इस दौरान कार्यक्रम में प्रोफेसर संतोष कुमार (कलावती आई टी आई), लक्ष्मी नारायण पाण्डेय (मेरा युवा भारत, वॉलेंटियर) व महिला मण्डल अध्यक्ष उजाला नें सहयोग किया। इस मौके पर प्रतियोगिता मे भाग लेने वाले युवा सहित बड़ी संख्या में बच्चे मौजूद रहे।



साइक्लिंग प्रतियोगिता के प्रथम विजेताओं को मेडल देते आयोजक। अमृत विचार

- मेरा युवा भारत की तरफ से कराई गई प्रतियोगिता
- गंगापार रामनिवास महा विद्यालय में हुई प्रतियोगिता

# चोरी की सात घटनाओं का किया खुलासा,नकदी व सामान बरामद

संवाददाता उरई जालौन

**अमृत विचार।** कोतवाली पुलिस, एसओजी और सर्विलांस टीम को एक बार फिर बड़ी सफलता हाथ लगी है। जिसमें संयुक्त टीम ने सोने-चांदी के जेवरात व नकदी सहित शातिर चोर को गिरफ्तार कर लिया।

मामले का खुलासा करते हुए एसपी डॉ. दुर्गेश कुमार ने बताया कि रविवार को एसओजी, सर्विलांस और कोतवाली उरई की संयुक्त टीम अपराध व अपराधियों को समेटने के लिए विशेष अभियान चलाने में लगी हुई थी। तभी मुखबिर द्वारा संदिग्ध व्यक्ति इखलासपुरा चौराहे से चुर्खी बाइपास जाने वाली सड़क पर खड़े संदिग्ध की भनक लगी। भनक लगते ही संयुक्त टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके पर दबिश दी और घेराबंदी कर यशपाल उर्फ छिल्लू पुत्र भूप सिंह निवासी ग्राम रूरा अड्डू, कोतवाली को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से करीब 17 लाख के सोने चांदी के जेवरात व 44,700 की नकदी और अवैध असलहा मिला। पूछताछ के बाद उसकी निशानदेही पर एक एलईडी टीवी भी बरामद की गई। पूछताछ में उसने बताया कि उसने कई स्थानों पर बंद घरों को निशाना बनाया है। जिसमें वघौरा मुहल्ले में एक घर से सोने-चांदी के जेवरात व नकदी, अप्रैल माह में ग्राम पिया निरंजनपुर के पंचायत कार्यालय से जियो फाइबर का डिब्बा, सीसीटीवी कैमरा और साउंड सिस्टम, 5 मई को पटेल नगर स्थित सीएमओ ऑफिस के पास एक डॉक्टर के घर से सोने-चांदी के जेवरात, नकदी चोरी की है। अप्रैल माह में मोहल्ला सुशील नगर ऑफिसर्स कॉलोनी में भी चोरी की वारदातों को अंजाम दिया।



खुलासा करते पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार।

## संदिग्ध हालात में अधेड़ की मौत परिजनों में कोहराम

**उरई।** एट थाना क्षेत्र के पिरौना में हालत बिगड़ने से अधेड़ की मौत हो गई। परिजनों द्वारा अधिक शराब पीने के कारण घटना होने की आशंका जताई जा रही है।

एट थाना क्षेत्र के ग्राम पिरौना निवासी अजय कुमार 43 वर्ष अहिरवार गांव में सिलाई की दुकान कर कपड़े बनाने का कार्य करता था। शनिवार की रात उसकी तबियत अचानक खराब हुई और परिवार के लोग उसे उपचार के लिए कोंच सीएचसी ले जा रहे थे कि उसकी रास्ते में मौत हो गई। सीएचसी पर जब परिजन पहुंचे तो चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया और सूचना पुलिस को दी। खबर मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और पूछताछ शुरू कर दी। परिजनों ने बताया कि मृतक शराब का आदि था, आशंका है कि अधिक शराब पीने के कारण उसकी मृत्यु हुई है।

# उर्स में सामूहिक विवाह सम्मेलन में हुई शादियां

संवाददाता, कालपी जालौन

**अमृत विचार।** रविवार को स्थानीय नगर के मोहल्ला टरननगंज में खरबूजे वाले गुम्बद में सालाना उर्स मुबारक का धूमधाम से आयोजन कि या गया। इस अवसर पर सामूहिक विवाह सम्मेलन में दो जोड़ी की शादियां भी सम्पन्न हुई।

रजा कमेटी के तत्वावधान में हजरत अब्दुर्रहमान रहमतुल्लाह अलैहे खरबूजे वाले गुम्बद के परिसर में आयोजित सालाना उर्स मुबारक के अवसर पर तकरीर करते हुए दरगाह फफूंद शरीफ के मौलाना सैयद मुनाजिर चिश्ती गजाली मियां ने इस्लामी एवं दीनी जानकारियां देते हुवे सच्चाई, नेकी तथा ईमानदारी पर चलने का आव्हान किया।

उन्नाव से पधारे मौलाना नईम मिस्बाही ने उर्स के अवसर पर सामूहिक शादियां कराने पर कमेटी के सदस्यों का जमकर उत्साहवर्धन किया। कारी मुस्तकीम फरहत लालपुर, मौलाना आसिफ रजा सैफी प्रतापगढ़, मौलाना अबुल रहूफ के द्वारा तकरीर प्रस्तुत की गई। उर्स के मौके पर दरगाह के परिसर में सामूहिक फातिहा तथा लंगर का भी आयोजन किया गया।

**दो जोड़े निकाह करके शादी के बंधन में बंधे: कालपी जालौन।** रविवार को उर्स मुबारक के मौके पर दरगाह खरबूजे वाले गुम्बद के परिसर में मौलाना नईम मिस्बाही उन्नाव के द्वारा दो जोड़ों का निकाह कराया गया।

कार्यक्रम में नूरचश्म मोहम्मद इरफान के संग नूरचश्मी निकहत परवीन का निकाह संपन्न हुआ जबकि नूरचश्म शाहरुख शाह के संग नूरचश्मी मुस्कान खातून का निकाह पढ़ाया गया। उपस्थित लोगों ने नव विवाहित जोड़ों को मुबारकबाद दी।

## सार-संक्षेप



परीक्षार्थियों की कॉपी का अवलोकन करते जिला अधिकारी ।

### कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में हुई बीएड की परीक्षा

**फर्रुखाबाद ।** नगर के तीन विद्यालयों में बीएड की परीक्षा कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच दो पालियों में हुई। इस दौरान केंद्रों पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट तैनात रहे। साथ ही जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी और पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने तीनों सेंटरों पर पहुंचकर परीक्षा का जायजा लिया ।नगर के रस्तोगी इंटर कॉलेज, बद्री विशाल डिग्री कॉलेज और फतेहगढ़ स्थित डीएन डिग्री कॉलेज में परीक्षा आयोजित की गई । सुबह 9 :00 बजे से लेकर 12 :00 बजे तक और शाम की पाली में 2 :00 बजे से लेकर शाम 5 :00 बजे तक की परीक्षा हुई। डीएन कॉलेज में 420 छात्र छात्राएं, बद्री विशाल डिग्री कॉलेज में 420 छात्र छात्राएं, रस्तोगी कॉलेज में 273 परीक्षार्थियों को परीक्षा में बैठना था। बीएड परीक्षा की डॉ रश्मि प्रियदर्शनी और जिला विधायक एन पी सिंह तक को नहीं मालूम कि तीनों परीक्षा केंद्रों पर कितने परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी है और कितने अनुपस्थित रहे इस बारे में इन दोनों लोगों को मालूम नहीं मालूम नहीं। जब इस संबंध में जानकारी चाहिए तो साफ इनकार कर दिया जबकि कुल 1143 परीक्षार्थीयों को परीक्षा में भागीदारी करनी थी। परीक्षा समन्वयक डा.रश्मी प्रियदर्शिनी प्राचार्या बद्रीविशाल डिग्री कालेज मौजूद रहीं।

### नगर उद्योग व्यापार मंडल ने धरना देने की बनाई रणनीति

**फर्रुखाबाद ।** रविवार को आनन्द पैलेस रेलवे रोड में नगर उद्योग व्यापार मंडल नगर युवा उद्योग व्यापार मंडल जिला महिला उद्योग व्यापार मंडल व नगर महिला उद्योग व्यापार मंडल मिश्रा गुट ने आगामी 3 जून को चौक चौराहे पर धरना देने की रणनीति बनाई है ।इस दौरान नगर अध्यक्ष हाजी मो. इख़लाक़ खान नगर महामंत्री राकेश सक्सेना, नगर संरक्षक आनन्द प्रकाश, मुन्ना गुप्ता नगर युवा अध्यक्ष व प्रदेश युवा उपाध्यक्ष अंकुर श्रीवास्तव जिला महिला अध्यक्ष सोनी शुक्ला नगर महिला महामंत्री नेहा मिश्रा मौजूद रहीं।

### सड़क हादसे में युवक की मौत पर मुकदमा

**कालपी ।** पिछले तीन सप्ताह पहले कालपी हाईवे के गल्ला मंडी के सामने सड़क दुर्घटना में युवक की मौत के मामले को लेकर पीड़ित पिता के द्वारा ट्रक चालक के खिलाफ कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया गया है। उक्त संबंध में चंद्रशेखर पांडेय पुत्र प्रेम नारायण पांडेय निवासी आलमपुर बाईपास कालपी ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए अवगत कराया है कि दिनांक 9मई 2025 को प्रार्थी का पुत्र शिवांक पांडेय अपने चाचा मणिशेखर पांडेय के साथ ट्रैक्टर में बैठकर अपने घर का अनाज बेचने कालपी गल्ला मंडी जा रहा था। उक्त ट्रैक्टर को मणिशेखर पांडेय चला रहे थे जब वह लोग गल्ला मंडी के पास पहुंचे तो ट्रैक्टर को सड़क के नीचे खड़ा कर दिया और मंडी के अंदर चले गए मेरा पुत्र ट्रैक्टर ट्राली के पास सड़क के नीचे खड़ा था तभी शाम 4 बजे डंपर के चालक ने ट्रैक्टर और ट्राली में टक्कर मार दी। ट्रैक्टर की चपेट में आकर दुर्घटना में मेरे पुत्र के शरीर में चोटे आई तथा घटनास्थल पर ही शिवांक पांडेय की मौत हो गई। पुलिस ने डंपर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। उक्त प्रकरण की विवेचना उपनिरीक्षक रणधीर सिंह के द्वारा की जा रही है।

### बिना प्रपत्र के एक दर्जन से अधिक ट्रक सीज

**कालपी।** शनिवार देररात प्रशासनिक टीम ने क्षेत्र में वालू के अवैध परिवहन के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान एक दर्जन से अधिक ट्रक सीज किए गए हैं। टीम की इस कार्यवाही से ट्रक संचालकों में हड़कंप मचा है। क्षेत्र में खनिज का अवैध परिवहन नया नहीं है हालांकि इसे रोकने के लिए प्रशासनिक टीम सक्रिय है, जो धरपकड़ के लिए आकस्मिक छापेमारी करती रहती है और इसी के चलते शनिवार देररात उपजिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह ने सीओ अवधेश कुमार सिंह व खनिज विभाग के साथ मिलकर आटा थाना क्षेत्र की इटौरा पुलिस चौकी क्षेत्र में बड़ी संख्या में ट्रकों को चौकी पुलिस के सहयोग से रोका था। हालांकि इस दौरान महज 8 ट्रक सीज किए जा सके। इसके अलावा टीम ने कदौरा थाना पुलिस के साथ मिलकर ओवरलोड बालू से भरे 4 ट्रकों को सीज किया है इसके अलावा टीम ने ज्ञान भारती चौकी पुलिस के सहयोग से भी 4 ट्रकों को पकड़कर बालू के अवैध परिवहन के आरोप में सीज किया है। जानकारो की माने तो प्रशासनिक टीम की आकस्मिक कार्यवाही से बालू गिटटी का अवैध परिवहन करने वाले सकते में हैं। हालाकि कार्यवाही के बाद भी यह कारोबार बन्द नहीं हुआ है और रविवार सुबह ओवरलोड ट्रकों का काफिला हाईवे से गुजरता रहा ।

### पत्रकार ने लगाया अभद्रता का आरोप

**माधौगढ़ ।** कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत कस्बा निवासी मोनू शर्मा पत्रकार पुत्र सुरेश चंद्र शर्मा ने थाना पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया कि द्वारा भ्रष्टाचार से संबंधित खबर प्रकाशित करने पर दबंग बउआ के द्वारा धमकाया जा रहा है। जिससे परेशान होकर पत्रकार मोनू शर्मा ने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 1076 पर शिकायत दर्ज कराई। आरोप हैं कि शिकायत की जांच करने आए एस आई राजकुमार निगम के द्वारा उसके घर आकर उसे व उसकी मां को धमकाया और कहा कि समझौता कर लो नहीं तो हम बउआ से तुम्हारे खिलाफ एक शिकायती पत्र दिलवाएंगे । उन्होंने जांच कर कार्यवाही की मांग की।

### प्रदर्शनी में झूले से गिरकर युवक की मौत, संचालक फरार

**उरई।** मेला महोत्सव के दौरान प्रदर्शनी में लगे एक झूले से गिरकर युवक की मौत हो गई। घटना के बाद प्रदर्शनी संचालक मौके से भागने में सफल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मेला बंद करवाया और शव को कब्जे में लेकर संचालक की तलाश शुरू कर दी है। शहर में स्थित रामेश्वर चौराहे पर आयोजित उरई महोत्सव और मेले के दौरान एक दर्दनाक हादसा सामने आया है। सूत्रों के अनुसार 30 मई की रात प्रदर्शनी में लगे झूले से एक युवक अचानक नीचे गिर गया और इस हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना को छुपाने के लिए प्रदर्शनी संचालकों ने मृतक के शव को पास में स्थित शराब के ठेके के बाहर रख दिया। हालांकि, उनकी यह चाल कामयाब नहीं हो सकी, क्योंकि शराब ठेके पर लगे सीसीटीवी कैमरे में पूरी घटना कैद हो गई थी। इसके बाद ठेकेदार ने तुरंत इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक प्रदर्शनी संचालक फरार हो चुके थे। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए प्रदर्शनी को बंद करवा दिया और मृतक के शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने इस मामले में कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी है और फरार संचालकों की तलाश में जुट गई है। इस मौकेल पर कई लोग मौजूद रहे।

दी चेतावनी — बकरीद को लेकर कोतवाली में आयोजित हुई शान्ति समिति की बैठक

# कानून व्यवस्था बिगड़ी तो की जाएगी कड़ी कार्रवाई

संवाददाता, कालपी जालौन

**अमृत विचार ।** बकरीद को लेकर कोतवाली में आयोजित शान्ति समिति की बैठक में प्रशासन के तेवर तल्ख रहे। कहा कि किसी वजह से कानून व्यवस्था बिगड़ी तो जिम्मेदारों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी।

मालूम हो कि बकरीद का त्योहार इस बार 7 जून को है इसको लेकर प्रशासन की तैयारिया भी शुरू हो गयी हैं, जिसको लेकर रविवार को उपजिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह की अगुआई में कोतवाली में शान्ति समिति की बैठक का आयोजन हुआ।

इस दौरान उन्होंने मौजूद धर्म विशेष के लोगों से बकरीद को लेकर जानकारी ली और समस्याओं के बारे में जानकारी ली। लोगों ने कहा कि इस दौरान बिजली पानी और सफाई की व्यवस्था दुरुस्त रहनी चाहिये । इस पर उन्होने मौके पर मौजूद सम्बन्धित विभाग के जिम्मेदारों को व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के निर्देश दिये। इस दौरान उन्होंने मौके पर मौजूद लोगों से बकरीद का त्योहार शान्ति एवं सदभाव से मनाने की अपील कर कहा कि त्योहार पर प्रतिबन्धित पशु की कुर्बानी न करें। इससे कानून व्यवस्था गड़बड़ हो सकती हैं और अगर ऐसा हुआ तो सम्बन्धित के खिलाफ एनएसए की भी कार्यवाही हो सकती है । बैठक के दौरान मौजूद सीओ अवधेश कुमार सिंह ने कहा कि कुर्बानी के समय ऐतिहात बरतें जिससे खून व मलवा खुले में न आए। इसके लिए उन्होंने नगर पालिका परिषद के जिम्मेदारों को व्यवस्था करने के निर्देश दिए है। बैठक के दौरान अतिरिक्त निरीक्षक मुहम्मद अशरफ, सपा नेता शिवबालक सिंह यादव, नीलाभ शुक्ला, अरविंद सोनी, रविन्द्र सिंह, हर्ष विश्नोई। व्यापारी नेता नमन अग्रवाल, सभासद सुनील पटवा, लाला, कपिल शुक्ला राकेश यादव, सहित कई लोग मौजूद रहे।



बैठक में लोगों को संबोधित करते पुलिस अधिकारी।

# अहिल्याबाई की मूर्ति स्थापना को भूमि पूजन

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** राजमाता अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती के उपलक्ष्य में सेंट्रल जेल चौराहे के निकट नगर पालिका परिषद द्वारा राजमाता अहिल्याबाई होल्कर की मूर्ति स्थान के लिए बाउंड्री वाल और पार्क का भूमि पूजन कार्यक्रम हुआ ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में सांसद मुकेश राजपूत, नगर पालिका अध्यक्ष वत्सला अग्रवाल, पूर्व एमएलसी मनोज अग्रवाल ,भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष फतेहचंद वर्मा ने सम्मिलित होकर पूजन कराया। सांसद ने आम जनमानस को संबोधित करते हुए कहा कि राजमाता अहिल्याबाई होल्कर किसी एक समाज धर्म और वर्ग की नहीं है क्योंकि महापुरुष सभी के होते हैं। उन्होंने कहा कि पूरे भारत में 12776 मंदिरों का निर्माण और 1000 से अधिक मंदिरों का जीर्णोद्धार राजमाता ने कराया जिसमें काशी विश्वनाथ, केदारनाथ आदि मंदिर सम्मिलित हैं ।मूर्ति स्थापना के शुभ कार्य का प्रयास जिला पंचायत सदस्य कुलदीप पाल ने पिछले 6 महीना से भगीरथ प्रयास के द्वारा सफल कराया, पूरे समाज में ही नहीं पूरे जिले में इस कार्य की दूर-दूर तक प्रशंसा हो रही है और लगातार समाज की ओर से बधाईयां भी मिल रही हैं ।



रानीअहिल्याबाई की मूर्ति पूजन के समय नगरपालिका अध्यक्ष वत्सला अग्रवाल।

- अहिल्याबाई की 300वीं जयंती के उपलक्ष्य में भूमि पूजन
- अहिल्याबाई होल्कर ने 12776 मंदिरों का निर्माण कराया

# फैमिली आईडी बढ़ाने के दिये निर्देश

## जिलाधिकारी ने बैठक में की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार** । जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में मनरेगा कार्यों की समीक्षा, जीरो पावर्टी अभियान, प्रधानमंत्री/मुख्यमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन 2.0, गौशला, आयुष्मान भारत योजना, पौधरोपण कार्य, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, फैमिली आईडी, निपुण अभियान, पीएम सूर्य घर योजना, लखपति दीदी योजना, सांसद निधि सम्बंधी कार्यों आदि की विस्तृत समीक्षा बैठक की गई।



बैठक में निर्देश देते जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल। अमृत विचार

उन्होंने आयुष्मान भारत योजना के तहत संबंधित को कार्डों की संख्या बढ़ाये जाने हेतु निर्देश दिए। पौधरोपण को लेकर उन्होंने समस्त खंड विकास अधिकारी से कि वन विभाग से कितने पौधे उपलब्ध कराए जाएं इसको समय रहते अवगत कराया जाए।

- बीएसए से पुस्तकों का वितरण समय से करने को कहा

डीएम ने फैमिली आईडी को लेकर आंगनबाड़ी एवं सुपरवाइजर तथा डूडा की महिलाओं को लगाकर फैमिली आईडी की बढ़ोतरी हेतु निर्देश दिए। उन्होंने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि समर कैंप विधिवत चलाया जाए एवं पुस्तकों का वितरण ससमय किया जाए साथ ही उन्होंने यह भी निर्देश दिए की बच्चों के अभिभावक के खाते में धनराशि समय से पहुंचाई जाए। उन्होंने कहा कि जर्जर भवनों को गिराया जाए एवं नीलामी की जाए जिससे बरसात के समय गिरने से बच्चों को चोट न लगे। उन्होंने कस्तूरबा गांधी स्कूल में साफ सफाई एवं खाने की व्यवस्था तथा बच्चों को सुरक्षित रखने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने ओडीओपी में ज्यादा से ज्यादा फॉर्म भरने हेतु एवं नगरी क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा अलाउंस कर फॉर्म भरवाए जाए जिससे लोगों को लाभ मिल सके।

उन्होंने बताया कि गौवंश की सेवा करना सरकार की प्रथम प्राथमिकता में से एक है। उन्होंने पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजनान्तर्गत नए फॉर्म भरवाने हेतु निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इनआरएलएम के अंतर्गत पेंडिंग बिल भुगतान कराए जाएं। उन्होंने कहा कि लखपति दीदी योजना का लक्ष्य बढ़ाया जाए। बैठक में जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## ऑटो से मायके जा रही महिला के जेवरात पार

**बकेवर**। ससुराल से अपने मायके जा रही एक महिला के ऑटो में रखे बैग से जेवरात पार हो गए। महिला बिधूना से चकरनगर जा रही थी। औरैया जनपद के बिधूना कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पूर्वा रामदास निवासी गौरव तोमर की पत्नी अमन तोमर अपनी पुत्री के साथ ससुराल से मायके चकरनगर जा रही थी। महिला बिधूना से भरथना तक बस से आयी। भरथना से बकेवर के लिए ऑटो पर बैठी । बकेवर से लखना के लिए दूसरे ऑटो पर बैठी। लखना में महिला ने ऑटो से उतर कर अपनी बेटी के लिए कुछ लेने के लिए जब बैग से पैसे निकालने को खोला तो बैग से जेवरात गायब मिले। महिला ने अपने परिवार वालों को सूचना दी। उसके देवर युवराज ने बताया कि ऑटो से भरथना से जाते समय लखना में पैसे देने के लिए बैग खोला तो जेवरात गायब थे। पुलिस ने बताया कि घटना कहां हुई इस बात की जांच की जा रही है।

# रोजगार मेले में 371 को मिला रोजगार

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार**। जिला सेवायोजन कार्यालय एवं जन शिक्षण संस्थान इटावा प्रायोजित कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय एवं अभयवीर स्मृति महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित रोजगार मेले का शुभारंभ सदर विधायक सरिता भदौरिया ने किया। रोजगसार मेले में आई कम्पनियों ने 371 लोगों को रोजगार दिया।

रोजगार मेले में विभिन्न क्षेत्रों की 18 कंपनियों ने प्रतिभाग किया। रोजगार मेला में आये हुए अभ्यर्थियों में से 371 लोगों को चयनित कर रोजगार प्रदान किया गया। सभी अभ्यर्थियों को सदर विधायक ने शुभकामनाएं दीं। रोजगार मेला में पुखराज हेल्थकेयर प्राइवेट लिमिटिड ब्लिंकिट, एस आई एस सिक्योरिटी, केअर हेल्थ, शिव एच आर सोल्युशंस, प्रमोकाश आउट्सोर्स प्राइवेट लिमिटेड, केबिन केअर जैसी तमाम कंपनीयों ने प्रतिभाग किया और अभ्यर्थियों का



युवक को नियुक्ति पत्र देतीं सदर विधायक सरिता भदौरिया। अमृत विचार

- सदर विधायक सरिता भदौरिया ने किया रोजगार मेले का शुभारंभ

उनकी योग्यता के आधार पर चयन किया। रोजगार मेला का आयोजन जिला सेवायोजन अधिकारी संजीव कुमार शाक्य के निर्देशन में किया गया। जन शिक्षण संस्थान द्वारा प्रायोजित कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय भारत सरकार के निदेशक रवीन्द्र चौहान, प्राचार्य डॉ सतीश कुमार, दीपक सिंह परामर्शदाता, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय भारत सरकार के साथ सचिन यादव जिला पंचायत सदस्य, जीतू भदौरिया प्रधान जैतपुरा, शैलू भदौरिया प्रधान गढायता, राम शरण गुप्ता, जिला सेवायोजन अधिकारी व समस्त कार्मिकों का सहयोग रहा, साथ ही सुशील यादव, अंकुश जैन, सुधांशु यादव, विकास कुशवाहा, अरविन्द भदौरिया, अशीष त्रिपाठी व समस्त महाविद्यालय परिवार के शिक्षकों एवं सहयोगियों का सराहनीय सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन अमन चतुर्वेदी ने किया।

# पुलिस ने दो शातिर चोरों को किया गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार**। थाना सैफई पुलिस ने मोबाइल चोरी करने वाले दो शातिर चोरों को गिरफ्तार कर कब्जे से चोरी के आठ मोबाइल फोन बरामद किए है।

कस्बा लखना निवासी जयदीप गुप्ता व अमित निवासी गंगापुर थाना कुरावली जनपद मैनपुरी ने पीजीआई सैफई से उसका मोबाइल फोन चोरी हो जाने की थाना सैफई पर तहरीर दी थी। प्रभारी निरीक्षक थाना सैफई राकेश कुमार शर्मा पुलिस बल के साथ क्षेत्र में गश्त पर थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुयी कि दो व्यक्ति चोरी के मोबाइल बेचने की फिराक मे हनुमान मन्दिर तहसील के सामने किसान बाजार घण्टाघर जाने वाले कट पर खड़े हैं । सूचना पर पुलिस टीम ने दो आरोपियों आशीष कश्यप निवासी मैनपुरी, सुरजीत निवासी इटावा को किसान बाजार घण्टाघर जाने वाले कट के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आशीष कश्यप एवं सुरजीत के कब्जे से आठ मोबाइल फोन बरामद किये। पूछताछ में सुरजीत ने बताया कि वह पीजीआई सैफई में ठेकेदारी मे सफाई कर्मचारी का कार्य करता है तथा वह और उसका साथी आशीष मिलकर पीजीआई सैफई से रात के समय सो रहे लोगो के मोबाइल फोन चोरी कर लेते है तथा कम दामों मे बेचकर धनलाभ अर्जित करते है। पुलिस ने दोनों को आवश्यक कार्रवाई के बाद जेल भेज दिया।

# सामाजिक नुकसान का कारण है नशा

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार**। विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर पक्का तालाब स्थित नशा मुक्ति केंद्र पर गोष्ठी का आयोजन हुआ,जिसकी अध्यक्षता सामाजिक कार्यकर्ता गणेश ज्ञानार्थी ने की ।

कौशल्या देवी पूमा. विद्यालय, टिमरुआ सैफई द्वारा संचालित नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केंद्र में आयोजित विचार गोष्ठी में मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी सैफई नवाब वर्मा ने मरीजों को विभिन्न प्रकार के नशों के दुष्प्रभावों के विषय में विस्तृत जानकारी दी। साहित्यकार कवि गोविंद माधव शुक्ल ने इस संस्था की शुरुआत से अब तक सत्ताइस वर्षों में अपने सहयोग और जुड़ाव का प्रस्तुतिकरण किया। नौरंगाबाद पुलिस चौकी इंचार्ज संजय कुमार दुबे ने कहा की नशा ही नाश की जड़ है। तन मन का आर्थिक


मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करते अतिथिगण। अमृत विचार

सामाजिक नुकसान का कारण बनते नशे को त्यागना होगा। सर्पमित्र डॉक्टर आशीष त्रिपाठी ने कहा कि तंबाकू आदि के नशे से केवल हमारा शरीर ही बर्बाद नही होता हमारी सामाजिक प्रतिष्ठा भी बर्बाद हो जाती है। सहकारिता विभाग के सहायक आयुक्त शिवराम दोहरे ने धार्मिक उद्धरणों से व्यक्ति को मानसिक चारित्रिक रूप से मजबूत होने के उपाय बताए। अध्यक्षता कर रहे गणेश ज्ञानार्थी ने सभी इलाज रत मरीजों को प्रेरित किया कि वे नशे को न छोड़ें बल्कि खुद को इतना मजबूत करें की नशा खुद घबरा कर उन्हे छोड़ जाने को मजबूर हो जाए। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुआ। इस अवसर पर मोहन दीक्षित, सूर्या शाक्य, अभिषेक शाक्य, फैजान, कामना राठौर, श्यामा कुशवाह, शीला आदि रहीं।

## सड़क दुर्घटनाओं में चार लोग घायल

**इटावा**। जनपद के अलग अलग स्थानों पर हुईं सड़क दुर्घटनाओं में चार लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

थाना भरथना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पड़ियापुरा बियर हाउस के पास ऑटो ने बाइक में टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार जीतू 35 वर्ष पुत्र सुखवीर सिंह व अनुज 30 वर्ष पुत्र रामदास निवासी नगला निधि भरथना गम्भीर रूप से घायल हो गए, बाइक सवार युवक भरथना से अपने घर जा रहे थे। थाना सिविल लाइन क्षेत्र के अंतर्गत मैनपुरी अंडरब्रिज में बाइकों की भिड़ंत में देवेंद्र यादव 22 वर्ष पुत्र सुरेश निवासी नगला बाग सैफई व उपेंद्र 40 वर्ष पुत्र विजेंद्र निवासी फाजिलपुर विधूना औरैया गम्भीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## सार-संक्षेप


डॉ. केके सक्सेना को विदाई देते डॉ. कटियार व अन्य। अमृत विचार

### वरिष्ठ नेत्र परीक्षण अधिकारी को दी गई विदाई

**इटावा** । शहर की मेडिकल केयर यूनिट में तैनात वरिष्ठ नेत्र परीक्षण अधिकारी डॉ. केके सक्सेना के सेवानिवृत्त होने पर अस्पताल परिसर में उन्हें भावभीनी विदाई दी गई। उनकी सेवाओं को याद किया गया। इसके साथ ही उनके कार्यकाल की प्रशंसा भी की गई । वरिष्ठ नेत्र परीक्षण अधिकारी डा केके सक्सेना की सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। मेडिकल केयर यूनिट के चिकित्सा अधीक्षक डा. शशी भूषण कटियार में इस समारोह की अध्यक्षता की। उन्होंने सेवा काल के दौरान डा. केके सक्सेना की सेवाओं की सराहना की। चिकित्सा अधीक्षक डा. मनोज गौड़, डा. वरुण कुमार चौधरी, डा. विनोद शर्मा, चीफ फार्मासिस्ट गजेंद्र सिंह व मनोज कुमार फार्मासिस्ट यश प्रताप, शैलेंद्र यादव चीफ फार्मासिस्ट आगरा नूतन कुमार मिश्रा, रेड क्रॉस सोसाइटी के हरिशंकर पटेल, नेत्र परीक्षण अधिकारी नीरज शर्मा व अजय गौतम ने डा .के के सक्सेना के कार्यकाल की सराहना करते हुए उन्हें विदाई और शुभकामनाएं दी। डा. केके सक्सेना ने कहा कि सेवा काल के दौरान उन्होंने पूरी जिम्मेदारी के साथ मरीजों की सेवा की है।

### दंपती को मारपीट कर किया घायल

**भरथना**। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला आजाद रोड पर एक दंपती को मारपीट कर घायल कर दिया गया। घायल पीड़ित ने कोतवाली पहुंच कर कार्रवाई की गुहार लगाई है। उक्त मोहल्ला निवासी प्रतीक कुमार ने अपने ही भाई गोपाल उर्फ गोपी व चंदन पर आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया है कि विगत दिवस वह अपनी दुकान खोलकर पूजा कर रहा था तभी दोनों नामजद एकराय होकर आए और दुकान पर रखे पाइप उठाकर उसके साथ मारपीट करने लगे । उसकी चीख पुकार सुनकर उसे बचाने पहुंची पत्नी आरती के साथ भी नामजदों ने मारपीट करदी जिससे दंपति बुरी तरह घायल हो गए। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर घायलों को इलाज के लिए चिकित्सालय भेजा है।

### फांसी के फंदे से लटकता मिला महिला का शव

**चकरनगर**। थाना सहसों क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बल्लो की गढ़िया में संदिग्ध अवस्था में महिला का शव फांसी के फंदे पर लटकता मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण कर शव को पोस्ट मार्टम के लिए भेजा है। मृतक महिला के ससुर महेंद्र सिंह ने बताया कि मेरा बेटा रवि बाहर रेलवे कैंटीन में प्राइवेट नौकरी करता है। जिसकी शादी 2 मार्च 2024 को ग्राम बंसरी निवासी सुरेश सिंह परिहार की बेटी रमा उर्फ रमानी के यहां हुई थी। बेटा नौकरी पर था हमारी बहु घर पर अकेली थी। रात्रि के समय बहू के कमरे में पंखे के कड़े के सहारे साड़ी के फंदे से बहू का शव लटकता मिला। जिसकी सूचना मैंने लड़की के मायके पक्ष को दी। मृतका के पिता सुरेश सिंह परिहार ने बताया कि मुझे रात्रि में करीब 11 बजे सूचना मिली। सूचना मिलते ही हम लोग घटनास्थल पर पहुंच गए। थाना पुलिस के अनुसार शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर ही आगे कार्रवाई की जाएगी। घटनास्थल पर पहुंचे तहसीलदार विष्णुदत्त मिश्र ने शव का पंचनामा भरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है

### ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार दंपती घायल

**जसवंतनगर**। कचौरा रोड स्थित नहर पुल के पास तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आकर बाइक सवार दंपती घायल हो गए। जानकारी के अनुसार अवनीश कुमार पुत्र सहवीर यादव निवासी करील गढ़ की मढ़ैयां सिकंदरपुर पछायगांव अपनी पत्नी के साथ बाइक द्वारा दवा लेकर जसवंत नगर से वापस लौट रहे थे। जैसे ही वे कचौरा रोड पर स्थित भोगनीपुर नहर पुल के पास पहुंचे, तभी ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे के बाद दंपती सड़क पर उछलकर गिर गए जबकि बाइक ट्रक के पहिए के नीचे आकर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। मौके पर स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने घायलों को सीएचसी भिजवाया।

# कड़ी सुरक्षा के बीच हुई बीएड प्रवेश परीक्षा

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार**। जिले के तीन परीक्षा केंद्रों पर रविवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच दो पालियों में बीएड की प्रवेश परीक्षा कराई गई। पंजीकृत परीक्षार्थियों मे बड़ी संख्या में परीक्षार्थियों ने इसमें भागीदारी की और सिर्फ 147 परीक्षार्थी परीक्षा देने नहीं आए। परीक्षार्थियों का कहना है कि एआई और प्रौद्योगिकी से संबंधित सवालों ने उन्हें खूब उलझाया। संविधान के विभिन्न अनुच्छेदों के बारे में भी सवाल पूछे गई थे यह भी आसान नहीं थे।

इस परीक्षा के लिए प्रश्न पत्रों में पूछे गए तकनीकी सवालों ने परीक्षार्थियों को खूब उलझाए रखा। अभी नई शुरू हुई एआई के बारे में सवाल पूछे गए। यह सवाल परीक्षार्थियों को उलझन में डालने वाले थे। इसके साथ ही प्रौद्योगिकी से संबंधित सवालों ने भी उलझाया। ब्लूटूथ के बारे में भी सवाल पूछे गए थे इसके साथ ही अन्य तकनीकी सवाल भी पूछे गए जो परीक्षार्थियों को मुश्किल में डालने वाले थे। इन दिनों संविधान को लेकर काफी चर्चा हो रही है और इस परीक्षा के


परीक्षा केंद्र से बाहर निकलते परीक्षार्थी। अमृत विचार

- 147 परीक्षार्थियों ने छोड़ी परीक्षा
- तीन परीक्षा केंद्रों पर दो पालियों में हुई परीक्षा

प्रश्न पत्र में संविधान के विभिन्न अनुच्छेदों के बारे में भी जानकारी मांगी गई थी, जो परीक्षार्थियों के लिए कठिनाई भरी थी।

पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार रविवार को दो पालियों में बीएड की प्रवेश परीक्षा कराई गई। इसके लिए जिले के तीन विद्यालयों को परीक्षा केंद्र बनाया गया था। यहां प्रवेश द्वार पर ही कड़ी तलाशी के बाद परीक्षार्थियों को अंदर जाने दिया गया और परीक्षा के दौरान भी चेकिंग होती रही। किसी भी इलेक्ट्रॉनिक सामान को अंदर ले जाने की इजाजत नहीं थी। दो पालियों में कराई गई इस परीक्षा के लिए 1336 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। इने से पहली पाली में 143 और दूसरी पाली में 147 परीक्षार्थी परीक्षा छोड़ गए ।

एसडीएम सदर विक्रम सिंह राघव, एडीआईओएस डा. मुकेश यादव व अन्य अधिकारियों ने परीक्षा के दौरान परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया।

## ट्रेन से गिरकर युवक की मौत और अज्ञात यात्री हुआ घायल

**इटावा**। थाना बलरई क्षेत्र के अंतर्गत रेलवे ट्रेक पर किसी ट्रेन से गिरकर एक युवक की मौत हो गई वही थाना सिविल लाइन क्षेत्र के अंतर्गत रेलवे ट्रैक पर ट्रेन से गिरकर यात्री घायल हो गया।

थाना बलरई क्षेत्रके अंतर्गत रेलवे ट्रैक पर किसी ट्रेन से गिरकर मुज़ाहर इस्लाम 20 वर्ष पुत्र जलाल उद्दीन निवासी चांदगांव कालियागंज उत्तर दिनाजपुर पश्चिम बंगाल की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना पाकर थाना बलरई पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर मुख्यालय लाकर पंचनामा भरकर पोस्ट मार्टम कराया। थाना सिविल लाइन क्षेत्र के अंतर्गत मुलायम सिंह यादव की कोठी के पीछे रेलवे ट्रेक पर किसी ट्रेन से गिरकर अज्ञात यात्री 30 वर्ष गम्भीर रूप से घायल हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची थाना सिविल लाइन पुलिस ने घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया।परिजनों को जानकारी मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया।

# भाजपा सरकार संविधान बदलने का कर रही प्रयास


संविधान बचाओ सम्मेलन में मौजूद कांग्रेसी नेता। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार**। कांग्रेस की ओर से संविधान बचाओ सम्मेलन का आयोजन ताखा ब्लाक क्षेत्र के गांव कुदरेल में किया गया। इसमें जिला समन्वयक सुमन तिवारी ने कहा कि कांग्रेस ने जनता को संवैधानिक अधिकार दिए हैं लेकिन वर्तमान सरकार संविधान बदलने का प्रयास कर रही है।

कांग्रेस के समन्वयक राहुल सचान ने कहा कि अब अगला हमला किसानो पर होना होने वाला है। अदाणी ने हाइवे के किनारे की हजारों करोड़ की जमीन हड़प ली है । कांग्रेस के कार्यक्रम में रानी अहिल्याबाई होल्कर का स्मरण किया गया। जिला अध्यक्ष आशुतोष दीक्षित ने कहा कि इटावा में कांग्रेस बहुत मजबूत है तथा इसको और मजबूत करने के लिए लगातार प्रयास किया जा रहे हैं । शहर अध्यक्ष मोहम्मद राशिद ने कहा कि कांग्रेस सभी धर्म के लोगों को साथ लेकर चलती है। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुलेमान तथा संचालन पूर्व शहर अध्यक्ष पल्लव दुबे ने किया। पूर्व जिला अध्यक्ष मलखान सिंह यादव, प्रवक्ता वाचस्पति द्विवेदी, सतीश नागर, कोमल सिंह कुशवाहा, आसिफ जादरान, बलवीर कठेरिया, अंसार अहमद, विष्णु कांत मिश्रा आदि मौजूद रहे।

आयोजन
भारत विकास परिषद मुख्य शाखा ने मनाई अहिल्याबाई होल्कर की जयंती

# स्वावलंबी महिलाओं को किया सम्मानित

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार**। भारत विकास परिषद मुख्य शाखा ने पुण्य श्लोका लोक माता अहिल्याबाई होल्कर की त्रिशताब्दी जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर तमाम महिलाओं को सम्मानित किया गया। सर्व प्रथम निशा गुप्ता संयोजिका महिला सहभागिता, विवेक रंजन गुप्ता, शैलजा पाठक सचिव, हरी शंकर त्रिपाठी अध्यक्ष, इन्द्र नारायण पाण्डेय अध्यक्ष पांचाल प्रान्त, विशिष्ट अतिथि व मुख्य वक्ता प्रोफेसर पद्मा त्रिपाठी, प्रीति मिश्रा मौजूद रहीं।

मुख्य अतिथि सहित सभी ने भारत माता, स्वामी विवेकानन्द और लोक माता अहिल्याबाई के चित्रों पर पुष्प भेंट कर दीप प्रज्ज्वलित किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि व मुख्य



विभिन्न क्षेत्रों में काम करने वाली सम्मानित महिलाओं के साथ परिषद के पदाधिकारी।

वक्ता प्रोफेसर डा. पद्मा त्रिपाठी ने अहिल्याबाई होल्कर के जीवन पर विस्तृत प्रकाश डाला। इस अवसर पर इन्द्र नारायण पाण्डेय, विवेक कुलश्रेष्ठ, कोमल नेहा, असरा अहमद, पूनम पाण्डेय ने लोक माता अहिल्याबाई के जीवन पर प्रकाश डालते हुए विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर प्रीति मिश्रा, पद्मा त्रिपाठी, पूनम पाण्डेय, असरा अहमद, कोमल नेहा, चंचल दुबे को परिषद् की महिला सदस्य निशा गुप्ता, शैलजा पाठक, पूनम तिवारी, अर्चना मिश्रा, शुभदा शुक्ला, प्रीति सक्सेना, मन्जू देवी, सन्ध्या यादव , बीना चौहान आदि ने शाल ओढ़ाकर व अहिल्याबाई के चित्र भेंटकर उनको सम्मानित किया।

### महिलाओं ने आपरेशन सिंदूर यात्रा निकाली

**इटावा**। महिला समन्वय विभाग संयोजिका अनुपम चौधरी के नेतृत्व में पक्का तालाब से विक्टोरिया मेमोरियल हॉल तक आपरेशन सिंदूर मातृ शक्ति शौर्य अभिनंदन यात्रा निकाली गई। समिति की मातृ शक्ति अनीता दीक्षित, संगीता मिश्र, विमल शर्मा, मीनाक्षी सक्सेना, ममता कोष्ठा, निशा गुप्ता, मीना मिश्रा, शैलजा पाठक, शिवानी द्वारा अभिनंदन यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा के संदर्भ में विभाग महिला समन्यक संयोजिका अनुपम ने कहा 22 अप्रैल को पहलगांव में आतंकी द्वारा हिन्दुओं की हत्याओं को लेकर चलाये गए ऑपरेशन सिंदूर के लिए सैनिकों के सम्मान व मातृ शक्ति सोफिया कुरैशी एव व्योमिका वीरांगनाओ के वंदन अभिनन्दन के लिए इस यात्रा आयोजन किया गया।

## सीओ व दो एसआई को सेवानिवृत्त होने पर दी गई विदाई

**इटावा**। पुलिस सेवा से सेवानिवृत्त हुए सीओ सहित दो उपनिरीक्षकों के विदाई समारोह का आयोजन कर सुखमय जीवन की कामना करते हुए उन्हें भावभीनी विदाई दी गई। क्षेत्राधिकारी लाइन्स प्रेम कुमार थापा, उपनिरीक्षक अरूण कुमार तिवारी, उपनिरीक्षक ऊषा सिंह अपनी अधिवर्षता आयु पूर्ण कर पुलिस सेवा से सेवानिवृत्त हुए। इस अवसर पर रिजर्व पुलिस लाइन इटावा सभागार कक्ष में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। एसएसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने सेवानिवृत्त क्षेत्राधिकारी लाइन्स, उप निरीक्षकों को अंग वस्त्र देकर व माल्यार्पण कर सम्मानित किया तथा प्रशस्ति पत्र व उपहार भेंट कर उनके सुखमय जीवन व उज्जवल भविष्य की कामना कर शुभकामनाएं दी गई।

# किसानों को मिलेगा उत्तम खेती का ज्ञान

संवाददाता जसवंतनगर इटावा

**अमृत विचार**। देश प्रदेश के किसानों को खुशहाल बनाने के उद्देश्य से केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह द्वारा विगत दिवस 29 मई को विकसित कृषि संकल्प अभियान का शुभारंभ किया गया है। जिसके तहत उत्तम खेती के सम्बन्ध में प्रदेश के सभी कृषि विभागों के अधिकारी और कृषि वैज्ञानिक गांव-गांव पहुंचकर विशेष किसान सभाओं का आयोजन कर किसानों को उत्तम खेती और वैज्ञानिक खेती करने के लिए जानकारियां उपलब्ध करा रहे है।

जिला कृषि अधिकारी प्रमोद कुमार ,दलहन अनुसंधान के वैज्ञानिक भूपेंद्र सिंह चौहान,उद्यान निरीक्षक सुधीर कुमार,सहायक विकास कृषि अधिकारी बलवीर सिंह व सहायक विकास अधिकारी कृषि रक्षा आदेश कुमार के अलावा नितेश कुमार, इफको के वैज्ञानिक


किसानों को जानकारी देते कृषि अधिकारी व विशेषज्ञ। अमृत विचार

- विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत किसानों को किया जागरूक

उमाशंकर,अनूप कुमार आदि कृषि विभाग के समस्त अधिकारी कर्मचारियों ने जसवंतनगर विकास खण्ड क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम धौलपुर खेड़ा में किसान सभा का आयोजन कर किसानों को विकसित कृषि संकल्प अभियान का महत्व समझते हुए उत्तम और वैज्ञानिक खेती कर अपनी फसलों से अधिक आय बढ़ाने की तकनीकी जानकारियां दी गईं।

किसान सभा के दौरान कृषि अधिकारियों ने बताया कि विकसित कृषि संकल्प अभियान का शुभारंभ केंद्रीय मंत्री मां.शिवराज सिंह द्वारा विगत दिवस 29 मई को किया गया जो आगामी 15 जून तक चलेगा। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत अधिकारी डेढ़ करोड़ से अधिक किसानों से सीधा सम्पर्क कर कृषि संबंधित सभी लाभकारी योजनाओं का भी जानकारियां उपलब्ध कराएंगे।

# 5 ब्लॉकों की सड़क व नालियों का एस्टीमेट तैयार

कार्यालय संवाददाता, औरैया

- सीवेज की मरम्मत को एस्टीमेट तैयार करने में जुटे आवास विकास परिषद के अधिकारी
- चार साल बाद फिर से आवास विकास के ब्लॉक हस्तांतरण से पूर्व जागा विभाग

**अमृत विचार।** शहर में आवास विकास परिषद के पांच ब्लॉकों में व्याप्त समस्याओं को लेकर चार साल से पालिका व आवास विकास परिषद के अधिकारियों के बीच चल रही हस्तांतरण की प्रक्रिया फिलहाल टल गई है। अब समस्याओं को दूर करने के लिए आवास विकास परिषद के अधिकारी ही काम कराएंगे। इसके लिए सड़क और नाले का एस्टीमेट तैयार हो चुका है। अब अंडरग्राउंड पड़ी सीवेज की मरम्मत को लेकर प्रस्ताव तैयार कराया जा रहा है। ऐसे में एक सप्ताह में सभी तैयार एस्टीमेट जिलाधिकारी के माध्यम से पालिका प्रशासन को हस्तांतरण करवाए जाएंगे।


क्षतिग्रस्त सड़क में भरा गंदा पानी। अमृत विचार

औरैया जिले को अस्तित्व में आए लगभग 27 साल बीत चुके हैं। इस बीच शहर में स्थापित आवास विकास परिषद की कालोनी भी धीरे-धीरे आबाद हुई। कुछ साल तक तो सब कुछ ठीक रहा। फिर आवास विकास परिषद के अधिकारियों की अनदेखी के चलते कालोनियों में सड़क, सफाई, पेयजल सहित विकास संबंधी समस्याएं होनी शुरू हो गईं। इस पर लगभग 1999 के बाद एक दशक में आवास विकास परिषद की ओर से कालोनी के सात ब्लॉकों में से दो ब्लॉक नगर पालिका परिषद को हस्तांतरित कर दिए गए। जबकि शेष पांच ब्लॉक हस्तांतरण होने से रह गए। धीरे-धीरे इन ब्लॉकों में समस्याएं बढ़ने लगीं। इधर लगभग दो साल पहले आवास विकास परिषद का कार्यालय इटावा हस्तांतरित कर दिया गया। औरैया में आवास विकास परिषद के आवासीय भवन में स्थापित कार्यालय महज खानापूर्ति तक ही सीमित होकर रह गया। ऐसे में परिषद में व्याप्त समस्याओं की सुनने वाला कोई नहीं रह गया। सुनवाई न होने से परेशान आवास विकास जनकल्याण समिति के लोगों ने अपनी आवाज बुलंद की। लगभग साढे.तीन साल पहले तत्कालीन जिलाधिकारी सुनील वर्मा व तत्कालीन कृषि राज्यमंत्री लाखन सिंह राजपूत के प्रयासों के चलते आवास विकास परिषद की समस्याओं को दूर कराने के लिए उन पर खर्च होने वाले बजट को तैयार किया गया। इसमें तीन करोड़ रुपये से आवास विकास परिषद के हस्तांतरण को शेष बचे पांच ब्लॉकों में व्याप्त सड़क, नाला व सीवेज की समस्या दूर करने पर खर्च करने की बात कही गई। जिस पर पालिका प्रशासन ने इतने कम बजट के साथ हस्तांतरण को लेकर किनारा कर लिया।

पालिका प्रशासन का कहना है कि आवास विकास परिषद में अंडरग्राउंड पड़ी सीवेज पाइप लाइनें पूरी तरह से चोक हो चुकी हैं। ऐसे में इन लाइनों को बदलना होगा। इस पर आवास विकास परिषद के अधिकारियों ने जल निगम को एस्टीमेट बनाने की जिम्मेदारी सौंपी। जिसमें जल निगम की ओर से केवल सीवेज पाइप लाइन पर 15 करोड़ रुपये खर्च होने का एस्टीमेट तैयार किया गया। इतनी अधिक लागत आते देख आवास विकास परिषद के अधिकारियों ने जल निगम के एस्टीमेट को किनारे कर दिया। जिसके चलते एक बार फिर से आवास विकास की समस्या निदान को दिखी उम्मीद धूमिल हो गई। मामला ठंडे बस्ते में जाते देख आवास विकास जन कल्याण समिति के पदाधिकारियों ने फिर से जिलाधिकारी की चौखट पकड़ी। जिसमें आवास विकास परिषद के अधिकारियों ने खुद ही समस्याओं के निदान को लेकर एस्टीमेट तैयार करना शुरू कर दिया। अधिकारियों के मुताबिक कालोनी के सभी पांच ब्लॉकों में लगभग 5.1 किलोमीटर की सड़क बनाने पर 175 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। वहीं सड़क के दोनों तरफ नाला निर्माण पर 171 लाख रुपये का बजट खर्च किया जाएगा। जबकि सीवेज की समस्या दूर करने के लिए एस्टीमेट तैयार किया जा रहा है।

### हस्तांतरित ब्लॉकों में समस्याओं का अंबार

- आवास विकास परिषद की ओर से नगर पालिका परिषद को हस्तांतरित एक व दो नंबर ब्लॉकों में समस्याओं का अंबार लगा हुआ है। गंदगी से नाले बजबजा रहे हैं। जल निकासी न होने से नालों का गंदा पानी खाली पड़े प्लाटों में भर रहा है। वहीं कई पुलियां टूटी पड़ी हैं। सड़कों में भी जगह-जगह गड्ढे बने हुए हैं।

> जल निगम की ओर से बनाया गया 15 करोड़ का एस्टीमेट का बजट ज्यादा था। इतना बजट उपलब्ध करा पाना संभव नहीं हो पा रहा था। चूंकि जल निगम की ओर से नई लाइन बिछाने का एस्टीमेट बनाया गया था। आवास विकास परिषद ने मेंटीनेंस को लेकर एस्टीमेट बनाने को बोला था। अब आवास विकास परिषद खुद ही इस काम को कराएगी। इसके लिए सड़क और नाला का एस्टीमेट बना लिया गया है। सीवेज के लिए एस्टीमेट तैयार किया जा रहा है। एक सप्ताह में तीनों एस्टीमेट तैयार करके जिलाधिकारी के माध्यम से पालिका को पांच ब्लॉक हस्तांतरित करने की कवायद शुरू की जाएगी।
>
> -अभिषेक राज, अधिशासी अभियंता, आवास विकास परिषद

## सार-संक्षेप


जांयट्स ग्रुप ऑफ सहेली संस्था की ओर से लगाया गया प्याऊ। अमृत विचार

### शीतल जल के लिए स्थापित किया प्याऊ

**दिबियापुर, औरैया।** भीषण गर्मी से बेहाल राहगीरों और श्रद्धालुओं के लिए जायंट्स ग्रुप ऑफ दिबियापुर सहेली ने सेवा का एक सराहनीय कदम उठाया है। रविवार को संस्था द्वारा बाबा परमहंस की बगिया में शीतल जल प्याऊ की स्थापना की, जहां आने-जाने वालों को ठंडा जल उपलब्ध कराया गया। इस मौके पर श्रद्धालुओं को प्रसाद स्वरूप पेठा भी वितरित किया गया, जिसे सभी ने श्रद्धा और संतोषपूर्वक ग्रहण किया। इससे स्थानीय लोगों को अत्यधिक राहत मिली है। कार्यक्रम के सफल आयोजन में संस्था की को ऑर्डिनेटर पूनम पूरवार, यूनिट डायरेक्टर प्रीति पोरवाल, फेडरेशन ऑफिसर रेनू सिंह, अध्यक्ष प्रीति अग्रवाल, उपाध्यक्ष भारती पोरवाल, डीओए दीपा गुप्ता, कोषाध्यक्ष नीलम गुप्ता सहित रेखा, सुधा, शिखा, पूनम, संध्या, सीमा, शशि, मीना, संगीता, रोली और अंशु सहित कई सक्रिय सदस्याओं का सराहनीय योगदान रहा। कार्यक्रम की सफलता में संस्था की पूर्व अध्यक्ष रेखा गुप्ता का विशेष सहयोग उल्लेखनीय रहा। बताया गया है कि यह प्याऊ आगामी एक माह तक प्रतिदिन संचालित की जाएगी, जिससे श्रद्धालुओं और राहगीरों को निरंतर राहत मिलती रहेगी।


भंडारे का प्रसाद छकते श्रद्धालु। अमृत विचार

### प्रभात फेरी निकालने के बाद हुआ भंडारा

**फफूंद, औरैया।** कस्बा के जैतपुर गांव में स्थित नवनिर्मित बालाजी धाम पर श्री धाम वृन्दावन से आये यज्ञाचार्य अक्षय शास्त्री के सानिध्य में पंचमुखी हनुमान जी की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन चल रहा था। उनके द्वारा यज्ञशाला पर हवन-पूजन का कार्य सम्पन्न कराया जा रहा था। बालाजी धाम से गाजे-बाजे के साथ पंचमुखी हनुमान जी की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा स्थापना की प्रभात फेरी निकली और प्रभात फेरी गांव स्थित गया देवी मंदिर, रघुनाथ धाम राम मंदिर, राधा कृष्ण मंदिर, दुर्गा देवी मंदिर, महामाया मंगला काली मंदिर पर पहुंची। जहां पर पूजा-अर्चना के बाद प्रभात फेरी पुन: बालाजी धाम पर पहुंच कर समाप्त हुई। संत बाबा हरवंश लाल महाराज की यादगार में चल रहे पंचमुखी हनुमान जी की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा की स्थापना की गई। फफूंद-ककोर मार्ग पर स्थित जैतपुर गांव में नवनिर्मित बालाजी धाम पर हनुमान जी की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा की स्थापना के दौरान हवन कुंड में भक्तों ने पूर्ण आहुति डालकर परिवार की सुख सृमद्धि की कामना की यज्ञशाला पर श्रद्धालुओं ने पूर्ण आहुति दी और आयोजित भंडारे में सम्मलित होकर चाक चौबंद व्यवस्था बनाये रखी सभी को प्रेम पूर्वक प्रसाद वितरण कराया गया। बताया जाता है जिस क्षेत्र में धार्मिक आयोजन होता है। उस क्षेत्र में अमन चौन कायम रहता है और हवन-यज्ञ से वातावरण एवं वायुमंडल शुद्ध होने के साथ साथ व्यक्ति को आत्मिक बल मिलता है और व्यक्ति में धार्मिक आस्था जागृत होती है। भंडारा में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद छका।


महिला थाना में मौजूद दंपति। अमृत विचार

### पांच जोड़े फिर एक-दूसरे के साथ रहने को राजी

**औरैया।** पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर .शंकर के निर्देश पर महिला थाना में उप निरीक्षक पूजा राठौर की अध्यक्षता में प्रोजेक्ट नई किरण का आयोजन किया गया। जिसमें रविवार को 22 फाइलें दायर की गईं। जिनमें पांच परिवार जो आपसी वैचारिक मतभेद की वजह से कुछ दिनों से अलग रह रहे थे। एक-दूसरे के साथ रहने को राजी नहीं थे, जिसके कारण परिवार टूटने की कगार पर था। जिन्हें समझा बुझाकर पति-पत्नी के मध्य मन-मुटाव कलह को दूर कर एक साथ रहने को राजी कर परिवार से मिलाया गया। परिवार को हंसी खुशी से बिदा किया गया। नई किरण प्रोजेक्ट के अन्तर्गत बिखरे परिवारों को एक सूत्र में बांधने का प्रयास किया जा रहा है। इस दौरान प्रोजेक्ट नई किरण के अन्य सदस्य भी मौजूद रहे।

### नंद के घर आंनद भयो, जय कन्हैया लाल की...

**कंचौसी ।** कस्बा के घसापुरवा गांव में चल रही सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन का प्रसंग ध्रुव चरित्र पर आधारित रहा। कथा वाचक राजेश शास्त्री ने श्रोताओं को बताया के ध्रुव के पिता उनके साथ सौतेला व्यवहार करते हैं। वे ध्रुव की सौतेली मां के पुत्र को प्यार करने लगते हैं और उसे सिंहासन पर बैठाते हैं। तब ध्रुव के बाल मन में वैराग्य उत्पन्न हो जाता है और वह तपस्या के लिए वन चले जाते हैं। भगवान उनकी तपस्या से वर मांगने को कहते हैं। ध्रुव वर में भगवान से राजा के सिंहासन से ऊंचा स्थान मांगते हैं। वह उन्हें प्राप्त होता है। इसके बाद श्रीराम कथा एवं कंस के आतंक की कहानी भी भक्तों को सुनाई गई। आठवीं संतान के रूप में भगवान कृष्ण का जेल में अवतार होता है। वासुदेव जी श्रीकृष्ण को नंदबाबा के यहां छोड़ जाते हैं। नंद के यहां महोत्सव मनाया जाता है।

# प्रधान संघ के जिलाध्यक्ष ने निगला जहरीला पदार्थ, मौत

## आत्महत्या का कारण नहीं हो सका स्पष्ट, असेवटा के ग्राम प्रधान थे

संवाददाता, अयाना, औरैया

**अमृत विचार।** प्रधान संघ के जिलाध्यक्ष ने शनिवार दोपहर अजीतमल कोतवाली के सुरैंदा गांव के बाहर जहरीला पदार्थ निगल लिया। इसके बाद बहनोई को फोन कर जानकारी दी। मौके पर पहुंचे परिजन उन्हें उपचार के लिए सैफई ले गए। वहां से दिल्ली ले जाने के दौरान रविवार को उन्होंने दम तोड़ दिया।


प्रधान संघ के जिलाध्यक्ष की मौत के बाद रोते-बिलखते परिजन। अमृत विचार

असेवटा निवासी प्रदीप उर्फ गुड्डू यादव 45 गांव के प्रधान होने के साथ प्रधान संघ के जिलाध्यक्ष भी थे। साथ ही समाजवादी पार्टी के नेता भी थे। शनिवार दोपहर तीन बजे के करीब उन्होंने सुरैंदा गांव के बाहर शीतल पेय में जहरीला पदार्थ मिलाकर निगल लिया। इसके बाद उन्होंने सुरैंदा निवासी बहनोई गुड्डू सिंह यादव को फोन कर जहरीला पदार्थ निगलने की जानकारी दी। मौके पर पहुंचे परिजन को उनकी पैंट की जेब से सल्फास की डिब्बी व तीन गोलियां व शीतल पेय की बोतल बरामद हुई। परिजन उन्हें निजी वाहन से सैफई ले गए। वहां से दिल्ली ले जाने के दौरान परी चौक पहुंचने पर रविवार सुबह उनकी मौत हो गई। अनहोनी पर पत्नी अनीता, बेटा सूर्या, बेटी प्राची, प्रांति, पिता कैलाश यादव व परिजन रोने लगे। पिता कैलाश ने बताया कि बेटा ठेकेदारी का काम भी करता था। उसकी जेसीबी सुरैंदा गांव के पास चल रही थी। शनिवार सुबह वह अपनी पत्नी से औरैया जाने की बात कह कर निकला था। अयाना थानाध्यक्ष अजय कुमार ने बताया कि आत्महत्या का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। परिजन ने पोस्टमार्टम करवाने से इंकार कर दिया है।

## होमगार्ड की पुत्री ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

**औरैया।** सदर कोतवाली के एक गांव निवासी होमगार्ड रविवार शनिवार रात ड्यूटी पर चला गया था। रविवार सुबह जागने के बाद पत्नी मवेशी का काम करने लगी। वहीं परिवार के अन्य लोग भी अपने काम में लगे थे। तभी उसकी 17 वर्षीय पुत्री ने कमरे में लगे पंखे से दुपट्टे के सहारे फंदा लगाकर जान दे दी। काम खत्म करके लौटी पत्नी ने लौटकर देखा तो उसकी चीख निकल गई। शोर सुनकर अन्य परिजन व गांव के लोग मौके पर पहुंच गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद शव को फंदे से नीचे उतार कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। साथ ही पुलिस ने परिवार के लोगों से पूछताछ की।

सूत्रों के अनुसार लगभग तीन माह पहले गांव निवासी एक युवक होमगार्ड की पुत्री को ले गया था। पिता की तहरीर पर लिखे गए मुकदमे में पुलिस ने तलाश कर पुत्री को परिजनों के सुपुर्द कर दिया था। साथ ही उसे ले जाने वाले आरोपी को पुलिस ने जेल भेज दिया था।

# पंचायत सचिवालय का ताला तोड़कर हुई चोरी

संवाददाता, फफूंद औरैया

- गांव में चलती रही रामलीला और चोर उठा ले गए कंप्यूटर बैटरी व अन्य सामान
- विकास खंड भाग्यनगर की ग्राम पंचायत पीपरपुर के पंचायत भवन का मामला

**अमृत विचार।** विकास खंड भाग्यनगर की ग्राम पंचायत पीपरपुर के पंचायत भवन का चोरों ने ताला तोड़ दिया। उसमें रखे कंप्यूटर, बैटरी, इन्वर्टर सहित तमाम सामान चोरी कर लिए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जांच पड़ताल की। ग्राम प्रधान ने पुलिस को तहरीर दी है।

ग्राम पंचायत पीपरपुर के पंचायत भवन में शनिवार रात चोर मुख्य दरवाजे का ताला तोड़कर अंदर घुस गए और अंदर कार्यालय का भी ताला तोड़कर वहां रखा प्रिंटर, कंप्यूटर, डीवीआर, इन्वर्टर, 2 बैटरियां सहित अन्य सामान चोरी कर लिया। चोर कार्यालय में रखी सेफ को भी तोड़कर उसमें रखे कागज चुरा ले गए। गांव में रात्रि के समय रामलीला का आयोजन चलता रहा और चोर चोरी की घटना को अंजाम देते रहे। सुबह ग्रामीणों ने दरवाजे का ताला टूटा देखा तो प्रधान अशोक यादव को बताया। सूचना पर पुलिस भी पहुंच गई और चोरी की घटना की जांच पड़ताल की। प्रभारी निरीक्षक जयप्रकाश पाल ने बताया कि तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।


पंचायत भवन का खुला पड़ा दरवाजा।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

## भागवत कथा में बाल लीलाओं का वर्णन

**अटसू, औरैया।** विकासखंड अजीतमल के ग्राम बल्लापुर में चल रही 9 दिवसीय कथा के छठवें दिन श्रद्धालुओं को गोवर्धन पर्वत और श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं की कथा सुनाई गई। कथा वाचक अंकुश शुक्ला महाराज ने कहा इंद्रदेव को अभिमान हो गया, तब लीलाधारी श्रीकृष्ण ने एक लीला रची। एक दिन श्रीकृष्ण ने देखा कि सभी ब्रजवासी तरह-तरह के पकवान बना रहे हैं। पता चला की सभी ब्रजवासी इंद्र देव के पूजन की तैयारी कर रहे हैं। इसके बाद उन्होंने इंद्रदेव का अभिमान तोड़कर गोवर्धन की पूजा शुरू कराई।

# बीएड प्रवेश परीक्षा में 987 में से 156 ने छोड़ी परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, औरैया

- शहर के टीएमवी व टीआईसी में हुई परीक्षा, पुलिस प्रशासन रहा मुस्तैद
- सघन चेकिंग के बाद कक्ष में मिला परीक्षार्थियों को प्रवेश दो पाली में हुई परीक्षा

**अमृत विचार।** शहर के दो केन्द्रों पर रविवार को बीएड प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया। 987 छात्र एवं छात्राओं में से 156 ने परीक्षा छोड़ दी। सुबह से ही परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षार्थियों की भारी भीड़ देखी गई। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस प्रशासन भी केन्द्रों के बाहर मुस्तैद दिखाई दिया। वहीं परीक्षा कक्ष में जाने से पहले छात्रों की सघन चेकिंग कराई गई।


तिलक महाविद्यालय में निरीक्षण करते डीएम डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी व एसपी अभिजीत आर शंकर।

रविवार को बीएड प्रवेश परीक्षा का आयोजन शहर के दो केन्द्रों पर किया गया। जिसमें तिलक महाविद्यालय में कुल 487 छात्र पंजीकृत थे, जिसमें से कुल 424 छात्रों ने परीक्षा दी जबकि 63 छात्रों ने परीक्षा छोड़ दी। इसी प्रकार से तिलक इंटर कालेज में कुल 500 छात्र पंजीकृत थे, जिसमें 407 परीक्षार्थी शामिल रहे, जबकि 93 छात्र परीक्षा में अनुपस्थि रहे। इस प्रकार कुल 987 छात्रों में से 831 छात्र परीक्षा में शामिल रहे। पहली पाली सुबह 9 बजे से प्रारंभ हुई जबकि दूसरी पाली दोपहर दो बजे से प्रारंभ होकर पांच बजे तक चली। सुबह एवं दोपहर की पाली में परीक्षा केन्द्रों के बाहर भारी पुलिस बल मुस्तैद दिखाई दिया। जबकि पुलिस की एक जीप परीक्षा केन्द्रों के बाहर एनाउंसमेंट करती हुई नजर आ रही थी। आस पास के दुकानदारों को अपनी अपनी दुकानें जो फोटो कापी एवं बुक स्टोर थे उनको बंद करने के निर्देश दे रही थी। परीक्षा कक्ष में जाने से पहले छात्रों की सघन तलाशी ली गई। किसी के पास कोई भी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण प्राप्त नहीं हुआ। वहीं सुरक्षा को देखते हुए एवं परीक्षा को नकल विहीन बनाए जाने को लेकर जिलाधिकारी डॉ इन्द्रमणि त्रिपाठी एवं पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर शंकर ने अधीनस्थों के साथ पहुंचकर परीक्षा केन्द्रों पर व्यवस्थाओं को परखा।

**समस्या** कईबार शिकायत के बावजूद नहीं हो रही सुनवाई

# नहीं बनी नाली, सड़क पर बह रहा गंदा पानी

संवाददाता अजीतमल, औरैया

**अमृत विचार।** जल निकासी की उचित व्यवस्था न होने से भीखेपुर जुहीखा मुख्य मार्ग पर जलभराव की समस्या बनी हुई है। मुख्य मार्ग पर गंदा पानी भरा होने से लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। रास्ते पर जलभराव से सड़क के दोनों ओर गड्ढे बन गए हैं। इसमें गिरकर आए दिन लोग जख्मी हो रहे हैं। रास्ते पर गंदा पानी भरा होने से आस पास बीमारी फैलने की आशंका भी बनी हुई है।


जलनिकासी की व्यवस्था न होने की वजह से सड़क पर भरा पानी। अमृत विचार

स्थानीय लोगों की शिकायत के बाद भी जलनिकासी की कोई व्यवस्था नहीं हो पा रही है। नेशनल हाईवे से सटा हुआ भीखेपुर कस्बा है। वैसे तो यह कस्बा ब्लाक क्षेत्र की दो ग्राम पंचायत रतनीपुर जगदीशपुर और भीखेपुर में आता है। सड़क के दोनों ओर बने घरों से निकलने वाला गंदा पानी रास्ते पर ही जमा रहता है। यहां जल निकासी की कोई व्यवस्था नहीं है। इसकी वजह यह है कि सड़क का निर्माण तो हो गया लेकिन जल निकासी की समस्या से निजात पाने हेतु नाली न होने से दुकानों के बाहर गंदा पानी भरा रहता है। भीखेपुर ग्राम प्रधान ममता देवी ने बताया कि बहुत जल्द ही मौके का निरीक्षण करके जल निकासी की व्यवस्था कराई जाएगी, जिससे आने जाने वाले लोगों सहित स्थानीय निवासियों को सुगमता हो सके। कस्बा निवासी कल्लू कुशवाह का कहना है कि सड़क के दोनों ओर जलभराव की समस्या होने से चलना दूभर हो गया है। सड़क के किनारे नाली निर्माण न होने से पानी रोड पर भरा रहता है। इससे मार्ग पर गुजरने वाले लोगों को काफी परेशानी हो रही है। स्थानीय निवासियों को संक्रामक बीमारी फैलने का भय बना हुआ है। वहीं, सुधीर कुमार राजपूत ने बताया कि कई बार इसकी शिकायत जिलास्तरी अधिकारियों से की गई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। मुख्य मार्ग पर जलभराव होने से सड़क की स्थिति भी खराब हो रही है। घर से बाहर सड़क पर निकलना दुश्वार है, लेकिन कोई अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं।

## मुकेश बाबू ने संभाला कोतवाली का चार्ज

**बिधूना, औरैया।** पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर शंकर द्वारा जनपद में कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने के उद्देश्य से किये गये स्थानांतरण के क्रम में दिबियापुर थाना प्रभारी मुकेश बाबू चौहान को बिधूना कोतवाली की कमान सौंपी गई है। शनिवार को कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मुकेश बाबू चौहान ने कोतवाली पहुंचकर अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया है। उन्होंने अधीनस्थों के साथ बैठक कर कहा कि भले लोगों का सम्मान और अपराधियों में पुलिस का खौफ रहे, इस अवसर पर इंस्पेक्टर क्राइम जितेन्द्र पाल सिंह, वरिष्ठ उप निरीक्षक संभूनाथ, कृष्ण गोपाल, सुहेलखान, सुघर सिंह मौजूद रहे।


मुकेश चौहान।

# भ्रामक खबरों को साझा न करें

संवाददाता फफूंद, औरैया

**अमृत विचार।** बकरीद त्योहार को प्रेम और भाईचारे के साथ मनाने के उद्देश्य से रविवार को फफूंद थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता क्षेत्राधिकारी महेंद्र प्रताप सिंह ने की, जिसमें नगर के सम्मानित नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों और प्रशासनिक अधिकारियों ने भाग लिया।

बैठक में नायब तहसीलदार अशोक कुमार, थाना प्रभारी जयप्रकाश पाल, नगर पंचायत से रिजवान बाबू सहित कई महत्वपूर्ण अधिकारी मौजूद रहे। क्षेत्राधिकारी ने बैठक में सभी संभ्रांत व्यक्तियों से अपील की कि कोई भी व्यक्ति सोशल मीडिया पर बचे हुए अवशेष या कुर्बानी की फोटो नहीं डालेगा।

साथ ही, किसी भी तरह की अफवाहें फैलाने या असामाजिकतत्वों की गतिविधियों को रोकने के लिए सख्त कदम उठाने का भरोसा दिलाया गया। अधिकारियों ने नागरिकों से सोशल मीडिया पर सतर्क रहने और भ्रामक खबरों को साझा न करने की अपील की। उन्होंने कहा कि यदि कोई संदिग्ध गतिविधि या समस्या नजर आए तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। इसके अलावा, पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था की विस्तृत जानकारी देते हुए समुदाय का सहयोग मांगा। बैठक के अंत में सभी समुदायों ने एकजुट होकर आपसी सौहार्द और भाईचारे के साथ त्योहार मनाने का संकल्प व्यक्त किया। इस बैठक का उद्देश्य समाज में सतर्कता, सुरक्षा और प्रेम का संदेश फैलाना था, जो आगामी त्योहार में स्पष्ट रूप से देखने को मिलेगा। यह प्रयास निश्चित ही समाज में शांति, सद्भाव और सहयोग की भावना को मजबूत करेगा। स्थानीय प्रशासन और समुदाय के संयुक्त प्रयास से यह बकरीद त्योहार न केवल धार्मिक पर्व होगा। बल्कि वास्तविक भाईचारे और सामाजिक समरसता का प्रतीक भी बनेगा।


बैठक के दौरान जानकारी देते सीओ महेन्द्र प्रताप सिंह। अमृत विचार

## एक नजर

### एंडिंग प्लास्टिक ग्लोबली का संकल्प लेकर पर्यावरण की रक्षा करेंगे बच्चे

**अमृत विचार, लखनऊ :** पर्यावरण दिवस को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आह्वान पर स्कूली बच्चों से लेकर युवा तक, सभी 'एंडिंग प्लास्टिक ग्लोबली' का संकल्प लेकर पर्यावरण की रक्षा करेंगे। इसके तहत नुक्कड़ नाटक, भाषण, चित्रकला प्रतियोगिताओं और प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को पर्यावरण के प्रति संवेदनशील बनाया जाएगा। पर्यावरण निदेशालय ने इसकी तैयारी भी शुरू कर दी है। निदेशक की तरफ से इसके लिए समस्त जिलाधिकारियों को पत्र भी भेजा गया है। विभाग की तरफ से रीजनल साइंस सेंटर, अलीगंज लखनऊ में मुख्य आयोजन होगा। विश्व पर्यावरण दिवस इस वर्ष प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करने, प्लास्टिक के उपयोग को कम करने व प्लास्टिक से बने सामानों का उपयोग न्यूनतम करने के उद्देश्य से मनाया जाएगा। उपनिदेशक श्रुति शुक्ला ने बताया कि पूरे प्रदेश में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

### मनोज यादव को दोबारा कांग्रेस पिछड़ा वर्ग विभाग की कमान

**अमृत विचार, लखनऊ :** कांग्रेस नेता मनोज यादव को फिर प्रदेश कांग्रेस पिछड़ा वर्ग विभाग का चेयरमैन बनाया गया है। शनिवार को पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव केसी वेणुगोपाल की ओर से इस सिलसिले में पत्र जारी किया गया। मनोज यादव सामाजिक न्याय के मुद्दे को लेकर निरंतर आंदोलन चला रहे थे। बताया जा रहा है कि इसी कारण उन्हें दोबारा जिम्मेदारी सौंपी गई है। लोकसभा चुनाव के दौरान उनके नेतृत्व में विभिन्न स्थानों पर पिछड़े वर्ग की जातियों के अलग-अलग सम्मेलन आयोजित किये गए थे। पार्टी को इसके सकारात्मक परिणाम मिले थे। पार्टी सूत्रों के अनुसार मनोज यादव अभी दिल्ली में हैं। जल्द ही प्रदेश मुख्यालय पहुंचकर नए सिरे से कार्यभार ग्रहण करेंगे।

### जीएनएम दाखिले के लिए काउंसिलिंग की तैयारी शुरू


**अमृत विचार, लखनऊ :** नर्सिंग कॉलेजों में संचालित जीएनएम पाठ्यक्रम में दाखिले के लिए आयोजित केंद्रीयकृत परीक्षा संपन्न होने के बाद कॉलेज आवंटन के लिए काउंसिलिंग की तैयारी शुरू हो गयी है। इसके लिए उप्र. स्टेट मेडिकल फैकल्टी ने सभी नर्सिंग प्रशिक्षण केंद्रों से यूपीजीईटी-2025 पोर्टल में जानकारी अपलोड करने के निर्देश दिए हैं। उप्र.स्टेट मेडिकल फैकल्टी के सचिव डॉ.अनुराग श्रीवास्तव ने बताया कि अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय द्वारा दाखिले के लिए केंद्रीयकृत प्रतिस्पर्धात्मक परीक्षा संपन्न हो चुकी है। अब परीक्षा में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को मेरिट के आधार पर कॉलेज आवंटित किए जाने हैं, इसके लिए कॉलेजों से सीट का ब्यौरा, शुल्क और छात्रावास की उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी मांगी गयी हैं, जिसके बाद काउंसिलिंग की तिथि निर्धारित की जाएंगी।

# एक ही समय पर दो शोध के लिए मिला 98 लाख का अनुदान

## बीबीएयू का मामला : 10 लाख रुपये उपकरण और केमिकल के लिए मिले लेकिन विवि में कोई रिकार्ड नहीं

शबाहत हुसैन विजेता, लखनऊ

**अमृत विचार :** शोध के नाम पर विश्वविद्यालयों में धन की कैसे बंदरबांट हो रही है, उसका ताजा उदाहरण राजधानी लखनऊ के बाबा साहब भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय (बीबीएयू) में देखने को मिला है। सहायक प्रोफेसर डॉ. पंकज अरोड़ा को एक ही वर्ष में दो शोध के लिए धन अवमुक्त कर दिया गया। पहला शोध 5 वर्ष में पूरा किया जाना था, उसके लिए 88 लाख रुपये भुगतान किया गया। दूसरा शोध 2 साल में पूरा किया जाना था। इस दूसरे शोध के लिए वैज्ञानिक उपकरण और केमिकल खरीदने के लिए 10 लाख रुपये का भुगतान किया गया। शोध तो किये गए लेकिन वैज्ञानिक उपकरण और केमिकल खरीद का कोई ब्यौरा विश्वविद्यालय को उपलब्ध नहीं कराया गया।



बीबीएयू ने बताया, विभाग के पास कोई जानकारी नहीं।

शोधकर्ता को लेमिनर एयर फ्लो, रोटावेयर, रोटरी वैक्यूम पम्प, ऑटोक्लेव, रेफ्रीजरेटर, डीप फ्रीजर और केमिकल खरीदने के लिए 10 लाख रुपये का भुगतान किया गया। शोधकर्ता ने भुगतान तो ले लिया लेकिन खरीद की कोई जानकारी विश्वविद्यालय को नहीं दी।

**नियमतः एक समय में एक ही शोध का मिलता है अनुदानः** नियम यह है किसी शोधकर्ता को एक समय में एक शोध के लिए वित्तीय सहायता मिलती है। शोध के लिए अनुदान भारत सरकार का विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी मंत्रालय प्रदान करता है। जैव प्रौद्योगिकी विभाग ने 16 मार्च 2018 को समलिंगी स्वामी फेलोशिप 2016-17 के तहत 88 लाख रुपये की वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई।

### सूचना के अधिकार के तहत जानकारी लेने पर खुलासा

इस शोध घोटाले की किसी को खबर ही न हुई होती यदि इस मामले में सूचना के अधिकार के तहत पूछा न गया होता। खोजबीन शुरू हुई तो विश्वविद्यालय के किसी भी विभाग के पास 10 लाख रुपये से खरीदी गई सामग्री का कोई हिसाब नहीं मिला। खरीदे गये उपकरणों के बारे में स्टोर के रिकार्ड में कोई जानकारी नहीं है। स्टोर ने लिखित जवाब दिया कि शोधकर्ता ने अपना खुद का रिकार्ड रजिस्टर बना रखा था और स्टोर को कभी कोई जानकारी उपलब्ध नहीं कराई। बाबा साहब भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के पृथ्वी एवं पर्यावरण विज्ञान विद्यापीठ के संकाय अध्यक्ष का लिखित जवाब है कि डॉ. पंकज कुमार अरोड़ा की परियोजना से सम्बन्धित कोई भी दस्तावेज विभाग में उपलब्ध नहीं है। संकाय अध्यक्ष के जवाब पर अपीलीय अधिकारी (वित्त) ने उनसे पूछा कि शोध परियोजना के तहत वैज्ञानिक उपकरण एवं केमिकल्स आदि की खरीद के स्टाक का अंकन प्रमुख अन्वेषक शोध परियोजना द्वारा परियोजना के लिए बनाए गये खुद के रजिस्टर में रखते थे। इससे तो वित्त विभाग संतुष्ट है, लेकिन जब उन्हें कार्यमुक्त किया गया तब विभाग ने सभी औपचारिकताएं क्यों नहीं पूरी कीं? अधिकारियों से सवाल-जवाब किये गये। लेकिन सूचना के अधिकार से मांगी गई सूचना के जवाब में स्पष्ट लिखा गया कि विभाग के पास इस सम्बन्ध में कोई रिकार्ड मौजूद नहीं है।

### धनराशि लेने के बाद शोधकर्ता गए दो वर्ष के असाधारण अवकाश पर

अनुसंधान परियोजना के प्रमुख अन्वेषक डॉ. पंकज कुमार अरोड़ा ने अनुसंधान के लिए सम्पूर्ण धनराशि 88 लाख रुपये प्राप्त कर ली। धनराशि प्राप्त करने के बाद डॉ. पंकज अरोड़ा दो साल के असाधारण अवकाश पर चले गये। विश्वविद्यालय के केंद्रीय जन सूचना अधिकार भंडार एवं खरीद अनुभाग ने लिखित बताया है कि अनुसंधान परियोजना के उपकरण और केमिकल खरीद का कोई रिकार्ड उनके पास नहीं है।

## अब्बास अंसारी मामले में हाईकोर्ट जाएंगे : राजभर

**अमृत विचार, लखनऊ :** मऊ से विधायक अब्बास अंसारी की सदस्यता खत्म होने के बाद योगी सरकार में कैबिनेट मंत्री और सुभासपा प्रमुख ओम प्रकाश राजभर ने कहा कि वह अपने विधायक अब्बास अंसारी के लिए हाईकोर्ट जाएंगे। उन्होंने कहा, हम अपना पक्ष रखने के लिए उच्च न्यायालय का रुख करेंगे। सुभासपा प्रमुख ने कहा कि अब्बास अंसारी सुभासपा से विधायक हैं। एमपी एमएलए कोर्ट के आदेश का स्वागत है लेकिन वह इस फैसले के खिलाफ उनकी पार्टी ऊपरी कोर्ट का दरवाजा खटखटाएगी। उन्होंने कहा कि सीट रिक्त घोषित करने में विधानसभा सचिवालय की ओर से खासी तेजी भी दिखाई गई।

# एसएएफ क्षेत्र में 3 हजार करोड़ का होगा निवेश

## 18 से अधिक कंपनियां इकाइयां स्थापित करने को तैयार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मुख्य सचिव की अध्यक्षता में इन्वेस्ट यूपी की राउंडटेबल बैठक

**अमृत विचार :** प्रदेश में 18 से अधिक कंपनियों ने सस्टेनेबल एविएशन फ्यूल (एसएएफ) इकाइयां स्थापित करने में गहरी दिलचस्पी दिखायी है। इन फर्मों ने सामूहिक रूप से यहां इस क्षेत्र में 3,000 करोड़ से अधिक के निवेश की रुचि दिखाई है। इनमें ग्रीनको, एएम ग्रीन्स, ई20 ग्रीनफ्यूल्स, न्यू एरा क्लीन टेक और मालब्रोस ग्रुप समेत डेढ़ दर्जन से अधिक कंपनियां शामिल हैं। इससे राज्य के वन ट्रिलियन डालर अर्थव्यवस्था बनने का मार्ग और प्रशस्त होगा।

मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह की अध्यक्षता में सस्टेनेबल एविएशन फ्यूल (एसएएफ) के विनिर्माण में अवसरों की खोज के उद्देश्य से इन्वेस्ट यूपी ने रविवार को लखनऊ के ताज होटल में एक उच्च-स्तरीय राउंडटेबल का आयोजन किया। इस बैठक में प्रमुख निवेशक, उद्योग जगत के प्रतिनिधि और नीति विशेषज्ञ शामिल हुए, जिन्होंने इस उभरते हुए हरित ऊर्जा क्षेत्र की संभावनाओं पर विस्तृत विचार-विमर्श किया।


**किसानों को मिलेगा सीधा लाभ :** इस नीति के अमल में आने के बाद स्थानीय कृषि क्षेत्रों से सीधे कच्चा माल खरीदने से, यह क्षेत्र ग्रामीण आय को बढ़ाने और बेहतर मूल्य दिलाने में मददगार होगा। मनोज कुमार सिंह ने कहा, यह नीति हमारे हरित ऊर्जा क्षेत्र में तेजी लाएगी।

### यूपी में लंबित जीएसटी मामलों का होगा समाधान

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में निवेशकों को सुविधाएं प्रदान करने और नीति संबंधी बाधाओं को दूर करने के उद्देश्य से मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह की अध्यक्षता में इन्वेस्ट यूपी ने रविवार को लखनऊ के ताज होटल में गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स (जीएसटी) से जुड़े मुद्दों पर एक उच्च-स्तरीय सत्र का आयोजन किया। इस दौरान मुख्य सचिव ने संबंधित विभागों को लंबित जीएसटी प्रतिपूर्ति मामलों को एक निश्चित समय-सीमा के भीतर शीघ्रता से निपटाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उद्योगों को मिलने वाले प्रोत्साहन और जीएसटी प्रतिपूर्ति में किसी भी प्रकार की ढिलाई नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य निवेशकों के लिए एक सहज और सुविधाजनक वातावरण बनाना है। जीएसटी मुद्दों का शीघ्र समाधान उद्योग के विश्वास को मजबूत करेगा और हमारी नीतियों को ठोस परिणामों में बदलने में मदद करेगा। इस सत्र का उद्देश्य निवेशकों की लंबित जीएसटी संबंधी चिंताओं को हल करना, राज्य के प्रोत्साहन तंत्र में स्पष्टता लाना और उत्तर प्रदेश को उद्योग-अनुकूल निवेश गंतव्य के रूप में और अधिक सशक्त बनाना था। बैठक में प्रमुख उद्योग जगत के हितधारकों, अग्रणी जीएसटी विशेषज्ञों और वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों ने भाग लिया। वरुण बेवरेजेज, बलरामपुर चीनी मिल्स और पसवाड़ा पेपर्स लिमिटेड सहित कई प्रमुख कंपनियों के प्रतिनिधि, साथ ही पिकअप और इन्वेस्ट यूपी के अधिकारी भी इस चर्चा में शामिल हुए।

### अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर 4075 स्थानों पर होगा सामूहिक योग

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश भर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर 4,075 स्थानों पर सामूहिक योगाभ्यास होगा। इसके पहले 15 जून से 21 जून तक योग सप्ताह मनाया जाएगा। इस दौरान जनपद, तहसील, ब्लॉक और ग्राम पंचायत स्तर पर सामूहिक योग कार्यक्रम, सेमिनार, कार्यशाला, संगोष्ठी, भाषण प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता, निबंध लेखन एवं स्लोगन प्रतियोगिता सहित कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। प्रमुख सचिव आयुष रंजन कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर योग के प्रचार-प्रसार के लिए 5000 प्रशिक्षित योग ट्रेनर तैयार किए गए हैं, जो प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में योगाभ्यास करवाएंगे। योग प्रशिक्षकों और आयुष महाविद्यालयों के प्रधानाचार्यों, प्रबंधकों द्वारा विभिन्न समितियों का गठन कर योग सप्ताह की व्यापक तैयारी की गई है। इन समितियों के माध्यम से चिकित्सा शिक्षा महाविद्यालय, व्यावसायिक शिक्षा महाविद्यालय एवं अन्य महाविद्यालयों में विद्यार्थियों के बीच योग से संबंधित कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।



प्रदेश के नवनियुक्त कार्यवाहक डीजीपी राजीव कृष्ण ने रविवार को लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके सरकारी आवास पर शिष्टाचार भेंट की।

# योगी के लिए इस बार खास होगा जन्मदिन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- राम दरबार की प्राण प्रतिष्ठा के मुख्य अतिथि होंगे योगी
- मान्यता है इसी तिथि को हुई थी द्वापर युग की शुरुआत

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के लिए विश्व पर्यावरण दिवस हर वर्ष खास रहा है, लेकिन इसबार इसी दिन योगी अयोध्या स्थित राम मंदिर के राम दरबार सहित पूरक मंदिरों में अन्य देवी-देवताओं की प्राण प्रतिष्ठा करेंगे। यही नहीं, मुहूर्त इसे और खास बना रहे हैं। मसलन यह कृष्ण के द्वापर युग की आरंभ तिथि है।

योगी के जन्मदिन 5 जून को ज्येष्ठ शुक्ल दशमी की तिथि है। यह मोक्षदायिनी, जीवनदायिनी, दुनिया के सबसे पुरानी सभ्यताओं का पालना रही भारतीय परंपरा में सबसे पवित्र एवं पूज्यनीय गंगा नदी के धरा पर अवतरण की भी तिथि है। उनका अवतरण सतयुग में हुआ था। इस तिथि पर गंगा दशहरा का आयोजन होता है। त्रेता में भगवान श्रीराम ने लंका पर चढ़ाई करने के पूरे रामेश्वरम की स्थापना भी इसी तिथि पर की थी। इस तरह इस तिथि का विस्तार सभी युगों तक है। योगी ने राम मंदिर के पक्ष में सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने के बाद अयोध्या के कायाकल्प के लिए खजाने का मुंह खोल दिया था।

# अर्थव्यवस्था बढ़ाने में वित्त आयोग से उम्मीद

## मुख्यमंत्री ने शीर्ष अधिकारियों के साथ 4 जून की प्रस्तावित बैठक को लेकर की तैयारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- अगले पांच वर्ष का तय होगा खाका, योगी सरकार करों में हिस्सेदारी बढ़ाने की रखेगी मांग

**अमृत विचार :** 16वें वित्त आयोग से प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनने में वित्तीय सहायता मिलने की बड़ी उम्मीद है। यहां दौरे पर आ रही आयोग की टीम 4 जून को बैठक करेगी, इसे लेकर रविवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में शीर्ष अधिकारियों की तैयारी बैठक हुई। इसमें अगले पांच वर्ष में केंद्रीय करों में राज्य की हिस्सेदारी बढ़ाने की रणनीति बनाई गई।

16वें वित्त आयोग के अध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया के नेतृत्व में टीम यूपी में 3 जून सीधे अयोध्या में रामलला का दर्शन-पूजन और विकास कार्यों का निरीक्षण करने के बाद शाम को लखनऊ आ जाएगी। यह आयोग 1 अप्रैल, 2026 से शुरू होने वाली पांच वर्षों की अवधि के लिए अपनी सिफारिशें देगा। आयोग का मुख्य काम केंद्र और राज्यों के बीच करों की आय का विभाजन निर्धारित करना है। यह आयोग राज्यों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के सिद्धांतों और मात्रा को भी निर्धारित करेगा। योगी सरकार को उम्मीद है कि आयोग से राज्य को वित्तीय सहायता मिलेगी ताकि विकास और बुनियादी ढांचे को मजबूत किया जा सके।

मुख्यमंत्री योगी ने रविवार को आयोग की बैठक के मद्देनजर आवास पर हुई तैयारी बैठक में केंद्रीय करों में राज्य हिस्सेदारी बढ़ाने पर मंथन किया। सूत्रों के अनुसार आयोग के साथ होने वाली बैठक में राज्य सरकार द्वारा केंद्रीय करों में यूपी की हिस्सेदारी बढ़ाने की मांग रखी जाएगी। वर्ष 2015 तक राज्य को मिलती रही करों में 19.7 प्रतिशत हिस्सेदारी फिर से दिए जाने की मांग पर सरकार का अधिक फोकस रहेगा। राज्य सरकार द्वारा केंद्रीय करों में राज्यों की हिस्सेदारी के लिए तय 41 प्रतिशत धनराशि को और बढ़ाने की मांग भी रखी जाएगी।

### विभागों व राजनीतिक दलों के साथ भी बैठक करेगी टीम

केंद्रीय वित्त आयोग के अध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया के नेतृत्व में 13 सदस्यीय टीम चार जून को सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक लोकभवन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ बैठक करेगी। इसके बाद शाम चार बजे से होटल रेनेशा में आयोग की टीम चार बैठकें करेगी। यह बैठकें नगर विकास विभाग, पंचायती राज विभाग, राजनीतिक दलों के साथ ही औद्योगिक क्षेत्र से जुड़े लोगों के साथ होगी। 5 जून को सुबह टीम का वाराणसी में विकास योजनाओं का निरीक्षण व भ्रमण करके अगले दिन वापस दिल्ली जाएगी।

# सीसीटीवी कैमरों के बावजूद मिला खामियों का अंबार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने किया सीतापुर जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण
- शिकायती पत्र से लेकर संसाधनों की अनदेखी देखने को मिली

**अमृत विचार :** प्रदेश में 24 घंटे सीसीटीवी कैमरे की निगरानी के बावजूद उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक को औचक निरीक्षण के दौरान सीतापुर जिला अस्पतालों में अव्यवस्थाओं का अंबार मिला। एक के बाद एक खामियां मिलने पर उन्होंने अस्पताल प्रशासन फटकार भी लगायी। अब स्वास्थ्य विभाग ने अस्पताल में संसाधन जुटाने शुरू कर दिए हैं, स्वास्थ्य महानिदेशालय द्वारा मरीजों के लिए अनुमन्य सभी दवाओं की उपलब्धता समेत 25 बिन्दुओं का पत्र मुख्य चिकित्सा अधिकारी सीतापुर व अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को जारी कर, कमियों को तत्काल दूर करने के निर्देश दिए गए हैं।

सीतापुर जिला अस्पताल अपवाद नहीं है, कमोवेश प्रदेश के अधिकांश अस्पतालों के हालात यही होने की संभावना है। इसके बाद इंटीग्रेटेड कमांड सेंटर सेवा की उपयोगिता पर सवाल खड़े हो गए हैं। उक्त क्रम में सीतापुर जिला अस्पताल में सुबह ओपीडी में दिखाने के लिए पंजीकरण पर्चे 7.30 बजे से बनना शुरू हो जाएंगे।

सीतापुर जिला अस्पताल भी स्वास्थ्य महानिदेशालय स्थित इंटीग्रेटेड कमांड सेंटर एंड कंट्रोल रूम ( हेल्थ ऑनलाइन पैरामीटर इवोल्यूशन, होप) से संबद्ध है और डेढ़ दर्जन कैमरों के माध्यम से 24 घंटे अस्पताल में मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं की निगरानी भी हो रही है। बावजूद ओपीडी में डॉक्टर की अनुपस्थिति मिली, डॉक्टर द्वारा लिखी दवाएं मरीज बाहर से खरीदने के लिए मजबूर हैं, पर्चा काउंटर पर मरीजों को लंबी-लंबी लाइन में जूझना पड़ रहा है, परिसर में अधिकांश जगह सड़क खराब मिलीं, जिन्हें तत्काल सही कराने के निर्देश दिए गए हैं। इमरजेंसी में मरीजों को दुश्वारियों से बचाने व समय पर तत्काल उपचार उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए हैं।

## उन्नत कृषि के बिना विकसित भारत की कल्पना नहीं : शिवराज

**अमृत विचार, लखनऊ :** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत रविवार को मेरठ के दबथुआ ब्लाक के सुरूरपुर में कृषक वैज्ञानिक संवाद में हिस्सा लेते हुए कहा कि बिना उन्नत कृषि के विकसित भारत की कल्पना नहीं की जा सकती। इसी उद्देश्य से 16 हजार कृषि वैज्ञानिकों को प्रत्यक्ष रूप से अपने शोध एवं अनुभव किसानों के बीच लाने तथा किसानों की समस्या व अनुभव के आधार पर नवीन शोध के लिए अवसर बनाने का निर्देश दिया गया है।


## वर्ग पहेली- 449

**बाएं से दाएं**

1. 1. किसी तीर्थ स्थान के अंदर पड़ने वाले मुख्य देवस्थलों की यात्रा। 2. किसी तीर्थ की परिक्रमा।
4. 1. चमकना, प्रकाश बिखेरना 2. क्रीड़ा, आमोद-प्रमोद।
5. 1. एक प्रकार की पालकी 2. योग साधना में एक प्रकार का आसन।
7. 1. आवेश में आना 2. बुरा लगना, नाराज़ होना 3. चिड़चिड़ाना, चिढ़ना।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. सूर्य की किरणों का समूह 2. सूर्य और चंद्रमा के चारों ओर का वलय या घेरा 3. सूर्यमंडल, चंद्रमंडल।
2. एक वृक्ष जिसके फूल, फल और पत्तियां सभी दवा बनाने के काम आते हैं।
3. नयापन, नूतनता।
5. अच्छे या शुभ दिन।
6. खाला अर्थात मौसी का पति, मौसा।



### वर्ग पहेली -448 का हल



## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 2 जून, सोमवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि- सप्तमी 20.37 तक तत्पश्चात अष्टमी।

**मेष** — आज आप कोई नया काम शुरू करने से बचें। किसी की गारंटी न लें वरना नुकसान हो सकता है। आपकी अच्छी सलाह भी लोगों को समझ नहीं आएगी, इसीलिए बिना मांगे किसी को सलाह न दें। पुराने विवाद दोबारा उठ खड़े हो सकते हैं।

**वृष** — आज आपके सामाजिक संपर्क मधुर होंगे। तनाव के बावजूद कार्यक्षेत्र में आपका प्रदर्शन अच्छा रहेगा। जॉब इंटरव्यू आदि में सम्मिलित हो रहे हैं, तो सफलता अवश्य मिलेगी। कई आवश्यक कार्य समय से पहले पूर्ण हो जाएंगे।

**मिथुन** — आज आपका दिन काफी व्यस्त रहेगा। पैतृक संपत्ति के मामलों के उलझने की संभावना बन रही है। ऑफिस में गुप्त शत्रु आपके विरुद्ध चुगली कर सकते हैं। वकालत की पढ़ाई कर रहे विद्यार्थियों को नया कुछ सीखने को मिलेगा।

**कर्क** — आज इससे आपके संबंध मधुर होंगे। मित्रों के भरोसे अपने काम न छोड़ें। ऑनलाइन मार्केटिंग का काफी अच्छा प्रयोग कर सकते हैं। अपनी रोग-प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए खानपान और योग पर ध्यान दें।

**सिंह** — आज बोलचाल में अपशब्दों का प्रयोग न करें। विद्यार्थी करियर को लेकर लापरवाह हो सकते हैं। दूसरों की सहायता करके आपको आत्मसंतुष्टि महसूस होगी। आप जिस काम को आसान मान रहे थे, वह आपको काफी परेशान करेगा।

**कन्या** — आज दोपहर के बाद आपको कोई शुभ सूचना मिल सकती है। इससे आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। भौतिक भोग-विलास का भरपूर आनंद लेंगे। घर में प्रसन्नता का माहौल रहेगा। ऑफिस में सहयोगियों का साथ मिलेगा।

**तुला** — आज आपको बड़े व प्रभावशाली लोगों से मिलना पड़ सकता है। भविष्य को ध्यान में रखते हुए नए कार्यों की तरफ प्रवृत्त हो सकते हैं। महत्वपूर्ण कार्यों को दिन के पूर्वार्ध में कर लेना हितकर होगा। अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी निभाएंगे।

**वृश्चिक** — आज नए व्यापारिक अनुबंध कर सकते हैं। आर्थिक मामलों में भाग्यशाली रहेंगे। पिता के साथ चर्चा व उनका आशीर्वाद लेना उत्तम होगा। पुराने रुके हुए कार्य शुरू हो सकते हैं। दांपत्य संबंधों में आपसी समझ और सामंजस्य में वृद्धि होगी।


**धनु** — आज ऑफिस में कार्यभार की अधिकता रहेगी। एक ही काम को बार-बार करना पड़ सकता है। महिलाओं को अपनी सुरक्षा को लेकर थोड़ा ध्यान रखना पड़ेगा। महत्वपूर्ण कार्यों को एक-दो दिन के लिए टालना हितकर होगा।

**मकर** — आज आपके खर्चों में कमी आएगी। जॉब में मनोनुकूल काम मिलने से काफी अच्छा व सहज महसूस करेंगे। फाइनेंस से जुड़े मामलों के लिए दिन बहुत अच्छा है। विवादित मामलों में आपकी विजय हो सकती है। प्रेम संबंधों को लेकर परेशानी होगी।

**कुंभ** — आज रुचि पूर्ण कार्य करने के अवसर मिलेंगे। राजनीति में आप विशेष रुचि ले सकते हैं। आप लोगों से सम्मान की अपेक्षा रखेंगे। ऑफिस के काम से कहीं बाहर जाना पड़ सकता है। सहकर्मियों के साथ आपकी दोस्ती बढ़ सकती है।

**मीन** — आज अपरिचित लोगों से ज्यादा तालमेल न बढ़ाएं। दोस्तों के साथ बिजनेस पार्टनरशिप को लेकर चर्चा हो सकती है। धीमी गति से आपके काम बनते प्रतीत होंगे। बच्चे पढ़ाई के बजाय दूसरे कार्यों में समय ज्यादा खर्च करेंगे।

### आज का पंचांग




दिशाशूल- पूर्व। ऋतु- ग्रीष्म।
चन्द्रबल- मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुंभ, मीन।
ताराबल- अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र- मघा 22.56 तक तत्पश्चात पूर्वा फाल्गुनी।

## सुडोकू -173

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | | | | |
| | | | | 4 | | | | |
| | | | | | | | | 7 |
| | | | 6 | | | | | |
| | 3 | | | | | | 2 | |
| | | | | | 2 | | | |
| | | 5 | | | | | 3 | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | 1 | | | |

### सुडोकू - 172 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 1 | 4 | 2 | 5 | 3 | 9 | 6 |
| 9 | 4 | 6 | 1 | 3 | 8 | 5 | 2 | 7 |
| 5 | 2 | 3 | 6 | 9 | 7 | 1 | 8 | 4 |
| 7 | 8 | 5 | 9 | 4 | 1 | 6 | 3 | 2 |
| 3 | 9 | 4 | 2 | 7 | 6 | 8 | 5 | 1 |
| 6 | 1 | 2 | 5 | 8 | 3 | 4 | 7 | 9 |
| 1 | 5 | 7 | 3 | 6 | 2 | 9 | 4 | 8 |
| 4 | 3 | 8 | 7 | 1 | 9 | 2 | 6 | 5 |
| 2 | 6 | 9 | 8 | 5 | 4 | 7 | 1 | 3 |

अनाहूत: प्रविशति अपृष्टो बहु भाषते।
अविश्चस्ते विश्चसिति मूढचेता नराधम:॥

मूर्ख व्यक्ति बिना आज्ञा लिए किसी के भी कक्ष में प्रवेश करता है, सलाह मांगे बिना अपनी बात थोपता है तथा अविश्वसनीय व्यक्ति पर भरोसा करता है।

## संपादकीय

# शुद्ध एफडीआई में गिरावट

भारत जहां तेजी से विकास कर रहा है, वहीं चिंता की बात है विदेशी कंपनियां भारत में निवेश किए गए धन को वापस अपने देश ले जा रही हैं। यह प्रवृत्ति भारत में शुद्ध विदेशी प्रत्यक्ष निवेश (एफडीआई) के स्तर को कम कर रही है। इसका मतलब है कि भारत में विदेशी निवेश की शुद्ध मात्रा कम हो रही है। एफडीआई को लेकर हाल के सरकारी आंकड़ों से स्पष्ट है कि वित्त वर्ष 2024-25 में भारत में शुद्ध एफडीआई सिर्फ 0.4 अरब डॉलर रहा, जबकि पिछले वर्ष यह 10.1 अरब डॉलर था। यानी इसमें करीब-करीब 96 फीसदी की गिरावट आई है। दूसरी ओर, सकल एफडीआई यानी कुल विदेशी निवेश में 13.7 फीसदी की बढ़ोतरी देखी गई है, जो अब 81 अरब डॉलर तक पहुंच चुका है। नेट एफडीआई में गिरावट से साफ है कि भारत में भले ही निवेश आया हो, लेकिन उसी समय बड़ी मात्रा में पैसा बाहर भी गया है। सवाल उठता है कि क्या विदेशी कंपनियों में धन वापस भेजने की प्रवृत्ति बढ़ रही है। यानी कुछ कंपनियां भारतीय बाजार में अपनी हिस्सेदारी कम कर रही हैं। हालांकि एफडीआई में कमी सिर्फ भारत की समस्या नहीं है, बल्कि यह एक वैश्विक ट्रेंड है, लेकिन यह प्रवृत्ति भारत के लिए एक चिंता का विषय है क्योंकि यह भारत की अर्थव्यवस्था को प्रभावित कर सकती है। शुद्ध एफडीआई की कमी से भारत में रोजगार सृजन, आर्थिक विकास और नवाचार पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है।

वास्तव में, प्रत्यक्ष विदेशी निवेश किसी देश की अर्थव्यवस्था का एक आवश्यक चालक है क्योंकि वे नौकरी बाजार, तकनीकी ज्ञान के आधार को बढ़ावा देते हैं और गैर-लोन वित्तीय संसाधन प्रदान करते हैं। 1991 के आर्थिक संकट के बाद भारत में आर्थिक उदारीकरण शुरू हुआ और तब से भारत में एफडीआई में लगातार वृद्धि हुई है, जिसके बाद एक करोड़ से अधिक नौकरियां पैदा हुईं। सरकार ने एफडीआई को बढ़ावा देने के लिए कई नीतियां और प्रोत्साहन भी दिए हैं, जैसे ' मेक इन इंडिया' पहल। साथ ही देश में एफडीआई को आकर्षित करने के लिए कई कारकों पर ध्यान दिया जाता है जैसे कि गतिशील कारोबारी माहौल और उदार क्षेत्रीय नीतियां। निवेश में गणितीय अवधारणाओं को समझना महत्वपूर्ण है क्योंकि यह निवेश निर्णयों में मदद करता है और जोखिमों को कम करता है। निवेश नीतियों में सुधार करने से निवेशकों को बेहतर निर्णय लेने और जोखिमों को कम करने में मदद मिल सकती है। जब तक विदेशी कंपनियों के अनुकूल देश में इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार नहीं करेंगे, तब तक बहुत अधिक निवेश की उम्मीद नहीं की जा सकती है।

# बदलते भारत को चाहिए तेज, तकनीकी रक्षा रणनीति



योगेश कुमार गोयल
वरिष्ठ पत्रकार

भविष्य की चुनौतियों से निपटने के लिए केवल रणनीतिक इरादों से काम नहीं चलेगा, बल्कि जमीनी कार्यवाही, ठोस निवेश, पारदर्शी तंत्र और तत्काल क्रियान्वयन की जरूरत है, क्योंकि यदि आज की रक्षा जरूरतें पूरी नहीं हुई तो आने वाला कल शायद देश के लिए और चुनौतीपूर्ण हो सकता है।

भारत की वायुशक्ति और रक्षा तैयारियों को लेकर हाल के दिनों में कुछ गंभीर सवाल उठाए गए हैं और ये सवाल किसी और नहीं, बल्कि स्वयं देश के सर्वोच्च वायुसेना अधिकारी ने उठाए हैं। एयर चीफ मार्शल अमरप्रीत सिंह का यह बयान कि 'एक भी रक्षा परियोजना समय पर पूरी नहीं होती' केवल एक क्षोभ नहीं, बल्कि उस हताशा और यथार्थ का प्रतिबिंब है, जिसे भारतीय सशस्त्र बल दशकों से झेल रहे हैं। घरेलू रक्षा उत्पादन को लेकर किए गए वादों, घोषणाओं और नीतियों की पोल अब खुलकर सामने आ रही है, खासकर तब, जब देश को अपने पड़ोसी देशों के साथ लगातार बढ़ती सुरक्षा चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है।

22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले और उसके जवाब में सात मई को भारत द्वारा पाकिस्तान के भीतर किए गए हवाई हमले के बाद उपजे हालात ने इस बात को और स्पष्ट कर दिया कि भारत को तत्काल और निर्णायक सैन्य क्षमताओं की आवश्यकता है। भारत-पाकिस्तान के बीच तीन दिनों तक चले ड्रोन हमले, मिसाइल वार और सीमाओं पर भारी गोलाबारी के बाद दोनों देशों ने भले ही 10 मई को संघर्ष विराम की घोषणा कर दी, लेकिन इस टकराव ने देश की सामरिक तैयारी को लेकर एक नई बहस को जन्म दे दिया है।

इस पूरे परिदृश्य में वायुसेना प्रमुख का यह कथन कि 'हम ऐसा वादा क्यों करें, जो पूरा ही नहीं हो सकता?' बहुत कुछ कहता है। भारत वर्षों से 'मेक इन इंडिया' के जरिए रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भरता हासिल करने की कोशिश कर रहा है, लेकिन वास्तविकता यही है कि आज भी भारत को अपने हथियारों, लड़ाकू विमानों, टैंकों और यहां तक कि इंजन तक के लिए विदेशों पर निर्भर रहना पड़ता है। एयर चीफ मार्शल एपी सिंह का बयान ऐसे समय आया है, जब भारत में 83 तेजस एमके-1 ए विमानों की डिलीवरी पहले ही देरी का शिकार हो चुकी है। 2021 में हुए समझौते के अनुसार हिंदुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) को इन्हें डिलीवर करना था, लेकिन अभी तक एक भी विमान वायुसेना को नहीं मिला है। इसी तरह 70 एचटीटी-40 बेसिक ट्रेनर विमानों की डिलीवरी भी सितंबर 2025 तक पूरी होनी थी, लेकिन विशेषज्ञ मानते हैं कि इसमें भी देरी तय है। वायुसेना प्रमुख का कहना है कि केवल निर्माण नहीं, बल्कि 'डिजाइन इन इंडिया' की आवश्यकता है यानी भारत को सिर्फ असेंबलिंग नहीं, स्वदेशी तकनीक और नवाचार के जरिए रक्षा क्षेत्र को खड़ा करना होगा। रक्षा विशेषज्ञ राहुल बेदी का आकलन और अधिक चिंता बढ़ाने वाला है। उनके अनुसार, रक्षा मंत्रालय की व्यवस्था इतनी धीमी और जटिल है कि किसी भी रक्षा परियोजना को पूरा होने में औसतन 7-10 साल लग जाते हैं।

> एयर चीफ मार्शल के बयान का अर्थ केवल यह नहीं है कि घरेलू डिफेंस सिस्टम की डिलीवरी में देरी हो रही है, बल्कि यह भी है कि वर्तमान जरूरतों को देखते हुए यदि घरेलू उत्पादन सक्षम नहीं है, तो विदेशी विकल्पों को प्राथमिकता दी जाए। उनका स्पष्ट संकेत है कि आज की जरूरत आज ही पूरी होनी चाहिए, भविष्य की योजनाओं से वर्तमान की रक्षा नहीं की जा सकती।

मिसाल के तौर पर एडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एएमसीए) की मंजूरी अभी हाल में ही दी गई है, जो भारत का पहला पांचवीं पीढ़ी का स्टेल्थ फाइटर जेट है, अभी भी प्रोटोटाइप चरण में है। पहला प्रोटोटाइप 2029 तक तैयार होने की उम्मीद है और उत्पादन 2035 से शुरू होने की संभावना है। उसके बाद इसे वायुसेना में शामिल होने में कम से कम तीन साल और लगेंगे। इसका सीधा और स्पष्ट अर्थ है कि यदि सबकुछ ठीक रहा तो भी इस परियोजना को पूरा होने में 13 वर्ष लगेंगे। भारत और रूस के बीच 2007-08 में शुरू हुआ एफजीएफए परियोजना का करार भी नाकाम रहा। भारत ने इस परियोजना पर 11 साल तक समय और धन खर्च किया, लेकिन 2018 में इससे बाहर हो गया। वहीं रूस ने इस परियोजना को आगे बढ़ाया और आज 'सुखोई-57' के रूप में उसका स्टेल्थ फाइटर सामने है। यदि भारत इससे जुड़ा रहता तो आज उसके पास भी एक उन्नत स्टेल्थ लड़ाकू विमान होता। जब हम भारतीय वायुसेना की स्क्वाड्रन की संख्या को देखते हैं, तो यह स्थिति और गंभीर हो जाती है। 42 स्क्वाड्रन की स्वीकृति के बावजूद वर्तमान में वायुसेना के पास केवल 30 स्क्वाड्रन ही हैं, जिनमें से दो से तीन स्क्वाड्रन अगले एक-दो वर्षों में सेवानिवृत्त होने वाली है यानी निकट भविष्य में वायुसेना की ताकत केवल 28 स्क्वाड्रन तक सीमित रह सकती है। यह संख्या चीन और पाकिस्तान के संयुक्त खतरे को देखते हुए बेहद अपर्याप्त है।

वायुसेना ने 2018-19 में 114 लड़ाकू विमानों की तत्काल आवश्यकता का प्रस्ताव रखा था, लेकिन छह वर्ष बाद भी उस प्रस्ताव पर कोई निर्णायक प्रगति नहीं हुई है। इसका मतलब है कि हमारी सुरक्षा जरूरतें नीति-निर्धारकों की प्राथमिकता में नहीं हैं। राफेल लड़ाकू विमान की खरीद की कहानी भी देरी और जटिलताओं का उदाहरण है। 2007-08 में इसकी प्रक्रिया शुरू हुई थी, लेकिन अनुबंध पर हस्ताक्षर 2016 में हुए और डिलीवरी 2018 से शुरू हुई। इसी तरह तेजस लड़ाकू विमान पर बातचीत 1981 में शुरू हुई थी, लेकिन इसके पहले वर्जन को आने में 40 साल लग गए और वह भी तब, जब उसका 45 प्रतिशत हार्डवेयर आज भी इंपोर्टेड है। इसका इंजन अमेरिका से आता है और सबसे अहम बात यह है कि अब तक भारत अपने किसी भी प्रमुख लड़ाकू विमान, टैंक या हेलीकॉप्टर के लिए स्वदेशी इंजन विकसित नहीं कर पाया है।


एयर चीफ मार्शल के बयान का अर्थ केवल यह नहीं है कि घरेलू डिफेंस सिस्टम की डिलीवरी में देरी हो रही है, बल्कि यह भी है कि वर्तमान जरूरतों को देखते हुए यदि घरेलू उत्पादन सक्षम नहीं है, तो विदेशी विकल्पों को प्राथमिकता दी जाए। उनका स्पष्ट संकेत है कि आज की जरूरत आज ही पूरी होनी चाहिए, भविष्य की योजनाओं से वर्तमान की रक्षा नहीं की जा सकती। ग्लोबल फायर पावर की 2025 की रिपोर्ट के अनुसार भारत विश्व की चौथी सबसे शक्तिशाली सेना है, जबकि पाकिस्तान 12 वें स्थान पर है। भारत के पास 22 लाख से अधिक सक्रिय सैनिक, 4,201 टैंक, लगभग डेढ़ लाख बख्तरबंद वाहन और 3,975 तोपें हैं। वायुसेना के पास 2,229 विमान हैं, जिनमें 513 लड़ाकू विमान शामिल हैं, लेकिन फिर भी स्क्वाड्रन की संख्या जरूरत से कम है। यही वह अंतर है, जो तकनीकी और रणनीतिक तैयारियों की कमी को दर्शाता है। भारत का रक्षा बजट 2025-26 के लिए 6.81 लाख करोड़ रुपये हैं, जिसमें से केवल 1.80 लाख करोड़ रुपये आधुनिकीकरण और नए हथियारों की खरीद के लिए निर्धारित हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि यह राशि चीन जैसी चुनौतियों का सामना करने के लिए अपर्याप्त है।

बहरहाल एयरचीफ मार्शल की यह टिप्पणी कि 'अब समय है डिजाइन इन इंडिया का' अपने आप में एक नई सोच को जन्म देती है, जब तक हम केवल 'असेंबलिंग' करते रहेंगे, आत्मनिर्भरता दूर का सपना ही बनी रहेगी। 'मेक इन इंडिया' का सपना तभी साकार होगा, जब भारत स्वदेशी रक्षा उत्पादन की संपूर्ण प्रणाली (डिजाइन, विकास, उत्पादन और परीक्षण) को सक्षम बनाएगा, लेकिन जिस तरह की देरी, नीति-निर्धारण में अनिर्णय और तकनीकी निर्भरता अब तक देखी गई है, उससे स्पष्ट है कि भारत को एक 'बोल्ड डिफेंस रिफॉर्म' की जरूरत है। स्वदेशी तकनीक और स्वदेशी रणनीतिक औद्योगिक क्षमताएं विकसित करने के लिए सरकार, निजी क्षेत्र, अनुसंधान संस्थानों और सेना, सभी को मिलकर एक ठोस रोडमैप बनाना होगा।

इस पूरे विमर्श में एक बात बिल्कुल स्पष्ट है कि वायुसेना प्रमुख की चेतावनी को केवल बयान भर न समझा जाए, यह देश की सुरक्षा नीति के लिए एक निर्णायक क्षण है। भविष्य की चुनौतियों से निपटने के लिए केवल रणनीतिक इरादों से काम नहीं चलेगा, बल्कि जमीनी कार्यवाही, ठोस निवेश, पारदर्शी तंत्र और तत्काल क्रियान्वयन की जरूरत है, क्योंकि यदि आज की रक्षा जरूरतें पूरी नहीं हुई तो आने वाला कल शायद देश के लिए और चुनौतीपूर्ण हो सकता है।

## प्रसंगवश

# जेठ



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस


जेठ शब्द 'ज्येष्ठ' का तद्भव है, जो 'बड़े' के अर्थ में प्रयुक्त होता है। हिंदू कलेंडर में इस नाम का एक महीना होता है। साथ ही यह एक रिश्ते का भी नाम है। किसी स्त्री के पति के बड़े भाई को जेठ कहते हैं। जेठ महीना हिंदू वत्सर का तीसरा मास है और यह नामकरण इसलिए हुआ, क्योंकि इसकी पूर्णिमा को चंद्र देव ज्येष्ठा नक्षत्र पर होते हैं।

इस समय गर्मी चरम पर होती है। जायसी कवि 'पद्मावत'में कहते हैं," जेठ जरै जग चलै लुवारा। उठहिं बवंडर परहिं अंगारा"।। और उनकी वियोगिनी रानी नागमती की स्थिति यह है: "चारिउ पवन झकोरै आगी। लंका दाहि पलंका लागी।।" इस मास में यदि खूब तपन हो, तभी सही रहता है। बारिश अच्छी होती है।

घाघ कहते हैं,"जेठ मास जब तपै निरंता। तब जानौ वरषा बलवंता", किंतु यदि इसमें पुरवाई हवा चलें, तो वर्षा क्षीण होती है,'जब जेठ चलै पुरवाई। तब सावन धूरि उड़ाई"। जेठ में जब थोड़ा पानी बरस जाता है, तो उसे 'दवंगरा' कहते हैं। पहले यातायात के साधन न के बराबर थे। पैदल या बैलगाड़ी ही थी, अतः इस महीने में यात्राएं वर्जित थीं। जहां तक जेठ के रिश्ते की बात है, तो इसकी बड़ी मर्यादा स्थापित है। छोटे भाई की पत्नी न केवल उन्हें घूंघट काढ़ती है, बल्कि वह उस पाटा पर भी नहीं बैठ सकती, जिस पर ज्येष्ठ भोजन आदि के लिए बैठे हो। इतना ही नहीं, उनका नाम लेना तो दूर, जेठ शब्द कहने पर भी दोष लग जाता है।

एक कथा के अनुसार एक महिला के जेठ का नाम 'कपूर' था। वह पंसारी की दूकान पर कपूर खरीदने गई। अब न तो वह कपूर शब्द कह सकती थी और न ही जेठ। अतः वह कुछ यों बोली,"बैसाखै ऊपर उइ लगैं, जिनकी हमैं है लाज। ऐ बनिया! हमैं वो देव, जामें आवै षास सुवास"।। दुकानदार समझ नहीं पा रहा था। संयोग से वहां एक कवि खड़े थे,तो वे समझ गए और दुकानदार से कहा,"गुप्ता जी! ये शायद कपूर मांग रही हैं, इनके जेठ का यही नाम है"। महिला बोली, हां! ऐसा ही है, तब उसे सौदा मिल पाया। अब बड़ों में भगवान विष्णु इंद्र के छोटे भाई मान्य हैं। उनकी पत्नी लक्ष्मी जी ज्येष्ठ जी से कितनी दूरी बनाकर रखतो हैं, इसकी कोई स्पष्ट कथा उपलब्ध नहीं है।

# देश में जासूसी का मायाजाल



प्रमोद भार्गव
वरिष्ठ पत्रकार

> डिजिटल तकनीक के माध्यम से देश को खतरे में डालने वाले इन संचार उपकरणों पर शिकंजा कसने की कठोर नीति बनाने की जरूरत है।

यह बेहद चिंताजनक और शर्मनाक है कि पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए एक के बाद एक भारतीय जासूसी करते पकड़े जा रहे हैं। यह शुरुआत पाकिस्तान के लिए जासूसी के आरोप में गिरफ्तार यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा के साथ हुई थी। हरियाणा की रहने वाली ज्योति के साथ उसके पांच साथियों को भी हिरासत में लिया है। जासूसी करने वाले ये लोग हरियाणा और पंजाब के हैं।

ज्योति का इंस्टाग्राम खाते को खंगालने पर पता चला है कि ज्योति पहलगाम में आतंकी हमला होने के एक महीने पहले श्रीनगर और पहलगाम की यात्रा पर थी। उसके तार पाकिस्तान उच्चायुक्त में काम करने वाले दानिश नाम के एक अधिकारी से भी जुड़े पाए गए हैं। इसी ने ज्योति को पाकिस्तान भेजा था। ज्योति कई महीने से भारतीय खुफिया एजेंसियों के रडार पर थी। उसकी संदिग्ध विदेशी यात्राएं और संदिग्ध विदेशी लोगों से संपर्कों ने उसे जासूसी करने के दायरे में लाकर खड़ा कर दिया। वह लगातार अपने यूट्यूब चैनल पर संवेदनशील सैन्य स्थलों के वीडियो डाल रही थी। इसके बाद राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने पाकिस्तान के लिए कथित रूप से जासूसी करने को लेकर केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के सहायक उपनिरीक्षक मोतीराम जाट को भी हिरासत में लिया है। वह 2023 से राष्ट्रीय सुरक्षा से संबंधित गोपनीय जानकारी पाकिस्तान के खुफिया अधिकारियों को पहुंचा रहा था। इसी तरह की जासूसी करते हुए एक निजी कंपनी में इंजीनियर रवि वर्मा को हिरासत में लिया गया है। यह कंपनी रक्षा विभाग में ठेके पर काम करती थी। रवि पर मुंबई में नौसेना के प्रतिबंधित क्षेत्र के बारे में पाकिस्तान को महत्वपूर्ण जानकारी देने के आरोप लगे हैं। उसने 14 युद्धपोतों और रक्षा जहाजों की जानकारी दी है। रवि को पाकिस्तानी खुफिया ऑपरेटिव (पीआईओ) की जिस महिला एजेंट ने अपने जाल में फंसाया था, उसका नाम पायल शर्मा और इस्प्रित बताया गया है। इन महिलाओं के साथ रवि हनीट्रैप में था।


कुछ साल पहले एटीएस ने मध्य प्रदेश में 15 लोगों को जासूसी के आरोप में हिरासत में ले लिया था। इस जासूसी का तंत्र ओडिशा और आंध्र प्रदेश तक फैला पाया गया था। जासूसी नेटवर्क में भोपाल के तीन लोग पकड़े गए थे। इनमें ध्रुव सक्सेना और मोहित अग्रवाल एक राजनैतिक दल से जुड़े थे। इस पूरे नेटवर्क का सरगना सतना का बलराम था, जो इन लोगों के साथ मिलकर समानांतर टेलीफोन ऐक्सचेंजों के मार्फत इंटरनेट कॉल को मोबाइल नेटवर्क में बदलकर चाहे गए नंबरों पर बात करवाने का अवैधानिक काम करते थे। पाकिस्तान को गोपनीय जानकारियां भेजने वाले इन लोगों में से ज्यादातर उच्च शिक्षित और सूचना तकनीक से बीई थे। हैरानी देश की गुप्तचर संस्थाओं पर इसलिए है, क्योंकि जासूसी का यह नेटवर्क तीन साल से चल रहा था और उन्हें भनक तक नहीं लग पाई थी। यदि जम्मू के थाना आरएस पुरा में सतविंदर और दादू नहीं पकड़े गए होते तो मध्य-प्रदेश में फैल चुके आईएसआई के इस जासूसी नेटवर्क का भंडाफोड़ ही नहीं होता?

हालांकि प्रदेश एटीएस ने अपनी पड़ताल को महज तीन माह के भीतर जिस कामयाबी के साथ अंजाम तक पहुंचाकर रैकेट का पर्दाफाश जिस तत्परता से किया है, वह सराहनीय पहल थी, लेकिन बड़ा सवाल है कि खुफिया तंत्र इस जासूसी नेटवर्क के तार पकड़ने में क्यों नाकाम रहा? जबकि अब हमारे पास ध्वनि तरंगों और व्यक्ति की आवाज को बीच में ही पकड़ने के आधुनिकतम उपकरण हैं। सिम कार्डों और बैंक खातों को आधार पहचान-पत्र से जोड़ने पर नरेंद्र मोदी सरकार लगातार दबाव बनाए हुए है। बावजूद बलराम के पास से 100 सिम पाईं गईं और बैंकों में उसके 100 से भी ज्यादा खाते पाए गए। इससे पता चलता है कि डिजिटल इंडिया देशद्रोही गतिविधियों पर शिकंजा कसने के बजाय, उन्हें आसान बना रहा है।

एक तरफ देश की नीतियां ऐसी बनाई जा रही हैं कि नागरिक डिजिटल तकनीक का उपयोग करने के लिए बाध्य हो या फिर स्वेच्छा से करे। दूसरी तरफ सोशल साइट ऐसे ठिकाने हैं, जिन्हें व्यक्ति निजी जिज्ञासा पूर्ति के लिए उपयोग करता है। केंद्र व राज्य सरकारों की अनेक ऐसी कल्याणकारी योजनाएं हैं, जो सीधे उपभोक्ता के बैंक खाते में धन पहुंचाती हैं। नोटबंदी और जीएसटी इस मकसद से अमल में लाए गए थे कि सरकारी, व्यावसायिक और निजी लेनदेन में अधिकतम पारदर्शिता आए और देश भ्रष्ट व्यवस्था से मुक्त हो? इन लक्ष्यों को हम कितना हासिल कर पाए हैं, यह तो फिलहाल साफ नहीं है, लेकिन इन प्लेटफार्मों के जरिए खाताधारकों का धन उड़ाने और जरूरतमंदों की लड़ाई लड़ने वाले कार्यकताओं की जासूसी करने का कुचक्र जरूर सामने आता रहा है। अतएव डिजिटल तकनीक के माध्यम से देश को खतरे में डालने वाले इन संचार उपकरणों पर शिकंजा कसने की कठोर नीति बनाने की जरूरत है।

## सोशल फोरम

# मानव संस्कृति का विकास



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर


मानव संस्कृति की विकास धारा दो किनारों के बीच में बहती रही है और बह रही है। एक किनारा मनुष्य जैसा है अर्थात् यथार्थ और दूसरा किनारा है- मनुष्य जैसा होना चाहिए अर्थात् आदर्श। इसमें तो कोई संदेह ही नहीं कि इस द्वंद्व के बीच ही मानव संस्कृति का विकास हुआ है और हो रहा है। जैसा होना चाहिए वाला पक्ष अर्थात् आदर्शवाद एक तो है नहीं, उसमें बहुत मतभेद और संघर्ष हैं।

इस संघर्ष का कारण सत्ता है, वह सत्ता धर्म के तंत्र की हो अथवा धन के तंत्र की हो या राज्य के तंत्र की। कितने धर्म हैं? धर्म नहीं, वे वास्तव में धर्म के तंत्र की सत्ताएं हैं। सभी धर्मसत्ताएं यह कहती हैं कि यदि दुनिया के सभी लोग हमारे धर्मतंत्र में आ जाएं, तो बस मानव-कल्याण हो जाए, स्वर्ग धरती पर उतर आवे। धर्मतंत्र की सत्ता वाले इतने खूंखार हो जाते हैं कि वे अभी भी कल्पना कर रहे हैं कि दुनिया हम जैसी हो जाएगी। इन लोगों ने ईश्वर की परिकल्पना को भी उससे जोड़ लिया है, उस परिकल्पना को हम गॉड कहें या खुदा कहें अथवा अन्य कोई नाम दे लें। आतंकवादी भी उसी लाइन के लोग हैं। "जैसा होना चाहिए।" वाले पक्ष में तथाकथित राष्ट्रवादी भी हैं, जो बचपन से ही बालक को मन में कुछ अवधारणाओं की प्रतिष्ठा करते हैं और साम्यवादी भी हैं, जिन्होंने सोवियत-संघ के जमाने में ब्रेनवाश करने के बहुत से प्रयोग किए थे। "जैसा होना चाहिए।" आइडियोलॉजी वाला यह पक्ष सत्तावादी होता है। यह समझता है कि सत्ता हमारे हाथ में रहेगी तो हम जैसा चाहते हैं, मनुष्य वैसा ही बन जाएगा। इस पक्ष के लोग अंततः व्यष्टि स्वार्थ के संगठन को जन्म देते हैं। स्वार्थों की गांठें लगती चली जाती हैं और संगठन विकसित होता चला जाता है।

धन की सत्ता वाला समूह भी इसकी ही छत्ती के नीचे अपना स्वार्थ साधन करता है, इसलिए राजसत्ताएं और धनसत्ताएं इस पक्ष को साधन प्रदान करती हैं। आतंकवाद को प्रश्रय कौन दे रहा है? ये ही शक्तियां हैं। ध्यान देने की बात यह है कि "जैसा होना चाहिए।" वाले पक्ष में एक समष्टि पक्ष भी होता है। सच तो यह है कि व्यष्टिस्वार्थों के संगठन वाला पक्ष भी समष्टि पक्ष को ही सिद्धांत आइडियोलॉजी के रूप में प्रचारित करता है।

-फेसबुक वॉल से

# पूर्वोत्तर भारत: देश की राजस्व वृद्धि का नया इंजन



रजत मेहरोत्रा
वित्तीय सलाहकार

> स्टार्टअप इंडिया योजना के तहत अब तक 1,200 से अधिक स्टार्टअप इस क्षेत्र से पंजीकृत हो चुके हैं। इनमें से कई कृषि, पर्यटन, बायोटेक और ई-कॉमर्स जैसे क्षेत्रों में नवाचार कर रहे हैं।

पूर्वोत्तर भारत, जिसे कभी देश के विकास मानचित्र पर हाशिए पर रखा गया क्षेत्र माना जाता था। आज राष्ट्रीय आर्थिक विकास की एक नई उम्मीद बनकर उभर रहा है। आठ राज्यों- अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, मिजोरम, मणिपुर, नागालैंड, त्रिपुरा और सिक्किम का यह क्षेत्र न केवल अपनी जैविक खेती, प्राकृतिक संसाधनों और सांस्कृतिक विविधता के लिए प्रसिद्ध है, बल्कि अब कृषि, पर्यटन, सीमा व्यापार, हैंडलूम और स्टार्टअप जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देकर भारत की राजस्व संरचना को मजबूत कर रहा है। यह परिवर्तन आकंड़ों और तथ्यों में भी स्पष्ट रूप से दिखाई देता है।

नीति आयोग की 2023 की रिपोर्ट बताती है कि पूर्वोत्तर के आठों राज्यों की कुल सम्मिलित जीएसडीपी 6.8 लाख करोड़ के पार पहुंच चुकी है। इसमें असम सबसे आगे है, जिसकी अकेले की जीएसडीपी 2.7 लाख करोड़ है। वहीं, सिक्किम और मिजोरम जैसे छोटे पहाड़ी राज्य भी 8 प्रतिशत से 10 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर दर्ज कर रहे हैं, जो अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है। इसका मुख्य कारण यह है कि इन राज्यों में पारंपरिक संसाधनों का वैज्ञानिक उपयोग, पर्यटन को बढ़ावा और केंद्र सरकार की विशेष योजनाएं अब प्रत्यक्ष राजस्व में बदल रही हैं। पूर्वोत्तर भारत को जैविक खेती के लिए आदर्श क्षेत्र माना जाता है। सिक्किम पहले ही 100 प्रतिशत जैविक राज्य घोषित किया जा चुका है। इसके अलावा मेघालय, मणिपुर और नागालैंड जैसे राज्य भी तेजी से जैविक उत्पादों की खेती की ओर बढ़ रहे हैं। वर्ष 2023-24 में इन राज्यों ने लगभग 2.5 लाख मीट्रिक टन जैविक उत्पादों का उत्पादन किया, जिसमें जैविक चाय, हल्दी, अदरक और बांस जैसे उत्पाद प्रमुख हैं। इन उत्पादों की देश और विदेशों में जबरदस्त मांग है। अकेले जैविक उत्पादों से क्षेत्र को 1,350 करोड़ की निर्यात आय हुआ, जिससे न केवल किसानों की आय बढ़ी, बल्कि क्षेत्र के राजस्व में भी इजाफा हुआ। पर्यटन भी अब पूर्वोत्तर की आर्थिकी का अहम स्तंभ बनता जा रहा है। साल 2022-23 में पूर्वोत्तर राज्यों में लगभग 1.15 करोड़ घरेलू और 1.2 लाख विदेशी पर्यटक पहुंचे। इसमें 'एक्ट ईस्ट पॉलिसी', 'देखो अपना देश' और 'होमस्टे पर्यटन' जैसी योजनाओं का योगदान रहा है। पर्यटन मंत्रालय के अनुसार, पर्यटन से संबंधित सेवाओं से पूर्वोत्तर ने 4800 करोड़ से अधिक की आय अर्जित की। यह न केवल स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा करता है, बल्कि होटल, परिवहन और हस्तशिल्प जैसे क्षेत्रों में भी आर्थिक गति लाता है। पूर्वोत्तर की भौगोलिक स्थिति इसे दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों के साथ व्यापार करने के लिए एक रणनीतिक केंद्र बनाती है। भारत-म्यांमार, भारत-बांग्लादेश और अब प्रस्तावित त्रिकोणीय मार्ग (भारत-चीन-भूटान) से सीमा व्यापार को बढ़ावा मिल रहा है। असम और मणिपुर जैसे राज्य सीमा व्यापार के जरिए 1,100 करोड़ से अधिक का वार्षिक राजस्व उत्पन्न कर रहे हैं। प्रधानमंत्री गति शक्ति योजना के तहत 1.76 लाख करोड़ की इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाएं पूर्वोत्तर में चल रही हैं, जिनमें सड़क, रेलवे, जलमार्ग और हवाई संपर्क शामिल हैं। इससे लॉजिस्टिक लागत में गिरावट आई है और क्षेत्रीय उत्पादों की देश व विदेशों तक आसान पहुंच संभव हुई है। पूर्वोत्तर के हैंडलूम और हथकरघा उद्योग की बात करें तो यह न केवल सांस्कृतिक धरोहर है, बल्कि अब एक सशक्त आर्थिक गतिविधि भी बन चुका है। त्रिपुरा, मिजोरम और नागालैंड जैसे राज्यों के हथकरघा उत्पाद अब ऑनलाइन प्लेटफार्मों के माध्यम से अंतर्राष्ट्रीय बाजार में पहुंच रहे हैं। 2023-24 में इन उत्पादों का कुल निर्यात 620 करोड़ के पार पहुंचा। इससे जुड़े लाखों कारीगरों को न केवल रोजगार मिला, बल्कि यह क्षेत्र के लिए आय का एक स्थायी स्रोत बन गया है। इसके साथ ही केंद्र सरकार की " पूर्वोत्तर औद्योगिक विकास योजना" (एनईआईडीएस) के तहत अब तक 3,800 करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्तावों को स्वीकृति मिल चुकी है। शिक्षा और डिजिटल साक्षरता में वृद्धि ने पूर्वोत्तर के युवाओं को उद्यमिता की ओर प्रेरित किया है।

स्टार्टअप इंडिया योजना के तहत अब तक 1,200 से अधिक स्टार्टअप इस क्षेत्र से पंजीकृत हो चुके हैं। इनमें से कई कृषि, पर्यटन, बायोटेक और ई-कॉमर्स जैसे क्षेत्रों में नवाचार कर रहे हैं। इन स्टार्टअप्स ने अब तक 500 करोड़ से अधिक का निजी निवेश आकर्षित किया है, जो यह दिखाता है कि पूर्वोत्तर अब सिर्फ संसाधनों पर आधारित अर्थव्यवस्था नहीं, बल्कि नवाचार आधारित विकास की दिशा में भी अग्रसर है। अंततः, यह स्पष्ट है कि पूर्वोत्तर भारत अब देश की आर्थिक धारा में एक मजबूत स्तंभ के रूप में उभर चुका है। आने वाले वर्षों में यदि यही गति बनी रही, तो पूर्वोत्तर भारत न केवल देश की जीडीपी में 8 प्रतिशत से अधिक योगदान देगा, बल्कि क्षेत्रीय असमानताओं को भी दूर करेगा। यह 'सबका साथ, सबका विकास' के सपने को हकीकत में बदलने की दिशा में एक बड़ा कदम साबित होगा।

# खत्म होता दिख रहा लाल आतंक



डॉ. आशीष वशिष्ठ
लखनऊ

2010 में तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने जिसे भारत की सबसे बड़ी आंतरिक सुरक्षा चुनौती कहा था, वही नक्सलवाद अब खत्म होता दिख रहा है। नक्सलियों ने नेपाल के पशुपति से आंध्र प्रदेश के तिरुपति तक एक रेड कॉरिडोर स्थापित करने की योजना बनाई थी। 2013 में लगभग 126 जिलों में नक्सली सक्रिय थे। वर्तमान में नक्सलवाद से सबसे ज्यादा प्रभावित जिलों की संख्या 6 हो गई। इनमें छत्तीसगढ़ के चार जिले- बीजापुर, कांकेर, नारायणपुर और सुकमा, झारखंड का एक जिला- पश्चिमी सिंहभूमि और महाराष्ट्र का एक जिला- गढ़चिरौली शामिल है। पिछले एक दशक में मिली सफलता का श्रेय सुरक्षा रणनीति के साथ ही विकास योजनाओं में आई तेजी को भी जाता है। सरकार ने लक्षित विकास योजनाएं चलाईं, जिनसे लोगों का भरोसा दोबारा जीता जा सका। सड़क और मोबाइल नेटवर्क जैसी बुनियादी सुविधाओं में काफी सुधार हुआ है। केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल के कामों ने स्थानीय लोगों के दिलों में जगह बनाई है। वहीं, 'रोशनी योजना' ने आदिवासी युवाओं को कौशल विकास और रोजगार प्राप्त करने में मदद की है। केंद्र सरकार ने साफ कर दिया है कि वह उन मानवाधिकार कार्यकर्ताओं के दबाव में नहीं आएगी, जो बंदूक उठाने वाले माओवादी उग्रवादियों का समर्थन करते हैं। पिछले एक दशक से सरकार ने माओवाद के खिलाफ एक मजबूत और बहुआयामी रणनीति अपनाई है, जो अब काफी असरदार साबित हो रही है। ध्यान इस बात का रखना होगा क़ि नक्सलवाद फिर सिर न उठा पाए, इसके लिए प्रभावित इलाकों में अगला चरण लोकोन्मुखी सरकार, भूमि अधिकार, स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा और आर्थिक उत्थान पर फोकस होना चाहिए।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 117/एल/320-ए, नवीन नगर काकादेव, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह***
0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

एक नजर

## पीएम पर अभद्र टिप्पणी करने का आरोपी गिरफ्तार

सुमेरपुर (हमीरपुर)। सोशल मीडिया पर प्रधानमंत्री के खिलाफ अमर्यादित पोस्ट करने पर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। विगत दिनों कस्बे के गुरुगुज थोक निवासी रविंद्र कुमार भारतवंशी ने प्रधानमंत्री के खिलाफ अभद्र भाषा का इस्तेमाल करते हुए सोशल मीडिया पर एक पोस्ट डाली थी। पोस्ट पर लोगों ने तरह-तरह के कमेंट किए। प्रधानमंत्री पर अमर्यादित टिप्पणी से आहत भाजपा कार्यकर्ता पचखुरा बुजुर्ग निवासी सुनील सोनकर ने पुलिस रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इस पर पुलिस ने रविवार को सुबह इसको दबोचकर जेल भेजा है।

## दो लोगों ने महिला के साथ की मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

मौदहा (हमीरपुर)। घर में अकेली महिला को दो लोगों ने गाली गलौज कर पीट दिया। पुलिस ने मामला दर्ज किया है। ग्राम बहमौली डीहा डेरा निवासी प्रीति ने कोतवाली में दिए शिकायती पत्र में बताया कि उसके घर के सभी लोग एक अंतिम संस्कार में गए थे। तभी रामलखन और मैना ने आकर उसके साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। हालांकि मोहल्ले के लोगों के आने पर आरोपी चले गए। पीड़िता ने बताया कि मारपीट में उसका मंगल सूत्र भी गिर गया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच कर दी है।

## अपहरण कर जान से मारने की धमकी पर रिपोर्ट दर्ज

मौदहा (हमीरपुर)। युवक को फोन कर अपहरण कर रात तक जान से मार देने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने नामजद आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। सिसोलर थानाक्षेत्र के ग्राम चांदीकला निवासी सौरभ सिंह ने थाने में दिए शिकायती पत्र में बताया कि उसे लगातार दो अलग अलग नम्बरों से अपहरण कर जान से मारने की धमकी दी जा रही है। जिसके बाद उसने फोन करने वाले से नाम पूछा तो उसने अपना नाम टिकरी बुजुर्ग निवासी अमित सिंह बताया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## आत्महत्या के लिए उकसाने का मुकदमा दर्ज

बिवांर (हमीरपुर)। बीते दिन कुएं में मिले किशोरी के शव को लेकर पिता ने गांव के युवक पर किशोरी को आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज कराया है। बिवांर थानाक्षेत्र के ग्राम बांधुर खुर्द में बीते शनिवार को कुंए में किशोरी की लाश मिली थी। जिसके बाद किशोरी के पिता नोखेलाल प्रजापति ने गांव के पंकज नामक युवक पर अपनी पुत्री को परेशान करने और फोन पर लड़की से अश्लील बातें करने व धमकी देने का आरोप लगाया है। जिसके चलते परेशान होकर उसकी पुत्री आरती ने गांव के सचिवालय के निकट के कुंए में कूदकर आत्महत्या की है। इस संबंध में थाना प्रभारी ने बताया कि मामला दर्ज किया गया है आरोपी की तलाश जारी है, जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार किया जाएगा।

## मकान में लगी आग से लाखों की गृहस्थी जली

हमीरपुर। अज्ञात कारणों के चलते रिहायशी मकान में आग लगने से गृहस्थी का सामान जलकर खाक हो गया। सूचना पर पहुंची दमकल टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। सदर कोतवाली क्षेत्र के मेरापुर निवासी बृजमोहन पुत्र स्व. विशम्भर सविता के रिहायशी मकान में अज्ञात कारणों के चलते आग लग गई। स्थानीय लोगों ने दमकल विभाग को सूचना दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद किसी तरह आग पर काबू पाया। तब तक घर में रखा दैनिक उपयोग का सामान सहित गृहस्थी जलकर राख हो गई। पीड़ित के पुत्र सर्वेश ने बताया कि इस घटना से लगभग उनका दो लाख रुपये का नुकसान हुआ है।

# शिक्षक ने चाकू से खुद का गला रेता, गई जान

## परिजनों ने पुलिस को सूचना दिए बिना किया अंतिम संस्कार

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

अमृत विचार। कानपुर में भर्ती बहन को लखनऊ रेफर करवाकर घर लौटे प्राइवेट शिक्षक ने आपसी कहासुनी के बाद स्वयं का चाकू से गला रेत लिया। गंभीर हालत में परिजन व मकान मालिक उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। बिना पुलिस को सूचित दिए परिजन उसे पैतृक गांव ले गए, जहां शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

जनपद फतेहपुर के थाना चांदपुर के दपसौरा निवासी सतीश द्विवेदी (28) पुत्र उदित नारायण सदर कोतवाली क्षेत्र के मिश्राना मोहल्ला निवासी स्वाराज कुशवाहा के मकान में किराए पर रह रहा था। वह किसी स्कूल में प्राइवेट तौर पर पढ़ाकर अपना जीवन यापन कर रहा था। पड़ोसियों के अनुसार सतीश की बहन गंभीर रूप से बीमार है, जिसका कानपुर में इलाज चल


कमरे में लगा ताला। अमृत विचार

रहा है। शनिवार की सुबह सतीश बहन को देखने कानपुर गया था। जहां से बहन को लखनऊ पीजीआई रेफर किया गया। सतीश शाम को घर लौट कर आ गया। देर रात उसकी परिजनों से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। जिसके बाद उसने चाकू से स्वयं का गला काट लिया। जानकारी होने पर परिजन और मकान मालिक उसे लहूलुहान हालत में जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। परिजन बिना पुलिस को सूचना दिए शव को पैतृक गांव दपसौरा ले गए। जहां उन्होंने आनन-फानन में सतीश के शव का अंतिम संस्कार कर दिया। मोहल्लेवासियों के अनुसार देर रात झगड़े की आवाज आ रही थी। लगभग रात 12 बजे लहूलुहान हालत में युवक को चादर और गमछा से लपेट कर ठिलिया में लाद कर जिला अस्पताल ले गए थे। किसी के न टोकने से घटना की जानकारी नहीं हो सकी। वहीं पुलिस मीडिया सेल के अनुसार सूचना पर पुलिस ने घटनास्थल पर जाकर देखा तो खून के निशान मिले तथा कमरे में ताला लगा हुआ था। मृतक सतीश के पिता उदित नारायण से दूरभाष पर वार्ता की गई तो उनके द्वारा बताया गया कि शव को अपने घर फतेहपुर ले जाकर अंतिम संस्कार कर दिया। मृतक सतीश के पिता उदित नारायण को थाने पर बुलाया गया है। जांच व तथ्यों की जानकारी कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# संदिग्ध परिस्थितियों के चलते युवक की मौत

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

अमृत विचार। कस्बे के पठानपुरा मोहल्ला निवासी एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों के चलते मौत हो गई। परिजनों ने अज्ञात द्वारा जहर खिलाकर हत्या करने की आशंका जताई है।


कृष्णकांत।

कस्बे के पठानपुरा निवासी आशीष कुमार वर्मा ने बताया कि बीते दो दिन पूर्व उसका भाई कृष्णकांत (19) कानपुर गया था। शनिवार को वह वापस राठ आ रहा था। कस्बे के रानी लक्ष्मीबाई पार्क स्थित पेट्रोल पंप के पास बेहोश हो गया। हमीरपुर पुलिस ने अचेत अवस्था में उसे जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर उसे कानपुर के हैलट अस्पताल रेफर कर दिया। बताया कि जब उसके भाई को हैलट लेकर पहुंचे तो चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। आशीष कुमार वर्मा ने किसी अज्ञात व्यक्ति पर उसके भाई को जहरीला पदार्थ खिलाकर मारने की आशंका जताई है। परिजनों ने बताया कि मृतक अविवाहित था। ट्रक में खलासी था। कोतवाली पुलिस ने कहा शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। रिपोर्ट आने के बाद कारण पता चल पाएगा।

### संदिग्ध हालात में रिटायर्ड फौजी की चली गई जान

राठ (हमीरपुर)। मुस्करा थाने के गहरौली गांव में संदिग्ध परिस्थितियों के चलते एक रिटायर्ड फौजी की मौत हो गई। मृतक के परिजनों का कहना है कि हार्ट अटैक आने के चलते मृत्यु हुई है। घटना की जानकारी लगते ही मृतक के परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। जानकारी के अनुसार गहरौली गांव निवासी रामपाल (55) पुत्र शिवसहाय की शनिवार की शाम करीब 7 बजे अचानक हालत बिगड़ गई। जब तक परिजन कुछ करते फौजी की मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि रामपाल रिटायर्ड फौजी था। रिटायर्ड फौजी दो एकड़ कृषि भूमि में खेती किसानी भी करता था। फौजी अपने पीछे पत्नी आरती के अलावा पुत्र अंकित, पुत्री नेहा और कृष्णा सहित अन्य सभी परिजनों को रोता बिलखता हुआ छोड़ गया है। पुलिस का कहना था कि शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

सार-संक्षेप


सड़क पर लोगों द्वारा फेंका गया सामान। अमृत विचार

## दुकानदार ने बच्ची के साथ की अश्लीलता, रिपोर्ट दर्ज

राठ (हमीरपुर)। कस्बे के उरई बस स्टैंड के पास फल फ्रूट की दुकान लगाने वाले कथित कांग्रेसी नेता वृद्ध दुकानदार ने एक मासूम के साथ अश्लीलता कर दी। जिसके बाद मासूम बच्ची के शिकायत करने से नाराज परिजनों व मोहल्ले के लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। लोगों ने आरोपी की फल फ्रूट की दुकान को तहस नहस करते हुए दुकान का सामान सड़क पर फेंक दिया। जिसके बाद सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थिति को संभाला। वहीं कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष गोविंद अहिरवार ने बताया कि आरोपी वृद्ध कांग्रेस पार्टी का पदाधिकारी व कार्यकर्ता नहीं है। उन्होंने बताया कि आरोपी कांग्रेस पार्टी के होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों में अपनी फोटो खींचने के लिए पहुंच जाता था। पार्टी का आरोपी से कभी कोई लेना देना नहीं रहा है। वहीं मामले में कोतवाली के इंस्पेक्टर रामासरे सरोज ने बताया कि आरोपी वृद्ध मौके से फरार हो गया था। जिसकी तलाश की जा रही है। आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।



बड़े चौराहे में राहगीरों को शर्बत पिलाते जमीयत उलेमा के पदाधिकारी।

## जमीयत उलेमा ने राहगीरों को शर्बत पिलाया

मौदहा (हमीरपुर)। जमीयत उलेमा द्वारा कस्बे के निजामी गेट बड़ा चौराहा में एक जनसेवा कार्यक्रम किया गया। जिसमें भीषण गर्मी और चिलचिलाती धूप से परेशान आम लोगों के लिए शर्बत का स्टॉल लगाया गया। इस अवसर पर जमीयत उलेमा के सदस्यों और पदाधिकारियों ने बिना किसी धर्म या राष्ट्रीयता के भेदभाव के राहगीरों, यात्रियों और आम लोगों को ठंडा स्वच्छ जल और शरबत पिलाया। इस नेक कार्य का नेतृत्व जमीयत उलेमा के अध्यक्ष मौलाना शकीलुद्दीन नदवी ने किया। जबकि मोहम्मद अनवार (महासचिव), मौलाना अब्दुल मतीन (उपाध्यक्ष), मोहम्मद अरशद खान (सचिव), मोहम्मद रेहान (सचिव), डॉ .निहाल हाफिज ताजुद्दीन और हाफिज मोहम्मद तैयब, उस्ताद मदरसा सैयदना अबू बक्र सिद्दीकी ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सक्रिय रूप से भाग लिया। इस अवसर पर जमीयत उलेमा के सभी पदाधिकारियों और सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।


जल निकासी की व्यवस्था के लिए एनएचएआई की टीम से बात करते चेयरमैन।

## जल निकासी के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे बनेगा नाला

सुमेरपुर (हमीरपुर)। नगर पंचायत अध्यक्ष की पहल पर राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण कस्बे में जल निकासी के इंतजाम के लिए पटरी में हुए अतिक्रमण हटाकर नाला का निर्माण की राह प्रशस्त कराएगा। रविवार को कस्बे में पहुंची एनएचएआई की टीम ने मौका मुआयना किया है उम्मीद है कि जल्द ही इसका कार्य प्रारंभ होगा। जल निकासी के लिए कस्बे के मध्य से गुजरे हाईवे किनारे पुख्ता इंतजाम नहीं है। इससे बरसात में लोगों के सामने बड़ी समस्या खड़ी होती है। इसको मद्देनजर रखकर नगर पंचायत अध्यक्ष ने समस्या के समाधान के लिए नाला निर्माण करने का निर्णय लिया है लेकिन समस्या यह है कि हाईवे की पटरी में अतिक्रमण होने से निर्माण की राह में रोड़ा उत्पन्न हो रहा है। लिहाजा नगर पंचायत की पहल पर एन एच आई की टीम ने अतिक्रमण हटाने के लिए मौका मुआयना किया है। एन एच आई टीम ने नगर पंचायत अध्यक्ष को आश्वस्त किया है कि वह जल्द ही अतिक्रमण हटवा कर नाला निर्माण का मार्ग प्रशस्त कराऐगी।


रेडियम युक्त रंगीन स्टीकर लगाए खड़े ई-रिक्शा।

## ई-रिक्शों पर लगे रेडियम युक्त स्टीकर

सुमेरपुर (हमीरपुर)। ई रिक्शा संघ ने संघ में पंजीकृत ई रिक्शा में रेडियम युक्त रंगीन स्टीकर चस्पा किए हैं। ताकि रात के अंधेरे में भी ई-रिक्शा का नंबर यात्रियों को स्पष्ट नजर आए। ई रिक्शा संघ के संरक्षक महेश गुप्ता दीपू का कहना है कि उनका प्रयास संघ को बेहतर बनाने का है। कस्बे के ई रिक्शा संघ में कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित होने वाले 535 ई रिक्शा पंजीकृत है। इनका नाम एवं पता का रजिस्टर बनाकर क्रमवार संघ का लोगो जारी करके नंबर डाल दिया है। यात्रियों को रात के समय संघ द्वारा निर्गत नंबर ई रिक्शा में नजर आए इसके लिए रेडियम युक्त लोगों लगाया गया है। संघ के अध्यक्ष धीरू यादव ने बताया कि संघ में पंजीकृत हुए ई-रिक्शों की सूची परिवहन विभाग के साथ यातायात प्रभारी को सौंप दी गई है। संघ ने उन्हीं ई रिक्शा को पंजीकृत किया है। जिनके पास सभी तरह के वैध कागजातों के साथ ड्राइविंग लाइसेंस है। बगैर कागजात वाले ई रिक्शों को संघ में शामिल नहीं किया गया है।

# ट्रक की टक्कर से बाइक सवार की मौत, दो घायल

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

- नेशनल हाईवे में नारायणपुर गांव के पास हुआ हादसा

अमृत विचार। राष्ट्रीय राजमार्ग 34 में सुमेरपुर थानाक्षेत्र के नारायणपुर गांव के शारदा पेट्रोल पंप के सामने तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवारों को टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार तीन लोग सड़क में गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर सुमेरपुर पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया। वहीं घायलों की हालत गंभीर होने पर कानपुर रेफर कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया है।

बिवांर थानाक्षेत्र के बड़ागांव निवासी आशीष (19) पुत्र गोपाल अपने साथी शंकर (22) पुत्र परमा व देवेंद्र (23) पुत्र मुन्ना के साथ बाइक से राष्ट्रीय राजमार्ग से होते हुए मुख्यालय आ रहे थे। तभी सुमेरपुर थानाक्षेत्र के नारायणपुर गांव के शारदा पेट्रोल पंप के निकट सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी। जिससे वह सड़क में गिरकर घायल हो गए। घटना के बाद ट्रक मौके से फरार हो गया। सूचना पर थाना सुमेरपुर पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंचकर घायलों को एंबुलेंस की मदद से जिला चिकित्सालय भेजा गया। जहां पर चिकित्सक ने आशीष पुत्र गोपाल को मृत घोषित कर दिया। अन्य दो घायलों को बेहतर उपचार के लिए कानपुर रेफर कर दिया। सुमेरपुर पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

# शादी कार्यक्रम में जा रहे बाइक सवार को यूपी 112 वाहन ने मारी टक्कर, हंगामा

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

अमृत विचार। रिश्तेदारों से मिलकर शादी समारोह कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे युवक की बाइक में यूपी 112 पुलिस की गाड़ी ने टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार युवक घायल हो गया और उसकी बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। स्थानीय लोगों ने पीआरवी पुलिस की गाड़ी को रोक कर हंगामा काटा। पीड़ित ने सदर कोतवाली पुलिस में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

कुरारा थानाक्षेत्र के शिवनी गांव निवासी आकाश पुत्र शिवदानी शनिवार को नारायणपुर गांव स्थित गोपाल गेस्ट हाउस में शादी समारोह कार्यक्रम में शामिल होकर सदर कोतवाली क्षेत्र के मेरापुर मोहल्ले में रिश्तेदारों से मिलने आया था।


यूपी 112 पुलिस वाहन को रोककर हंगामा करते लोग। अमृत विचार

रिश्तेदारों से मिलकर वापस गेस्ट हाउस जा रहा था। तभी मेरापुर में गश्त कर रही पीआरवी कार ने टक्कर मार दी। जिससे आकाश की बाइक क्षतिग्रस्त हो गई और बाइक सवार घायल हो गया। यूपी 112 पुलिस घायल को टक्कर मारने के बाद मौके से भाग गए। लौटने पर स्थानीय लोगों ने पीआरवी पुलिस को रोक लिया और हंगामा काटने लगे। इसके बाद पीड़ित आकाश रिश्तेदारों संग कोतवाली पहुंचा जहां उसने रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई करने की मांग की है।

# प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी कतई न दें

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

अमृत विचार। आगामी बकरीद के त्योहार को लेकर कोतवाली परिसर में पीस कमेटी की बैठक हुई। बैठक में कस्बे के विभिन्न वर्गों के लोगों के साथ प्रशासनिक अधिकारियों ने सहभागिता की। बैठक के दौरान एसडीएम, सीओ व कोतवाल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, व्यापारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

इस दौरान नगर के लोगों ने बकरीद पर्व को लेकर तमाम सुझाव प्रसाशनिक अधिकारियों के समक्ष रखे। कुर्बानी वाली जगहों पर साफ सफाई की व्यवस्था और नगर पालिका की ओर से कूड़ा उठाने वाली गाड़ी की व्यवस्था सुनिश्चित कराए जाने की मांग की। बता दें कि कस्बे में तीन जगह जिसमें बजरिया में कसौड़ा व फरसौलियाना में बड़ा कसौडा सहित बड़ी जुल्हैटी में यतीमखाने में कुर्बानी दी जाती


कोतवाली में पीस कमेटी की बैठक में मौजूद लोग। अमृत विचार

है। इस दौरान उप जिलाधिकारी अभिमन्यु कुमार ने सख्त दिशा निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी सूरत में प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी कतई न दी जाए। कुर्बानी खुले में भी नहीं होना चाहिए। साथ ही उन्होंने अराजकतत्वों को चेतावनी देते हुए कहा कि सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की अफवाह अथवा भ्रामक पोस्ट न डाली जाए। उन्होंने नगर के सभी लोगों से शांतिपूर्ण, सद्भाव और भाईचारे के साथ त्योहारों को मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि यदि कोई भी व्यक्ति सामाजिक सौहार्द बिगड़ने का प्रयास करता है तो उसके विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित कराई जाएगी।

# खेत से ट्रैक्टर निकालने से मना करने पर की मारपीट

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

अमृत विचार। खेतों से जबरिया ट्रैक्टर निकालने के विवाद में दबंग बालू माफियाओं ने दो चचेरे भाइयों के साथ मारपीट करके एक का हाथ तोड़ दिया है। जबकि दूसरे का सिर फोड़ दिया। शिकायत के बाद भी चौकी इंचार्ज ने कार्रवाई नहीं की। जबकि कालांतर में अवैध खनन को लेकर दबंग पुलिस पर गोली भी चला चुके हैं। इसके बाद भी पुलिस इनको रोकने की बजाय बढ़ावा दे रही है।

पत्योरा डांडा में आधा दर्जन बालू खनन के पट्टे हैं। मौजूदा समय में सभी बंद पड़े हैं। नए सिरे से नीलामी की प्रक्रिया जारी है। आरोप है कि इसी का फायदा उठाकर कुछ बालू माफिया पुलिस से सांठगांठ कर रात के अंधेरे में ट्रैक्टरों से खनन कर रहे है। बालू को आसपास के गांवों सहित कस्बे में लाकर खपाया जा रहा है। गत 25 मई की रात 11 बजे खेत से जबरिया ट्रैक्टर निकालने के विवाद में दो चचेरे भाई वीर सिंह एवं जनार्दन सिंह को बालू माफियाओं ने लाठी डंडों से बेरहमी के साथ पीटा। इस घटना में वीर सिंह का बायां हाथ टूट गया और जनार्दन सिंह का सिर फट गया। पीड़ितों ने घटना की पुलिस को तहरीर देकर अवगत कराया था। लेकिन चौकी इंचार्ज ने अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की। मामले में थानाध्यक्ष अनूप सिंह ने अवैध खनन पर अनभिज्ञता जताते हुए कहा कि मारपीट की शिकायत मिली है। जांच चौकी इंचार्ज को दी गई है। जांच रिपोर्ट आने के बाद रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

कार्यक्रम

हुसैनगंज मोहल्ले में मासिक मुशायरे में शायरों ने पेश किए कलाम

# हमने तुम्हारे वास्ते क्या-क्या नहीं किया, लेकिन कभी...

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

अमृत विचार। मोहल्ला हुसैनगंज स्थित मास्टर यावर माधवी के मकान पर बज्मे करीम के बैनर तले मासिक मुशायरे का आयोजन किया गया। मुशायरे की सदारत मास्टर गफ्फार अहमद व संचालन मास्टर यावर माधवी ने किया। जबकि करीम साहब के पुत्र बशीर आलम इस मुशायरे के मेहमानी खुसूसी रहे।

इस मुशायरे का आगाज मसीह मौधवी ने नात पढ़कर किया। इसके बाद लगभग डेढ़ दर्जन शायरों ने अपने-अपने कलाम पेश किए। श्रोताओं ने सभी शायरों के अच्छे शेर



मुशायरे में कलाम पेश करते शायर। अमृत विचार

को जमकर सराहा। मास्टर गफ्फार अहमद वासिफ माधवी ने पढ़ा 'पहनाया जब से झूठ को सच्चाई का लिबास, वासिफ किसी ने मुझ पर भरोसा नहीं किया। बदरुद्दीन तैयब का यह शेर बहुत पसंद किया गया' अमिल से मैंने पूछा कि घर में बला है क्यों, कहने लगा कि आपने सदका नहीं किया' इस पर मौजूद लोगों ने जमकर दाद दी। मसीह निजामी मौधवी ने अपने इस शेर पर खूब दाद बटोरी' साथ ही हमने तुम्हारे वास्ते क्या-क्या नहीं किया, लेकिन कभी जुबान से चर्चा नहीं किया...' संचालन कर रहे यावर माधवी ने यह शेर सुनाया 'शर्म ओ-हया की समझी है जिसने भी अहमियत-सर से अलग फिर उसने दुपट्टा नहीं किया।

इस्लाम माधवी ने पढ़ा 'खिदमत में बाप मां के गुजारे हैं रात दिन-बेकार यार एक भी लम्हा नहीं किया'। कुदरत अल्लाह तशना ने पढ़ा 'कश्ती खुद के फजल से साहिल पर आ गई-मौजो ने दरमियांने सफर क्या नहीं किया'। इस मुशायरे में उपस्थित सैकड़ों लोगों ने शायरों को उनके कलाम पर जमकर दाद दी।

# जल निकासी, सीसी मार्ग की बताई समस्या

संवाददाता, सुमेरपुर (हमीरपुर)

अमृत विचार। नगर पंचायत अध्यक्ष ने प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री को ज्ञापन सौंपकर कस्बे की जल निकासी, सीसी मार्ग, विद्युतीकरण के लिए अतिरिक्त बजट आवंटित करने के साथ कस्बे में आने का आमंत्रण दिया है। नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ने जल्द ही कार्यक्रम देने का आश्वासन देकर विकास कराने के लिए अतिरिक्त बजट देने पर सहमति जताई है।

शनिवार को नगर पंचायत अध्यक्ष धीरेंद्र शिवहरे ने प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री अरविंद शर्मा से राजधानी में मुलाकात करके नगर पंचायत के समुचित विकास के लिए अतिरिक्त बजट देने का


नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री से मिलते चेयरमैन। अमृत विचार

- चेयरमैन ने नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री से मिलकर कस्बे में आने का दिया आमंत्रण

मांग पत्र सौंपा है। मांग पत्र में जल निकासी, आवागमन के लिए सीसी मार्ग, सुंदरीकरण के अलावा नई बस्तियों के विद्युतीकरण की मांग की गई है। कैबिनेट मंत्री ने अध्यक्ष को अतिरिक्त बजट देने का आश्वासन दिया है। नगर पंचायत अध्यक्ष ने बताया कि उन्होंने ऊर्जा मंत्री को कस्बे में आने का आमंत्रण भी दिया है जिसे उन्होंने सहर्ष स्वीकार करते हुए जल्द ही कार्यक्रम तय करने को कहा है।

# भारत की सेना ने पाकिस्तान को घर में घुसकर मारा : धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री

कार्यालय संवाददाता महोबा

- क्रेशर प्लांट के उद्घाटन पर बोले, बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर

**अमृत विचार।** बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री रविवार को हेलीकॉप्टर से महोबा पहुंचे। उन्होंने पसवारा गांव में वैदिक मंत्रोच्चार और विधि विधान के साथ प्रेम इंटर प्राइजेज क्रेशर प्लांट का शुभारंभ कराया। इस मौके पर क्षेत्र के संतों, व्यापारियों और ग्रामीणों की भारी भीड़ जुटी।

पीठाधीश्वर ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि भारत को हिन्दू राष्ट्र बनाने के लिए उनका दृढ़ संकल्प है। कहा कि हिन्दुओं को एक करेंगे और हिन्दुओं में अलख जगाएंगे, इसके बाद हिन्दू राष्ट्र बनाएंगे।


पत्रकारों से बातचीत करते धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री। अमृत विचार

धीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि सेना ने घर में घुसकर पाकिस्तान को मारा है और उसे ऐसा सबक सिखाया है जिसे वह हमेशा याद रखेगा। उन्होंने बताया कि 07 नवम्बर से हम दिल्ली से वृंदावन तक पदयात्रा निकालेंगे। धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कहा कि संपूर्ण भारत के हिन्दुओं को एकजुट करेंगे। उन्होंने कहा कि आपॅरेशन सिंदूर भारत की बहुत बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि पूरे विश्व में मैसेज गया है कि अगर आप छेड़ोगे तो भारत छोड़ेगा नहीं।

उन्होंने कहा कि क्रेशर प्लांट के मालिक शौरभ शर्मा बागेश्वर धाम के भक्त हैं। इसलिए वह उनके क्रेशर प्लांट का उद्घाटन करने आए हैं।

# मंदिर के गेट पर रखी मिलीं राधा-कृष्ण की मूर्तियां

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- मूर्ति किस मंदिर की हैं और किसने यहां रखी, पुलिस पता लगाने में जुटी
- शारदा माता मंदिर के गेट पर रविवार को एक बोरी में कपड़े से लपेट कर रखीं थीं

**अमृत विचार।** राजकीय बालिका इंटर कालेज विद्यालय के समीप स्थित मां शारदा माता मंदिर गेट पर रविवार को एक बोरी में राधा-कृष्ण की मूर्तियां मिलने की अनोखी घटना लोगों में चर्चा का विषय बनी हुई हैं। मंदिर गेट पर दो युवकों ने मूर्ति को एक बोरी में साफ तरीके से एक कपड़े में लपेट कर रखने और हाथ जोड़कर प्रणाम करते हुए जाने की बात बताई जा रही है। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

शहर के जीजीआईसी के समीप सराफा बाजार स्थित शारदा मंदिर में रविवार सुबह मंदिर के गेट पर एक बोरी में राधा-कृष्ण की मूर्तियां मिलीं और मूर्तियां साफ और सलीके से लपेटी हुई थीं। स्थानीय निवासी माता प्रसाद ने बताया कि उन्होंने दो अज्ञात युवकों को मंदिर के गेट पर देखा था, जिन्होंने बोरी को सावधानी से रखा और उन्होंने हाथ जोड़कर प्रणाम करते हुए तेजी से वहां से चले गए।


मंदिर में रखी राधा-कृष्ण की मूर्ति। अमृत विचार

वहीं शहर कोतवाल अर्जुन सिंह ने मौके पर पहुंचकर जांच करते हुए बताया कि प्रारंभिक जांच में ये मूर्तियां किसी अन्य मंदिर से चोरी की गई, प्रतीत होती हैं। संभवतः चोरों ने अपराधबोध या भय के कारण मूर्तियां वापस कर दीं। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच कर रही है साथ ही यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि मूर्तियां किस मंदिर से चुराई गई थीं।

स्थानीय लोगों में यह घटना चर्चा का विषय बनी हुई और अपने अपने कयास लगाने में लगे हुए हैं। कुछ लोग इसे चोरों के ह्रदय परिवर्तन का संकेत मान रहे हैं तो वहीं कुछ का मानना है कि यह केवल भय के कारण उठाया गया कदम है। इस घटना ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि आस्था और भय दोनों का स्थान मानव मन में गहराई तक है, इतना गहरा है कि वह किसी को भी अपने रास्ते से लौटा सकता है।

## एक नजर

### दबंगों ने घात लगा युवक को पीटा, रिपोर्ट दर्ज

**हमीरपुर।** दूध देने जा रहे युवक को पहले से घात लगाए गांव के ही लोगों ने मारपीट कर घायल कर दिया। सूचना पर पहुंचे भाई और भतीजे के साथ भी मारपीट कर दी। पीड़ित ने सदर कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराने की मांग की है। सदर कोतवाली क्षेत्र के चंदौखी गांव निवासी शिवकांत पुत्र आशाराम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि रविवार की सुबह उसका बड़ा भाई सुरेंद्र दूध देने मुन्ना प्रसाद के घर जा रहा था। जैसे ही वह अर्जुन लाल वर्मा के घर के पास पहुंचा, तभी पहले से घात लगाए गांव के महेश, संतोष, बीरु लवकुश व कालका प्रसाद ने गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर उक्त लोगों ने उसे लाठी डंडो से पीट दिया। जिससे वह मौके पर ही अचेत हो गया। सूचना पाकर वह भतीजे सूरज के साथ मौके पर पहुंचा। जहां उक्त लोगों ने उनके साथ भी मारपीट कर जान माल की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। पीड़ित ने सदर कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराने की मांग की है। कोतवाली पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# हत्या के दोषी को उम्र कैद 10 हजार का लगा जुर्माना

## अपर जिला सत्र न्यायाधीश दस्यु प्रभावी क्षेत्र ने सुनाया फैसला

कार्यालय संवाददाता महोबा

**अमृत विचार।** अपर जिला सत्र न्यायाधीश विशेष न्यायाधीश दस्यु प्रभावी क्षेत्र ध्रुव राय ने हत्या के एक मामले में दोष सिद्ध हो जाने पर दोषी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। साथ ही 10 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। अर्थदंड अदा न करने पर छह माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी पड़ेगी।



थाना अजनर के ग्राम महुआ बांध में गांव का ही गौरी शंकर उर्फ शंकू 17 नवम्बर 2020 को अपने पुराने घर गया हुआ था, वहां से लौटते समय रास्ते में गांव का ही शिवम पुत्र राम सहाय राजपूत ने रंजिश के चलते गौरी शंकर को गोली मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन-फानन में उसे अस्पताल ले जाया गया। जहां पर उसका उपचार शुरू हो गया है। मृतक के पिता ने घटना की रिपोर्ट उसी दिन शाम सात बजे थाना अजनर में दर्ज करा दी। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई, पुलिस ने बाद में हत्या का मुकदमा तरमीम किया। और आरोपी को पकड़कर कोर्ट में पेश किया।

अदालत ने दोनों पक्षों की गवाह बहस और दलीलें सुनने के बाद अभियुक्त शिवम को हत्या का दोषी ठहराते हुए उसे आजीवन कारावास की सजा और 10 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया। जुर्माना अदा न करने पर छह माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी पड़ेगी। इस मुकदमें की सरकार पक्ष की ओर से पैरवी कर रहे डीजीसी पुष्पेंद्र कुमार मिश्रा ने बताया कि अभियुक्त द्वारा जेल में बिताई गई अवधि को सजा की अवधि में समायोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सभी सजाएं साथ-साथ चलेंगी।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से अधेड़ की मौत

**कुलपहाड़ महोबा।** झांसी मिर्जापुर राष्ट्रीय राजमार्ग में नगर के बस स्टैंड के पास शनिवार की रात को अज्ञात वाहन की टक्कर से एक अधेड़ की मौत हो गई। दुर्घटना के बाद अज्ञात वाहन चालक वाहन लेकर फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

शनिवार की रात को करीब 10 बजे एक लावारिश अधेड़ राष्ट्रीय राजमार्ग में घूम रहा था, तभी राठ की तरफ से आए एक अज्ञात वाहन ने अधेड़ को टक्कर मार दिया, जिससे वह सड़क पर गिरकर बुरी तरह घायल हो गया। सिर से खून अधिक बह जाने के कारण उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई। राहगीरों ने घटना की सूचना पुलिस को दी, पुलिस ने शव का पंचनामा भरने के बाद वाहन चालके की तलाश शुरू कर दी है।

# टैंकरों के भरोसे कई मोहल्ले

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** गर्मी बढ़ने के साथ-साथ पेयजल संकट भी तेजी से बढ़ने लगा है, हालत यह है कि ऊंचाई के इलाकों में पेयजल आपूर्ति ठप हो जाने से अब टैंकरों के भरोसे हो गए हैं। इससे इन इलाकों के लोगों को पर्याप्त जलापूर्ति नहीं हो पा रही। सबसे ज्यादा पानी का संकट नैकानापुरा में बना हुआ है, यहां पर टैंकर पहुंचते ही लोग पानी के लिए टूट पड़ते हैं और पांच मिनट में टैंकर खाली कर देते हैं। इससे आधे अधूरे लोगों को भी पानी नहीं मिल रहा, जिस पर पालिका प्रशासन ने अब एक साथ दो-दो पानी के टैंकर भेजना शुरू कर दिया है।

शहर में मदन सागर सरोवर, उर्मिल बांध और ट्यूबवेलों से पानी की आपूर्ति की जाती है, लेकिन आसमान से बरस रही आग और भीषण गर्मी के चलते पानी तेजी से सूख रहा है जिसके चलते बांध और सरोवर ने जवाब दे दिया है। बामुश्किल 24 घंटे में मात्र एक बार 30 से 40 मिनट पानी की आपूर्ति की जा रही है, जिससे लोगों को पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है। लोग गर्मी के मौसम में बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं। हालात यह है कि सुबह से ही लोग अपने काम काज छोड़ कर पानी के इंतजाम में जुट जाते हैं।


पानी की आपूर्ति करता टैंकर। अमृत विचार

### इन मोहल्लों में ज्यादा समस्या

शहर के मुहल्ला नैकानापुरा, नयापुरा नैकाना, ढपलानापुरा चौसियापुरा, माथुरनपुरा, बड़ी हाट, भटीपुरा सहित तमाम ऊंचाई के इलाकों में पानी को लेकर मारामारी मची हुई है। लोग दूर दराज में लगे हैंडपंपों से पानी भरने के लिए मजबूर है। ऊधर उर्मिल बांध का बड़ा भूभाग सूख जाने से इंटेकवेल तक पानी पहुंचाना मुश्किल हो गया है। वहीं दूसरी तरफ मदन सागर के तट पर बनी पानी की टंकी से भी पानी दूर पहुंच गया है। जिससे पानी की सप्लाई प्रभावित हो रही है। लोग हैंडपंपों और कुओं का सहारा ले रहे है, वही कुछ ऊंचाई के इलाकों में टैंकरों से पानी पहुंचाया जा रहा है।

# चादर हो गई बहुत पुरानी, अब तो सोच समझ अभिमानी...

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- संत कबीर अमृतवाणी सत्संग में वक्ताओं ने सुनाए कबीरी दोहे और भजन

**अमृत विचार।** संत कबीर अमृतवाणी सत्संग समिति के तत्वावधान में शहर के मोहल्ला कटकुलवापुरा स्थित कबीर आश्रम में अमृतवाणी सत्संग कार्यक्रम का आयोजन समिति प्रमुख डॉ. एलसी अनुरागी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। सत्संग में वक्ताओं ने कबीरी दोहो के माध्यम से जीवन जीने का मार्ग बताया। साथ ही श्रीमद् भागवत गीता की व्याख्या करते हुए कृष्ण द्वारा पीपल वृक्ष रोपित करने के अनंत फल बताए।

सत्संग कार्यक्रम की शुरुआत जय कबीर, जय गुरु कबीरा, दास तोरे द्वारा खड़े उनकी हरो पीरा भजन से की गई, इसके बाद समिति प्रमुख एवं साईं डिग्री कालेज प्राचार्य डॉ. लालचंद्र अनुरागी ने श्रीमद् भागवत गीता के श्लोक की व्याख्या करते हुए कहा कि भगवान कृष्ण जगत के आधार हैं। श्रीकृष्ण ने अर्जुन से कहा कि मैं वृक्षों में पीपल हूं, देवर्षियों में नारद हूं, गन्धर्वों में चित्ररथ हूं, सिद्ध पुरुषों में कपिल मुनि हूं। प्राचार्य ने बताया कि पीपल वृक्ष चौबीस घंटे आक्सीजन देता है, इसलिए सभी को पर्यावरण की रक्षा के लिए पीपल वृक्ष के अलावा, आम, बरगद, आंवला, जामुन आदि के वृक्ष लगाने चाहिए। ये वृक्ष मानव को फल प्रदान करते हैं और बदले में कुछ भी नहीं लेते। बुंदेलखंड मुक्ति मोर्चा के गायक इंद्रजीत सिंह ने कबीर का भजन चादर हो गई बहुत पुरानी, अब तो सोच समझ अभिमानी भजन सुनाया।

पं. जगदीश रिछारिया ने भजन मन फूला फूला फिरे जगत में कैसा नाता रे सुनाया। पूर्व प्रवक्ता कामता चौरसिया ने राम नाम आधार जगत में, ध्रुव प्रहलाद कहो री भजन प्रस्तुत किया। सुनीता अनुरागी ने सत्य वचन का अनुशरण करने के लिए सांच बराबर तप नहीं, झूठ बराबर पाप की विस्तार से व्याख्या की। मदन पाल राठौर ने सत्संग से ज्ञान प्राप्त कर अनुशरण करने के लिए कबीर के दोहा साधु ऐसा चाहिए। वरिष्ठ कवि हरिश्चद्र वर्मा ने कबीर की भक्ति पर रचना प्रस्तुत की। इस मौके पर ढोलक वादक सुरेश सोनी, नारायणदास, लखनलाल, सचिन सोनी, करताल वादक कमलापत आदि भक्त मौजूद रहे।


नशा मुक्ति की शपथ दिलाते चिकित्साधिकारी। अमृत विचार

# नशा न करने की दिलाई गई शपथ

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- नगर पंचायत कुलपहाड़ में लगा नशा मुक्ति जागरूकता शिविर

**अमृत विचार।** नगर पंचायत कुलपहाड़ सभागार में जिला नशा मुक्ति केंद्र डीडीएसी के तत्वावधान में विश्व धुम्रपान दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का हुआ। कार्यक्रम में मौजूद लोगों को तम्बाकू सिगरेट आदि के सेवन से होने वाली हानि से अवगत कराते हुए धुम्रपान करने की अपील की गई।

जागरूकता शिविर को संबोधित करते हुए नशा मुक्ति केंद्र के चिकित्साधिकारी तनवीर कौसर ने कहा कि तंबाकू और सिगरेट के उपयोग से गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं होती हैं, जैसे कि कैंसर, ह्रदय रोग, और फेफड़ों की बीमारियां। इन उत्पादों में पाए जाने वाले रसायन, जैसे निकोटीन, शरीर के लिए हानिकारक होते हैं और लत भी पैदा कर सकते हैं। कहा कि सिगरेट की तम्बाकू के धुएं में लगभग 69 रसायन कैंसरकारी होते हैं। कहा कि धूम्रपान करने वालों में कैंसर से होने वाली मृत्यु की कुल दर धूम्रपान न करने वालों की तुलना में दोगुनी है। उन्होंने तंबाकू और सिगरेट के उपयोग से होने वाले नुकसान के बारे में जागरूकता बढ़ाकर, लोगों को इन खतरनाक उत्पादों से दूर रहने के लिए प्रेरित किया साथ ही नशामुक्ति के प्रति लोगों को शपथ दिलाई। कार्यक्रम का संचालन कर रही अर्चना चतुर्वेदी ने कहा कि विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा हर साल विश्व तंबाकू निषेध दिवस का आयोजन किया जाता है ताकि तंबाकू और इसके उत्पादों के सेवन से जुड़े जोखिम और परिवार, समाज और पर्यावरण पर इसके बुरे प्रभाव के बारे में जागरूकता बढ़ाई जा सके। शिविर में नगर पंचायत कुलपहाड़ के अधिशासी अधिकारी के अलावा नैन्सी, काउंसलर नीलू चतुर्वेदी, प्रोजेक्ट मैनेजर मधुकर सिंह ने नशा न करने के बावत जानकारी दी। इस मौके पर सोशल वर्कर राहल, नर्स ऊषा कुमारी, शिवानी, प्रकाश के अलावा तमाम लोग मौजूद रहे।

# शिविर में लोन के जरिए रोजगार को किया जागरूक

**कुलपहाड़, महोबा ।** तहसील कुलपहाड़ में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के तहत जिला उपायुक्त महोबा के निर्देश पर रविवार को कैंप लगाकर लोगों को लोन के माध्यम से रोजगार के लिए जागरूक किया गया। साथ ही रोजगार से जुड़ने के तरीके बताए गए।

तहसील कुलपहाड़ में मनोज चन्द्र सरोज जिला उपायुक्त महोबा के निर्देशन पर मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के अंतर्गत शिविर लगाकर बेरोजगारों को जागरूक करते हुए लोन द्वारा रोजगार के लिए जागरूक किया गया। उन्होंने बताया कि रोजगार के लिए पांच लाख तक की परियोजनाओं के लिए चार वर्षों तक 100 प्रतिशत ब्याज तथा गारंटी मुक्त ऋण उपलब्ध कराया जाता है।

उन्होने बताया कि जिले के सभी वर्ग के लाभार्थी को 10 प्रतिशत स्वयं का अंशदान जमा करना होगा। उन्होंने कहा कि परियोजना लागत में भूमि भवन द्वारा सम्मिलित नहीं किया जाएगा, तथा न्यूनतम 10 प्रतिशत टर्म लोन के रूप होना अनिवार्य होगा। लोन लेने के बाद लोगों को रोजगार मिल सकेगा।


चुनाव की तैयारियों में जुटने की अपील करते पूर्व एमएलसी। अमृत विचार

# पूर्व एमएलसी ने विस. चुनाव की तैयारी का लिया जायजा

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- अखिलेश यादव के निर्देश पर महोबा पहुंचे विधान परिषद सदस्य

**अमृत विचार।** समाजवादी पार्टी ने 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारियां शुरू कर दी हैं। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर पूर्व विधान परिषद सदस्य रामवृक्ष यादव रविवार को महोबा पहुंचे। उन्होंने जिले में पार्टी संगठन की तैयारियों का जायजा लिया, और पार्टी कार्यकर्ताओं से विधान सभा चुनाव की तैयारी में जुटने का आह्वान किया।

बैठक में पूर्व विधायक कप्तान सिंह राजपूत और पूर्व मंत्री कुंवर बादशाह सिंह समेत कई नेता मौजूद रहे। बैठक में संगठन को मजबूत करने और बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं की तैनाती पर चर्चा हुई। स्थानीय मुद्दों पर जनसंपर्क और चुनावी रणनीति पर भी विचार. विमर्श किया गया। रामवृक्ष यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी 2027 में भारी बहुमत से सरकार बनाएगी। पार्टी 360 से अधिक सीटें जीतकर नया कीर्तिमान बनाना चाहती है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार के अलावा कुछ नहीं दिया है। भाजपा शासन में आम आदमी परेशान है। बैठक में युवाओं और महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने पर जोर दिया गया। कार्यकर्ताओं ने पार्टी की योजनाओं को गांव.गांव तक पहुंचाने का संकल्प लिया। उन्हें अखिलेश यादव की जनकल्याणकारी नीतियों को जनता तक पहुंचाने का निर्देश दिया गया।

## अव्यवस्था — अधिकारियों के आदेश के बाद भी स्वास्थ्य विभाग नहीं दे रहा ध्यान

# अस्पताल परिसर में गंदगी, संक्रामक बीमारियों का खतरा

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड के पीछे गंदगी का अंबार लगा है। बावजूद इसके स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं, जिससे अस्पताल के एक हिस्से में पड़ा कूड़ा करकट और गंदगी संक्रामक बीमारियों को दवात दे रहा है। इतना ही नहीं पोस्टमार्टम के लिए आने वाले शवों को भी इसी गंदगी के पास बने शवघर में रखा जाता है, जिससे मृतक के परिजन शवों के नजदीक इसी गंदगी के आस पास बैठे रहते हैं।


अस्पताल परिसर में लगा गंदगी का अंबार। अमृत विचार

गौरतलब है कि जिला अस्पताल के निरीक्षण के दौरान पूर्व में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, जिलाधिकारी गजल भारद्वाज, संयुक्त निदेशक स्वास्थ्य अभय प्रताप सिंह सहित तमाम अधिकारियों द्वारा समय-समय पर जिला अस्पताल के निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई के विशेष निर्देश दिए, बावजूद इसके स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने इसे नजरंदाज कर दिया और अस्पताल परिसर में आज भी गंदगी पटी पड़ी है।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा अस्पताल के आगे के हिस्से में तो सफाई करा दी जाती है, लेकिन इमरजेंसी वार्ड के पीछे व शवघर के आस-पास सफाई पर कोई ध्यान नहीं दिया जाता है। इससे अस्पताल आने जाने वाले लोगों को गंदगी से जूझना पड़ता है। इतना ही नहीं स्वास्थ्य विभाग सफाई व्यवस्था के प्रति कोई ध्यान नहीं देता है। जिससे लोगों में आक्रोश दिखाई दे रहा है।


समर कैंप में गतिविधियों में भाग लेते छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

# समर कैंप में भारतीय भाषाओं का कराया गया ज्ञान

**सुमेरपुर(हमीरपुर)।** समर कैंप के 12वें दिन पारा रैपुरा के राजकीय हाईस्कूल में प्रधानाध्यापिका रंजना रघुवंशी के निर्देशन में योग कराया गया । इस मौके पर भारतीय संविधान की भाषाओं में से प्रमुख संस्कृत भाषा का छात्राओं को ज्ञान कराया गया। भारतीय भाषाओं में से कल्पना शील कहानी, कल्पना शील डायरी एवं भाषा वृक्ष का निर्माण करके भारतीय भाषाओं के विभिन्न प्रकार के बारे में जानकारी प्रदान की गई। जिसको रोचक पूर्ण तरीकों से छात्राओं ने सुना और समझा।

# परिजनों के विलाप से वातावरण हुआ गमगीन

## पिकअप और डीसीएम की टक्कर में पांच लोगों की मौत का मामला, परिजनों की चीख पुकार से नम हुईं लोगों की आंखें


अस्पताल में घटना की जानकारी लेते विधायक अविनाश चंद्र द्विवेदी और पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह। अमृत विचार


अस्पताल में परिजनों का हाल जानने को लगी लोगों की भीड़। अमृत विचार


घायलों का हाल जानने पहुंचे एसडीएम सौरभ यादव। अमृत विचार


बेटे की मौत की खबर सुनकर बेहोश हुईं मां को होश में लाने की कोशिश करते परिजन।

संवाददाता रामनगर चित्रकूट

**अमृत विचार।** बताया गया कि मऊ तहसील क्षेत्र के बल्हौरा गांव निवासी चांद बाबू के बेटे मुन्ना की बारात रविवार को बांदा क्षेत्र के कालिंजर जानी थी। बारात में शहनाई बजाने जा रहे बजाने वालों व अन्य लोगों की मौत से आसपास का वातावरण गमगीन हो गया। बताया जाता है कि पहले ये लोग एक बस में बैठ रहे थे कि उसका टायर बर्स्ट होने और दूसरे टायर के कमजोर होने की वजह से कई सवारियों को पिकअप और अन्य वाहनों में बैठा दिया गया।

**राष्ट्रीय राजमार्ग में पहले भी हुए हैं बड़े हादसे:** दुर्घटनाओं से बचाने के लिए तमाम जागरूकता कार्यक्रमों का असर नहीं दिखता। पिकअप डाला, डीसीएम आदि मालवाहनों में सवारियां ढोने को लेकर दिखाई गई सख्ती कुछ ही दिन चलती है और फिर ठप हो जाती है। ट्रैक्टर ट्रालियों में भी सवारियां भरकर चलना यहां आम है। ऐसे में कई हादसे हो जाते हैं। पांच मार्च को पिकअप को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी, जिसमें चार महिलाओं की मौत हो गई थी और 12 अन्य घायल हो गए थे। यह घटना हाईवे पर शिवरामपुर कस्बे के पास हुई थी।

इसी प्रकार मऊ के पास बेकाबू डंपर की चपेट में आकर टेंपो के परखचे उड़ गए थे, जिसमें छह छात्राओं, एक युवक और टेंपो चालक समेत नौ की जान चली गई थी। बीते साल ही चंद्रगहना के पास एक टेंपो दुर्घटनाग्रस्त होने से आठ लोगों की जान चली गई थी।

वहीं लोगों का कहना है कि सरकार व प्रशासन के द्वारा इतने जागरूकता के प्रयास के किये जा रहे हैं लेकिन फिर भी लोगों में जागरुकता का अभाव है। इसी की बानगी आज भी देखने को मिली। वहीं दुर्घटनास्थल व अस्पताल में घायलों और मृतकों के परिजनों के करुण क्रंदन से लोगों की आंखें नम हो गईं।

### ड्राइवर की एक साल पहले ही हुई थी शादी

- मृतक रामू की पिछले वर्ष सोनी से शादी हुई थी। उसके एक वर्ष की बच्ची है। उसकी मौत से पत्नी, मां विट्टी देवी आदि बेसुध हो गईं। दुर्गा (36) पुत्र बिरजावन निवासी ग्राम हन्ना के मजरे शिवरतन का डेरा का निवासी था। परिवार में पत्नी पूजा देवी दो पुत्र चांद व सागर व एक पुत्री हैं। बच्चा (40) पुत्र कोदूराम निवासी सखौहा भी दो भाइयों में छोटा था। परिवार में पत्नी सुईया देवी के अलावा तीन बेटे रामबाबू, छोटू और सचिन हैं। मृतक उनैन (25) पुत्र दिलावर निवासी बल्हौरा की भी इस हादसे में जान चली गई। वहीं सभी मृतकों को परिजनों में कोहराम मचा रहा। आस पास के लोग व अन्य परिजन उन्हें ढांढस बंधाते रहे।

### दुर्घटना को लेकर कई बातें

- इस भीषण सड़क हादसे को लेकर कई तरह की बातें सामने आ रही हैं। कुछ लोगों का कहना है कि पिकअप आगे चल रही बोलेरो को ओवरटेक करने के चक्कर में डीसीएम से भिड़ी तो कुछ का कहना है कि चालक को झपकी आने की वजह से हादसा हुआ। बल्हौरा के कुछ ग्रामीणों ने नाम छिपाते हुए बताया कि पिकअप चालक रामू, जिसकी इस हादसे में जान गई है, शनिवार को मैहर की ओर गाड़ी लेकर रात में गया था और सुबह बारात के लिए बैंड बाजा वालों को लेकर खुद जा रहा था। आशंका जताई कि उसे नींद की झपकी आ गई हो। इसकी एक वजह यह भी बताई जा रही है कि दाहिनी ओर के किनारे से पिकअप की वाहन से भिड़ंत हुई है।

### जिंदगी की आस में ले गए अस्पताल

- सूचना पर पहुंचे मृतकों और घायलों के परिजन बदहवास हो गए। लोगों के मरने के बाद भी इनमें अपनों को लेकर उम्मीद रही। एक मृतक के परिजन अस्पताल से शव को अपने घर ले गया तथा एक के परिजन दूसरे अस्पताल ले गए। वहां पहुंचने पर परिजन डॉक्टरों से इलाज कराने व उसको देखने की गुहार लगाते रहे। वहीं डॉक्टरों ने उसे व उसकी कुछ रिपोर्टों को देखने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। इतना सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया। इसके बाद वे भी शव लेकर चले गये।

### देर तक फंसे रहने की वजह से गई जान

हादसा इतना भीषण था कि दोनों वाहन आपस में बुरी तरह फंस गए। इससे घायलों को निकालने में दिक्कत हुई। जेसीबी की मदद से दोनों वाहनों को भारी मशक्कत कर अगल किया गया और फिर घायलों को निकाला गया। माना जा रहा है कि अधिक देर तक फंसे होने की वजह से भी लोगों की मौत हो गई। कुछ लोग घटनास्थल पर एंबुलेंस पहुंचने में देरी को लेकर भी नाराजगी जताते दिखे।


अपने को खोने के बाद बदहवास एक ग्रामीण।

## एक नजर

### पुलिस ने दबोचे चार जुआरी

**सीतापुर (चित्रकूट)।** चौकी प्रभारी सीतापुर अनिल कुमार गुप्ता ने गोमान अतरौलिया निवासी तरौंहा, कुलदीप उर्फ छोटू पासी निवासी भरतपुरी, श्रीराम निषाद निवासी पडरी और सुनील रैकवार निवासी चितरा गोकुलपुर को जुआ खेलने के आरोप में गिरफ्तार किया। मालफड़ से 1880 रुपये और जामा तलाशी से 520 रुपये बरामद किए गए। आरोपियों के खिलाफ कोतवाली कर्वी में रिपोर्ट दर्ज की गई। पुलिस टीम में आरक्षी आशीष सिंह, शिवम, नागेश, अनुज यादव और रविशंकर शामिल रहे।

### घर का ताला तोड़कर चोरी

**चित्रकूट।** कोतवाली अंतर्गत कछारपुरवा निवासी विनोद पटेल ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया है कि चोरों ने उसके घर का ताला तोड़कर माल पार कर दिया। विनोद ने बताया कि वह बीते दिन सरैंया के अपने दूसरे घर चला गया था। इसी दौरान उसके घर से चोरों ने लगभग 60 हजार रुपये, तीन लाख के गहने, कीमती सामान पार कर दिया।

# शिक्षा से ही सब कुछ कर सकते हैं हासिल : कृष्णा पटेल

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

**अमृत विचार।** आयुष्मान वानप्रस्थ विश्वविद्यालय सामाजिक संस्थान ने चित्रकूट इंटर कालेज में मेधा सम्मान समारोह का आयोजन किया। इस मौके पर सपा सांसद कृष्णा पटेल ने विद्यार्थियों की हौसलाफजाई की। उन्होंने कहा कि शिक्षा से ही सब कुछ हासिल किया जा सकता है।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने मां सरस्वती पूजन से किया। छात्राओं ने सरस्वती वंदना की और स्वागत गीत गाया। सांसद ने कहा कि शिक्षा ही सब कुछ है। सभी बच्चे खूब मन लगाकर पढ़ाई करें, लक्ष्य प्राप्त करें, अपने माता पिता का सपना पूरा करो और चित्रकूट जिले का नाम रोशन करें। इस मौके पर यूपी बोर्ड एवं सीबीएससी बोर्ड के मेधावी छात्र-छात्राओं को स्मृति चिह्न और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम संयोजक सुषमा सिंह, बलबीर सिंह, फूलचंद्र चंद्रवंशी, पंकज दुबे, राजेश दुबे, अनीता सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया। पूर्व सांसद भैरो प्रसाद मिश्र ने कहा कि इस बार कापियों के मूल्यांकन में गड़बड़ी होने की बात सामने आई है। वह इस बात को शासन तक पहुंचाएंगे। इस मौके पर शिवशंकर सिंह पटेल, अनुराग शर्मा, पंकज अग्रवाल, बृजेश त्रिपाठी, डा.रणवीर सिंह चौहान, शिवबरन त्रिपाठी, सुनील कुमार सिंह, अपर्णा पांडेय, प्रियंका द्विवेदी, दिनेश कुमार सिंह, रुद्र नारायण पांडेय, शिवनायक यादव, डा. आलोक शुक्ला, तीरथ कुशवाहा, काशी प्रसाद शुक्ला, डा. एसपी त्रिपाठी, डा. मन्ना, लक्ष्मी देवी, अनीता सिंह, लालमन, फूलचंद चंद्रवंशी, हीरालाल सोनी, ललक सिंह, डा. शिवशंकर शुक्ला, शक्ति प्रताप सिंह सेंगर, शंकर प्रसाद यादव, पदमा सिंह, डा. रमेश सिंह चंदेल, तीरथ प्रसाद पटेल, अतहर हुसैन, मुदित अग्रवाल, ओम नारायण दुबे, प्रदीप शुक्ला आदि मौजूद रहे। संचालन संस्था के निदेशक बीबी सिंह ने किया।


सांसद कृष्णा पटेल और अन्य अतिथियों व शिक्षकों के साथ मेधा सम्मान समारोह में सम्मानित बच्चे। अमृत विचार

- **समाजसेवी संस्था ने मेधावियों को किया सम्मानित**

### मूल्यांकन में हुई धांधली : शिवलाल

ज्ञान भारती इंटर कॉलेज के प्रबंधक एवं पूर्व प्रधानाचार्य शिवलाल सिंह राजपूत ने यूपी बोर्ड से कापियों के मूल्यांकन में गड़बड़ी का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि चाहे जहां कापियों का मूल्यांकन हुआ हो पर व्यापक पैमाने पर धांधली हुई है। यही वजह है कि यहां के बच्चे प्रदेश की मेरिट सूची में नहीं आ पाए। उन्होंने यहां तक कहा कि इसके उनके पास कई प्रमाण हैं। बहुत चिंतन मंथन के बाद उन्होंने इस बात का ऐलान किया है। वह छात्र-छात्राओं को न्याय दिलाने के लिए न्यायालय का दरवाजा खटखटाएंगे।

# धार्मिक समरसता की पक्षधर थीं लोकमाता अहिल्याबाई : संजीव

- **नगर पंचायत सभागार में मनाई गई जयंती**
- **वक्ताओं ने उनके व्यक्तित्व व कृतित्व पर डाला प्रकाश**

संवाददाता, राजापुर, चित्रकूट

**अमृत विचार।** नगर पंचायत सभागार में राजमाता देवी अहिल्या बाई की जयंती मनाई गई। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष संजीव मिश्रा ने कहा कि लोकमाता धार्मिक समरसता और सांस्कृतिक पुनरुत्थान की पक्षधर थीं। इस दौरान प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के अंतर्गत आवास की चाबी महिलाओं को दी गई।

पूर्व विधायक आनंद शुक्ला ने कहा कि राजमाता अहिल्याबाई होल्कर ने महिला सशक्तिकरण के साथ सामाजिक न्याय के काम किए। उनके रास्ते पर चलकर केंद्र और प्रदेश सरकार विकासशील भारत बनाने का काम कर रही हैं। नपंअ ने कहा कि राजमाता का शासन दया, धर्म पारदर्शिता और जनसेवा पर आधारित था। राजमाता ने तीर्थस्थलों का पुनर्निर्माण कराया था। उनके द्वारा स्थापित आदर्श आज भी शासन प्रशासन एवं समाज के लिए अनुकरणीय हैं। उनके आदर्शों से महिला सशक्तिकरण, सामाजिक सुधार तथा सेवा भावना के प्रति जागरूकता को नई दिशा मिली है। राजमाता का जीवन समर्पण, सेवा और सामाजिक कुरीतियों को समाप्त करने में साहस और दूरदृष्टि का परिचायक है। वह आज भी हर नागरिक विशेषकर महिलाओं के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। कार्यक्रम में विकास मिश्रा, मनोज तिवारी, शिवपूजन गुप्ता, संजय पांडेय, ज्ञानमती प्रजापति, अशोक सोनकर, मनोज द्विवेदी, अशोक द्विवेदी, राजेश पंसारी, शंकर दयाल जायसवाल आदि मौजूद रहे।



जयंती समारोह में बोलते नगर पंचायत अध्यक्ष संजीव मिश्रा। अमृत विचार

### कांग्रेसियों ने अहिल्याबाई को किया याद

- **चित्रकूट।** कांग्रेसियों ने बीते दिन महारानी अहिल्याबाई होल्कर की जयंती मनाई। जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल एडवोकेट ने कहा कि लोकमाला अहिल्याबाई होल्कर मालवा क्षेत्र की उदार शासिका के साथ महान शिवभक्त और समाजसुधारक थीं। इस मौके पर विजयमणि त्रिपाठी, शिवगुलाम वर्मा, डॉ. राकेश वर्मा, महेंद्र सिंह पटेल, चुनबाद प्रसाद, योगेंद्र कुमार रैकवार आदि मौजूद रहे।

**अव्यवस्था** | मानिकपुर विकासखंड के एक मजरे का है अत्यंत बुरा हाल, गुहार लगाने के बाद भी नहीं हुआ सुधार

# लीकेज पानी के सहारे हैं घाटी कोलान के बाशिंदे

संवाददाता, मानिकपुर चित्रकूट

**अमृत विचार।** विकासखंड की ग्राम पंचायत सरैया के मजरे विनय नगर घाटी कोलान के लोग आज भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। यहां के बाशिंदों की मानें तो लगभग दो सौ घरों की कोल आदिवासी बस्ती में न तो हैंडपंप हैं और न यहां जल जीवन मिशन पहुंचा है। वे मानिकपुर कस्बे को जाने वाली मेन सप्लाई की पाइपलाइन की लीकेज से निकलने वाले पानी पर निर्भर हैं। इस पानी के उपयोग करने से इन लोगों में बीमारियों का भी खतरा बढ़ा है।

ग्रामीण बताते हैं कि इस मजरे में लगभग 800 वोटर हैं लेकिन ग्राम पंचायत स्तर से न तो जरूरत के मुताबिक हैंडपंप लगवाए गए हैं और न ही जल जीवन मिशन की ओर से इस मजरे में पाइप लाइन डाली गई है। बताया जाता है कि मजरे में दो हैंडपंप हैं और वे भी पानी देने में हांफ रहे हैं। इनकी मानें तो ये लोग पानी पीने के लिए सेमरदहा पंप हाउस से मानिकपुर के लिए जलापूर्ति को गई पाइपलाइन के ज्वाइंटों से रिसते पानी पर निर्भर हैं। इन लोगों ने वहां पर गड्ढे खोद रखे हैं और उसी में भरे पानी के सहारे अपना जीवन यापन कर रहे हैं। उसी का पानी ग्रामीण पीने, नहाने एवं कपड़ा धोने में इस्तेमाल करते हैं।

इस संबंध में जानकारी लेने के लिए ग्राम प्रधान गीता देवी को फोन लगाया गया तो उनके दोनों नंबर स्विच ऑफ बताते रहे।


इस तरह पाइपलाइन के पानी से नहाते धोते हैं लोग। अमृत विचार

### एक अदद स्कूल भी नहीं : राज किशोर



घाटी कोलान निवासी राज किशोर रावत ने बताया कि आजादी के इतने साल बाद भी हमारे इस मजरे में न तो पानी की कोई समुचित व्यवस्था है और न बच्चों के पढ़ने के लिए कोई प्राथमिक विद्यालय। हम लोगों ने कई बार स्थानीय प्रतिनिधियों से मांग की कि इस बस्ती में छोटे बच्चों का विद्यालय खुलवा दिया जाए लेकिन आज तक किसी ने ध्यान नहीं दिया।

### तो दूरदराज से लाते हैं पानी: दादूराम



दादूराम रावत ने बताया कि हमारी इस बस्ती के लोग अगर मानिकपुर जाने वाले पाइप से जलापूर्ति नहीं होती तो दूरदराज से पानी लेकर आते हैं। बच्चों को अगर पढ़ने के लिए भेजा जाए तो यहां से तीन किलोमीटर दूर बाई का कुआं में स्कूल है। मेन हाईवे होने की वजह से बच्चा जब तक घर नहीं आ जाता चिंता बनी रहती है।

### रोजी रोटी भी यहां मयस्सर नहीं : लालमन



ग्रामीण लालमन रावत ने बताया कि यहां पर जनप्रतिनिधि चुनाव के समय सिर्फ दिखाई देते हैं। इसके बाद कोई जनप्रतिनिधि नहीं आता है। यहां के बाशिंदों का जीवन यापन खदान में पत्थर तोड़कर चलता था लेकिन कई वर्षों से खदानें बंद हो जाने के कारण रोजी-रोटी भी बंद हो चुकी है। इससे ज्यादातर पुरुष दिल्ली या मुंबई के लिए पलायन कर चुके हैं।

### सड़क दुर्घटना में बाइक सवार मामा भांजे की गई जान

**पहाड़ी (चित्रकूट)।** अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइकसवार दो युवकों की मौके पर मौत हो गई। दोनों रिश्ते में मामा-भांजा हैं। हादसा रविवार रात लगभग सवा नौ बजे का है। जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया

जानकारी के मुताबिक, सुखलाल (22) पुत्र रामसजीवन निवासी चनहट थाना राजापुर अपने मामा जगदीश (21) पुत्र चुन्ना निवासी देहरुच थाना रैपुरा के साथ अपने दोस्त शिवबोध की शादी में शामिल परसौंजा जा रहे थे। कहेटा रोड में भोला का पुरवा मोड़ पर किसी वाहन ने इनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद दोनों की मौके पर मौत हो गई। बताया जाता है कि दोनों पूना में रहकर नौकरी करते थे और रविवार को ही दोस्त की शादी में शामिल होने आए थे। दोनों की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया।

## सार-संक्षेप


धावक नरेंद्र सिंह यादव का स्वागत करते स्थानीय लोग। अमृत विचार

### सोमनाथ से अयोध्या तक पैदल यात्रा पर निकले नरेंद्र

**पहाड़ी चित्रकूट।** विश्व हिंदू परिषद अशोक सिंघल फाउंडेशन के धावक नरेंद्र सिंह यादव रविवार को चित्रकूट पहुंचे। उन्होंने बताया कि वह सोमनाथ से अयोध्या की पैदल यात्रा पर निकले हैं और प्रतिदिन 51 किमी तक दौड़ लगाते और चलते हैं। रविवार सुबह पहाड़ी पहुंचने पर उनका सानंत कुमार त्रिपाठी पूर्व प्रधान, डॉ. अर्पित त्रिपाठी, राघवेंद्र प्रताप सिंह आदि ने स्वागत किया। विहिप के जिला प्रचार-प्रसार प्रमुख सौरभ साहू ने मार्ग में जलपान एवं विशाल मिश्रा ने राजापुर में भोजन एवं रात्रि विश्राम की व्यवस्था की। धावक नरेंद्र सिंह ने कहा कि वह किसी राजनीतिक लाभ के लिए यात्रा नहीं कर रहे हैं। वह विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता हैं। यह यात्रा प्रभु श्रीराम को समर्पित उनका भाव है। वह जन-जन तक श्रीराम के आदर्शों को पहुंचने का प्रयास कर रहे हैं। चित्रकूट से यात्रा में उनके साथ विहिप के राकेश पांडेय, प्रांत सह धर्माचार्य प्रमुख अमित मिश्रा, प्रांत कार्यकारिणी सदस्य अजय यादव, विभाग संयोजक नीरज केशरवानी, जिला मंत्री अंकित सिंह, जिला संयोजक कामता चतुर्वेदी, विनीत गुप्ता, अतुल त्रिपाठी, सुनील मिश्रा आदि मौजूद रहे।


साइकिल रैली को हरी झंडी दिखाते सेवानिवृत्त सहायक लेखाकार अवधेश प्रताप सिंह और वॉलीबाल एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष राकेश चौधरी। अमृत विचार

### युवाओं ने निकाली साइकिल रैली

**चित्रकूट।** स्पोर्ट्स स्टेडियम से रविवार को फिट इंडिया मिशन के अंतर्गत साइकिल रैली निकाली गई। सेवानिवृत्त सहायक लेखाकार अवधेश प्रताप सिंह ने हरी झंडी दिखा कर रैली को रवाना किया। एथलेटिक्स कोच अंगद सिंह यादव ने बताया कि यह कार्यक्रम फिट इंडिया मिशन के अंतर्गत है। साइकिल चलाने से कोई बीमारी नहीं होती। इस मौके पर राकेश चौधरी, सरबजीत सिंह, फिरोज अंसारी, श्याम सुंदर यादव, आनंद सिंह आदि मौजूद रहे।

### शादी के एक माह बाद युवक ने फांसी लगाई

**चित्रकूट।** क्षेत्र की ग्राम पंचायत लौरी निवासी अनुसूचित जाति के युवक शैलेंद्र उर्फ शीलू (30) ने अज्ञात कारणों के चलते रविवार सुबह लगभग 10 बजे कमरा बंद कर दुपट्टे से फांसी लगा ली। बताया जाता है कि उसकी पिछले महीने ही शादी हुई थी। मां रजमनिया देवी पत्नी लस्सी ने बताया कि उसकी हाल ही में मऊ टिटीहरा गांव की रंजना देवी से शादी हुई थी। उधर, मृतक के छोटे भाई अवध बिहारी ने बताया कि जब से शादी हुई, दोनों में आयेदिन विवाद होता रहता था। भाई ने फांसी क्यों लगाई, यह नहीं पता।

### नेत्र चिकित्सा कार्यशाला की हुई शुरुआत

**सीतापुर चित्रकूट।** सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय के तत्वावधान में रविवार से नेत्र चिकित्सा कार्यशाला सद्गुरु कॉन्क्लेव 2025 – एक्यूटी की शुरुआत हुई। इसमें तीन दिन तक चिकित्सक, विशेषज्ञ नेत्र चिकित्सा पर चर्चा करेंगे। कार्यशाला का शुभारंभ रणछोड़दास जी महाराज के पूजन और दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। इसमें बाल नेत्र रोग, मोतियाबिंद एवं सामुदायिक नेत्र चिकित्सा जैसे महत्वपूर्ण नेत्र चिकित्सा के विषयों पर केंद्रित सत्र आयोजित किए जाएंगे। देशभर से आए 500 से अधिक नेत्र विशेषज्ञ, फैकल्टी, मेडिकल पीजी छात्र एवं नेत्र चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े लोग भाग ले रहे हैं। कार्यशाला में छात्रों को शल्य कौशल का प्रशिक्षण दिया जाएगा। उद्घाटन अवसर पर डा. आरडी रविंद्रन, डा. सुहास हल्दीपुरकर, प्रो. जीवन एस टिटियाल, डा. संतोष जी होनावर आदि को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डा. बीके जैन, इलेश जैन, आलोक सेन, कुलदीप श्रीवास्तव, राजेश जोशी, गौतम सिंह परमार, आशीष बजाज, राकेश शाक्या और डा. नवजोत सिंह अहलूवालिया सहित सद्गुरु परिवार के चिकित्सक, कार्यकर्ता तथा सदस्य मौजूद रहे।

### छत के रास्ते चढ़े चोरों ने लाखों का माल किया पार

**राजापुर चित्रकूट।** कस्बे के गोस्वामीनगर निवासी अजय पांडेय के घर शनिवार रात चोरों ने धावा बोला और लाखों का माल पार कर दिया। इससे पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। भुक्तभोगी ने थाने में तहरीर दी गई है। अपर पुलिस अधीक्षक और क्षेत्राधिकारी ने घटनास्थल का मुआयना किया और एसओ को सीसीटीवी कैमरे के फुटेज से चोरी का खुलासा करने के निर्देश दिए। अजय ने बताया कि पहले भी उसके यहां चोरी हो चुकी है, जिसका खुलासा अभी तक नहीं हो सका। अजय पांडेय ने बताया कि शनिवार को परिवारीजनों के साथ छत पर सो रहा था। छत का दरवाजा खुला हुआ था। मध्यरात्रि में चोर इसी से घर के अंदर घुसे और कमरे में रखी आलमारी के पास रखी चाबी से इसे खोला और लाखों रुपये के जेवर व एक लाख रुपये नकद लेकर चंपत हो गए। अपर पुलिस अधीक्षक सत्यपाल सिंह, क्षेत्राधिकारी जयकरण सिंह ने मौका मुआयना किया और थानाध्यक्ष राजापुर प्रवीण सिंह को जल्द से जल्द चोरी का खुलासा करने के निर्देश दिए। अजय ने बताया कि 12 मार्च को भी चोरी हुई थी, जिसकी तहरीर राजापुर थाने में दी गई थी।


घटना की जानकारी देता अजय पांडेय।

### 65 बुजुर्ग दंपती चारों धाम की यात्रा के लिए रवाना

**चित्रकूट।** देश, समाज और परिवार के कल्याण की कामना को लेकर 65 बुजुर्ग दंपती चारों धाम की यात्रा पर रविवार को एक रिजर्व बस से रवाना हुए। इनको धनुषधारी पीठाधीश्वर संकटमोचन मंदिर छतरपुर के महंत परमात्मा दास ने यात्रा की शुभकामनाएं दीं। इसमें राजापुर, औदहा, लोहदा, नादिन कुर्मियांन, कांटी, सिकरी अमान, सरधुआ आदि गांवों के बुजुर्ग हैं। तीर्थयात्रियों का जत्था अयोध्या, कानपुर, आगरा, मथुरा, वृंदावन होते हुए आगे के तीर्थ स्थलों के दर्शन करेगा। ये लोग लगभग 23 दिन की यात्रा पूरी करके 25 जून को वापस आएंगे। इस मौके पर समाजसेवी सभासद शंकर यादव, बीपी पटेल, जानकी पटेल आदि ने इनको सकुशल यात्रा की शुभकामनाएं दीं।

# मुस्लिम तुष्टिकरण को ऑपरेशन सिंदूर का विरोध कर रहीं ममता

## केंद्रीय गृहमंत्री शाह बोले- ऐसा करके माताओं-बहनों का अपमान कर रहीं कर दीदी

कोलकाता, एजेंसी

गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर तीखा हमला करते हुए उन पर मुस्लिम वोट बैंक को खुश करने के लिए ऑपरेशन सिंदूर और वक्फ संशोधन अधिनियम का विरोध करने का आरोप लगाया। शाह ने यह भी आरोप लगाया कि मुर्शिदाबाद में हाल में हुए दंगे राज्य प्रायोजित थे।

शाह ने यहां पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए अगले साल होने वाले विधानसभा चुनावों में तृणमूल सरकार को उखाड़ फेंकने का आह्वान किया और कहा कि मुख्यमंत्री के रूप में बनर्जी का कार्यकाल 2026 में समाप्त होगा। उन्होंने कहा, मुस्लिम वोट बैंक को खुश करने के लिए ममता दीदी ने ऑपरेशन सिंदूर का विरोध किया। ऐसा करके वह इस देश की माताओं और बहनों का अपमान कर रही हैं। आपने (ममता बनर्जी) सैन्य अभियान का विरोध नहीं किया, आपने करोड़ों माताओं-बहनों की जिंदगी से खेला है। मैं बंगाल की महिलाओं से अपील करने आया हूं कि वे आने वाले विधानसभा चुनाव में ऑपरेशन सिंदूर का विरोध करने वालों को सिंदूर की कीमत समझाएं। शाह ने कहा, 2026 (विधानसभा चुनाव) में राज्य की माताएं और बहनें ऑपरेशन सिंदूर की आलोचना करने के लिए मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस को सबक सिखाएंगी। तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी ने हाल में प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा पर ऑपरेशन सिंदूर का राजनीतिक लाभ लेने की कोशिश करने का आरोप लगाया था। अप्रैल में मुर्शिदाबाद में हुई हिंसा को लेकर शाह ने दावा किया कि दंगों में तृणमूल कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता शामिल थे। भाजपा नेता ने दावा किया, जिस तरह से तृणमूल कांग्रेस के एक मंत्री ने हिंसा भड़काई, उससे यह कहा जा सकता है कि मुर्शिदाबाद दंगे राज्य प्रायोजित थे।

शाह ने आरोप लगाया, मुर्शिदाबाद दंगों के दौरान गृह मंत्रालय बीएसएफ की तैनाती पर जोर देता रहा, लेकिन तृणमूल सरकार ने ऐसा नहीं होने दिया, ताकि हिंसा जारी रहे। अगर बीएसएफ के जवान तैनात होते तो हिंदुओं की सुरक्षा होती। भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाने के बाद ही आखिरकार बीएसएफ को भेजा गया।



बंगाल में रैली के दौरान कार्यकर्ताओं को संबोधित करते अमित शाह।

### शाह का बारिश प्रभावित पूर्वोत्तर को हरसंभव मदद का आश्वासन

**नई दिल्ली।** गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को असम, अरुणाचल प्रदेश व सिक्किम के मुख्यमंत्रियों और मणिपुर के राज्यपाल से उनके राज्यों में हो रही भारी बारिश के मद्देनजर बात की और उन्हें स्थिति से निपटने के लिए हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। कहा कि मोदी सरकार पूर्वोत्तर के लोगों के समर्थन में चट्टान की तरह खड़ी है। उन्होंने 'एक्स' पर कहा, असम, सिक्किम व अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्रियों और मणिपुर के राज्यपाल से उनके राज्यों में जारी भारी बारिश के मद्देनजर बात की। साथ ही उन्हें किसी भी स्थिति से निपटने के लिए हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। भारी बारिश के कारण पूर्वोत्तर राज्यों के कई हिस्से बाढ़ जैसी स्थिति का सामना कर रहे हैं। बाढ़ के कारण असम के 15 से अधिक जिलों में 78,000 से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। अधिकारियों ने बताया कि पिछले कुछ दिनों में राज्य भर में भारी बारिश से आई बाढ़ के कारण सड़क परिवहन, ट्रेन और नौका सेवाएं भी प्रभावित हुई हैं। उन्होंने बताया कि पिछले दो दिनों में अरुणाचल प्रदेश में मूसलाधार बारिश के कारण हुए भूस्खलन में नौ लोगों की मौत हुई है। अधिकारियों ने बताया कि लगातार बारिश से हुए भूस्खलन के कारण मुख्य सड़क अवरुद्ध हुई हैं और शनिवार को उत्तरी सिक्किम के विभिन्न हिस्सों में लगभग 1,500 पर्यटक फंस गए। सिक्किम के मंगन जिले में तीस्ता नदी में गुरुवार रात एक वाहन के गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई, दो लोग घायल हो गए।

## सेना के तीनों अंगों ने किया संयुक्त सुरक्षा अभ्यास

मुंबई, एजेंसी

- फोर्स वन और मुंबई पुलिस ने भी लिया हिस्सा, रक्षा मंत्रालय ने दी जानकारी
- गैर-परंपरागत खतरों की उभरती प्रकृति और सुरक्षा चुनौतियों के मद्देनजर किया अभ्यास

गैर-परंपरागत खतरों की उभरती प्रकृति और सुरक्षा चुनौतियों के मद्देनजर भारतीय सेना के तीनों अंगों ने यहां एक उच्चस्तरीय संयुक्त सुरक्षा अभ्यास किया। रक्षा मंत्रालय ने रविवार को यह जानकारी दी। एक बयान में कहा गया कि दो दिवसीय अभ्यास 30 और 31 मई को सेना प्रशिक्षण क्षेत्र, कोलाबा और फोर्स वन प्रशिक्षण क्षेत्र मुंबई में आयोजित किया गया और इसका समापन बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर हुआ।

बयान के मुताबिक, दो दिवसीय व्यापक अभ्यास में थल सेना, नौसेना, वायु सेना, भारतीय तटरक्षक बल, फोर्स वन (महाराष्ट्र) और मुंबई पुलिस की समन्वित भागीदारी देखी गई। बयान में कहा गया, इसका प्राथमिक उद्देश्य अंतर-एजेंसी सहयोग को मजबूत करना, परिचालन तत्परता का आकलन करना और बहुआयामी सुरक्षा परिदृश्यों के लिए एकीकृत प्रतिक्रिया तंत्र को जांचना था।

सभी संबंधित सेवाओं के वरिष्ठ अधिकारियों ने अभ्यास का निरीक्षण किया तथा यह सुनिश्चित किया कि मानक संचालन प्रक्रियाओं (एसओपी) का कठोरता से पालन किया जाए।

### एक नजर

#### हिमाचल प्रदेश: सड़क हादसे में पांच लोगों की मौत

**मंडी।** हिमाचल प्रदेश के मंडी में रविवार को एक पिकअप वाहन के पुल की रेलिंग से टकरा जाने से उसमें सवार पांच श्रमिकों की मौत हो गई, जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि वाहन पंजाब के लुधियाना से मंडी के कामंद में स्थित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) जा रहा था, उस दौरान ही यह दुर्घटना घटी। प्रारंभिक जांच के अनुसार, चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया और वाहन पुल की रेलिंग से टकरा गया था।

#### सोशल मीडिया पोस्ट के लिए व्यक्ति को हिरासत में लिया

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में सोशल मीडिया मंचों का गलत इस्तेमाल कर शांति भंग करने के आरोप में एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सालियान-सुरनकोट गांव निवासी एजाज अहमद के खिलाफ कार्रवाई की गई। उन्होंने कहा, यह कदम पुलिस की सांप्रदायिक सौहार्द, सार्वजनिक व्यवस्था और सभी नागरिकों की सुरक्षा बनाए रखने की दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

## मुठभेड़ में बब्बर खालसा से जुड़े दो सदस्य गिरफ्तार

चंडीगढ़, एजेंसी

- आतंकवाद-वसूली माड्यूल का भंडाफोड़, मुठभेड़ में एक घायल

पंजाब पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार करके आतंकवाद और जबरन वसूली के एक मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है। यह मॉड्यूल प्रतिबंधित संगठन बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) के एक सदस्य से जुड़ा था। पुलिस की गोली से एक सदस्य घायल भी हुआ है जिसे सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

डीजीपी गौरव यादव ने कहा कि बीकेआई सदस्य जीवन फौजी पंजाब में एक जबरन वसूली गिरोह चला रहा था। फौजी के दो साथियों करजप्रीत सिंह और गुरलाल सिंह उर्फ हरमन को गिरफ्तार कर लिया गया है। फौजी ने दोनों को एक पिस्तौल मुहैया कराई और अमृतसर क्षेत्र में फर्नीचर की दुकान पर गोली चलाने का निर्देश दिया। जीवन फौजी ने दुकान मालिक के कनाडा स्थित एक रिश्तेदार से फिरौती की मांग की थी। उन्होंने कहा कि पुलिस टीम गुरलाल को पिस्तौल की बरामदगी के लिए ले गई।

## गद्दारों ने तेजस्वी व मेरे बीच फूट डालने की कोशिश की: तेजप्रताप

**पटना।** पार्टी से निकाले जाने पर चुप्पी तोड़ते हुए तेजप्रताप यादव ने रविवार को आरोप लगाया कि उनके और छोटे भाई तेजस्वी यादव के बीच दरार डालने की साजिश रची जा रही है। राजद पार्टी से निष्कासित किये जाने के एक हफ्ते बाद बिहार के पूर्व मंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट कर अपनी भावनाएं व्यक्त कीं।

तेजप्रताप ने रविवार को दावा किया कि पार्टी में 'जयचंद' जैसे कुछ लालची लोग उनके खिलाफ राजनीति कर रहे हैं। महाभारत के प्रतीकात्मक चित्रण का सहारा लेते हुए यादव ने लिखा, मेरे अर्जुन से मुझे अलग करने का सपना देखने वालों तुम कभी अपनी साजिशों में सफल नही हो सकोगे, कृष्ण की सेना तो तुम ले सकते हो लेकिन खुद कृष्ण को नहीं। हर साजिश को जल्द बेनकाब करूंगा।

## नासिक-त्र्यंबकेश्वर में अगले साल 31 अक्टूबर से शुरू होगा सिंहस्थ कुंभ मेला

नासिक/मुंबई, एजेंसी

- नासिक में साधुओं और महंतों ने की बहुप्रतीक्षित तिथियों की घोषणा

नासिक-त्र्यंबकेश्वर सिंहस्थ कुंभ मेला 31 अक्टूबर 2026 को दो प्रमुख तीर्थ नगरी में पारंपरिक ध्वजारोहण के साथ शुरू होगा, जबकि गोदावरी नदी में पहला अमृत स्नान' दो अगस्त 2027 को होगा। नासिक में साधुओं और महंतों की एक बैठक में बहुप्रतीक्षित तिथियों की घोषणा की गई।

बैठक की अध्यक्षता मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने की। उन्होंने कहा कि इस भव्य समागम के लिए किए जाने वाले प्रबंध के पैमाने को देखकर दुनिया दंग रह जाएगी। सिंहस्थ कुंभ मेला 31 अक्टूबर 2026 को त्र्यंबकेश्वर के साथ-साथ रामकुंड और पंचवटी में ध्वजारोहण के साथ शुरू होगा। नासिक में 29 जुलाई 2027 को 'नगर प्रदक्षिणा' होगी, जबकि पहला 'अमृत स्नान' दो अगस्त 2027 को होगा। दूसरा अमृत स्नान 31 अगस्त 2027 को तथा तीसरा और अंतिम 11 सितंबर 2027 को नासिक में और 12 सितंबर 2027 को त्र्यंबकेश्वर में होगा। ध्वज को 24 जुलाई 2028 को उतार लिया जाएगा, जो सिंहस्थ कुंभ मेले के समापन का प्रतीक होगा। यह 12 वर्षों में एक बार आयोजित होता है। पिछला सिंहस्थ कुंभ मेला वर्ष 2015-16 में नासिक और त्र्यंबकेश्वर में आयोजित किया गया था। कुंभ पारंपरिक रूप से नासिक-त्र्यंबकेश्वर, प्रयाग, हरिद्वार और उज्जैन में आयोजित किया जाता है।

## समय से पहले मानसून आने से मई में बिजली खपत चार प्रतिशत घटी

नई दिल्ली, एजेंसी

- बारिश ने कूलर और एसी जैसे उपकरणों द्वारा होने वाली बिजली खपत की कम

मई में भारत की बिजली खपत एक साल पहले की समान अवधि की तुलना में चार प्रतिशत घटकर 148.71 अरब यूनिट रह गई। इसका मुख्य कारण बेमौसम बारिश और मानसून का समय से पहले आना है।

पिछले साल मई में बिजली की खपत 155.15 अरब यूनिट दर्ज की गई। मानसून के समय से पहले आने और मौसमी बारिश ने मई में बिजली की खपत के साथ-साथ मांग को भी प्रभावित किया। आईएमडी के अनुसार, मानसून अपने सामान्य समय से आठ दिन पहले यानी 24 मई, 2025 को केरल तट पर पहुंच गया। विशेषज्ञों ने कहा कि बेमौसम बारिश ने मई के दौरान विशेष रूप से कूलर और एयर कंडीशनर (एसी) जैसे उपकरणों द्वारा बिजली की खपत को कम कर दिया है। मई में एक दिन में सबसे अधिक आपूर्ति पिछले महीने घटकर लगभग 231 गीगावाट रह गई, जो मई 2024 में लगभग 250 गीगावाट थी। मई, 2024 में एक दिन में सबसे ज्यादा मांग 250 गीगावाट के सर्वकालिक उच्च स्तर को छू गई। पिछली सर्वकालिक उच्च बिजली मांग 243.27 गीगावाट सितंबर, 2023 में दर्ज की गई थी।

### बचाव अभियान



त्रिपुरा के अगरतला के बाहरी इलाके में बारिश के बीच बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में बचाव कर्मी नाव के माध्यम से स्थानीय लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचने में सहायता करते हुए। एजेंसी

## सीडीएस की टिप्पणी के बाद कांग्रेस ने संसद सत्र बुलाने की मांग की

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने सीडीएस जनरल अनिल चौहान द्वारा किए गए खुलासे के मद्देनजर सैन्य एवं विदेश नीति से संबंधित रणनीति पर चर्चा के लिए संसद का विशेष सत्र तत्काल बुलाने की रविवार को मांग की। कांग्रेस ने यह भी मांग की कि सरकार सभी दलों और पूरे देश को विश्वास में ले तथा ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत की रक्षा तैयारियों और रणनीति पर चर्चा करे।

कांग्रेस महासचिव जयराम ने कहा कि प्रधानमंत्री या रक्षा मंत्री को सर्वदलीय बैठक में विपक्षी नेताओं को वह बताना चाहिए था कि जो जनरल चौहान ने सिंगापुर में कहा है। उन्होंने कहा, चौहान ने ऑपरेशन सिंदूर पर कुछ महत्वपूर्ण बयान सिंगापुर में दिए हैं। बेहतर होता कि सरकार ने पहले सर्वदलीय बैठक में विपक्षी नेताओं को इस बारे में जानकारी दी होती। जनरल चौहान के बयानों से ऑपरेशन सिंदूर के बाद के दौर में व्यापक रणनीतिक विदेश नीति और आर्थिक मुद्दों पर चर्चा के लिए संसद की तत्काल बैठक बुलाने के मामले को बल मिलता है।

# कारोबार/कृषि

### एक नजर

#### रिकॉर्ड मुनाफे वाला शीर्ष पीएसयू बना एलआईसी

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की भारतीय जीवन बीमा निगम पिछले वित्त वर्ष (2024-25) की जनवरी-मार्च तिमाही में सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) में सबसे अधिक लाभ कमाने वाली कंपनी बन गई है। एलआईसी का शुद्ध लाभ चौथी तिमाही में 38 प्रतिशत वृद्धि के साथ रिकॉर्ड 19,013 करोड़ रहा है। वित्त वर्ष 2023-24 की इसी तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 13,763 करोड़ रहा था।

#### केनरा बैंक का बचत खातों में न्यूनतम शेष पर जुर्माना खत्म

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के केनरा बैंक ने सभी प्रकार के बचत खातों में औसत मासिक राशि (एएमबी) की जरूरत को पूरी तरह से खत्म करने की घोषणा की है। इसके तहत बैंक खाते में न्यूनतम राशि से कम जमा होने पर खाताधारक पर कोई जुर्माना नहीं लगाया जाएगा।

## भारत को गति देने के लिए काम कर रही सरकार

### प्रधानमंत्री मोदी ने एडीबी अध्यक्ष मासातो कांडा से मुलाकात की

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एशियाई विकास बैंक (एडीबी) के अध्यक्ष मासातो कांडा से मुलाकात की और कहा कि उनकी सरकार पिछले दशक में भारत के तेजी से हो रहे बदलाव को और गति देने के लिए काम कर रही है।

कांडा ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा कि उनका संगठन भारत की 2047 तक विकसित भारत की महत्वाकांक्षा का समर्थन कर रहा है और इसे एक साहसिक दृष्टिकोण बताया। उन्होंने कहा, हम अगले पांच वर्षों में नगर निगम के बुनियादी ढांचे के विकास, मेट्रो नेटवर्क का विस्तार, नए क्षेत्रीय रैपिड ट्रांजिट सिस्टम कॉरिडोर के निर्माण और शहरी सेवाओं के आधुनिकीकरण में तीसरे पक्ष की पूंजी सहित 10 अरब डॉलर का निवेश करेंगे। कांडा ने कहा कि 1966 से एडीबी का संस्थापक सदस्य भारत इसका मजबूत साझेदार है।

उन्होंने कहा, सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के वित्त को बढ़ाकर, ज्ञान सहयोग को गहरा करके और पूंजी जुटाकर, हम 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के अभियान का समर्थन करने और इसके 1.4 अरब लोगों के लिए समावेशी, लचीला और पर्यावरण अनुकूल विकास प्रदान करने के लिए तैयार हैं।



मोदी ने कहा, मसातो कांडा के साथ एक शानदार बैठक हुई, जिसमें हमने कई मुद्दों पर अपने विचार साझा किए। पिछले दशक में भारत के तेजी से हुए परिवर्तन ने अनगिनत लोगों को सशक्त बनाया है। हम इस यात्रा को और गति देने के लिए काम कर रहे हैं।

### एडीबी ने भारत के शहरी बदलाव के लिए 10 अरब डॉलर की प्रतिबद्धता जताई

**नई दिल्ली।** एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने अगले पांच साल में मेट्रो विस्तार सहित भारत के शहरी बदलाव के लिए 10 अरब अमेरिकी डॉलर तक की प्रतिबद्धता जताई है। एडीबी के अध्यक्ष मासातो कांडा ने यह जानकारी दी। उन्होंने शनिवार को यहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात के बाद कहा, शहर वृद्धि के इंजन हैं। एडीबी पूंजी जुटाएगा, वितरण में तेजी लाएगा और ऐसे समाधान को बढ़ावा देगा, जो भारत की शहरी अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाएंगे और 2047 तक विकसित भारत की दिशा में बढ़ने के लिए लोगों की मदद करेंगे। एडीबी ने बयान में कहा कि परिवर्तन योजना में सॉवरेन ऋण, निजी क्षेत्र का वित्तपोषण और तीसरे पक्ष की पूंजी शामिल है। इस पहल में शहरी चुनौती कोष (यूसीएफ) अग्रणी है, जिसे एडीबी शहरी बुनियादी ढांचे के लिए निजी निवेश आकर्षित करने के लिए समर्थन दे रहा है। भारत के 100 शहरों में विकास केंद्रों, रचनात्मक शहरी पुनर्विकास और पानी तथा स्वच्छता उन्नयन पर विश्लेषणात्मक कार्य यूसीएफ के लिए आधार तैयार कर रहे हैं। एडीबी ने कहा कि उसने पात्र परियोजनाओं को तैयार करने और राज्यों तथा शहरी स्थानीय निकायों की क्षमता को मजबूत करने के लिए तकनीकी सहायता में 30 लाख डॉलर की प्रतिबद्धता जताई है। कांडा ने एडीबी समर्थित दिल्ली-मेरठ आरआरटीएस गलियारे का दौरा किया और उन महिलाओं से बात की जिनकी आजीविका परियोजना से जुड़े प्रशिक्षण के माध्यम से बेहतर हुई है।

## बीते वित्त वर्ष में विनियमित इकाइयों पर आरबीआई ने 353 जुर्माने लगाए

मुंबई, एजेंसी

- सहकारी बैंकों पर 15.63 करोड़ की राशि के 264 जुर्माने लगाए गए

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बीते वित्त वर्ष (2024-25) में विनियमित इकाइयों (आरई) के खिलाफ प्रवर्तन कार्रवाई की और क़ानून के प्रावधानों के उल्लंघन के लिए कुल 353 जुर्माने लगाए। इन जुर्मानों के तहत राशि 54.78 करोड़ रुपये बैठती है।

ये उल्लंघन/गैर-अनुपालन, बैंकों में साइबर सुरक्षा ढांचे, जोखिम मानदंड और आईआरएसी मानदंड, अपने ग्राहक को जानें (केवाईसी) निर्देश, धोखाधड़ी वर्गीकरण और रिपोर्टिंग निर्देश, सीआरआईएलसी पर सूचना की रिपोर्टिंग, और क्रेडिट सूचना कंपनियों (सीआईसी) को कर्ज जानकारी देने से संबंधित थे। आरबीआई की वर्ष 2024-25 की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान, विभाग ने विनियमित इकाइयों के खिलाफ प्रवर्तन कार्रवाई की और समय-समय पर रिजर्व बैंक द्वारा जारी किए गए कुछ निर्देशों और कानूनों के प्रावधानों के उल्लंघन/गैर-अनुपालन के लिए कुल 54.78 करोड़ रुपये के 353 जुर्माने लगाए। आरबीआई के आंकड़ों से पता चला है कि सहकारी बैंकों पर 15.63 करोड़ रुपये की राशि के 264 जुर्माने लगाए गए। इसके अलावा, आरबीआई ने 37 गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी)/परिसंपत्ति पुनर्निर्माण कंपनियों पर कुल 7.29 करोड़ रुपये और 13 आवास वित्त कंपनियों पर 83 लाख रुपये का जुर्माना लगाया।

पिछले वित्त वर्ष के दौरान आठ सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) पर 11.11 करोड़ रुपये और 15 निजी बैंकों पर 14.8 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया गया। छह विदेशी बैंकों पर भी जुर्माना लगाया गया।

## भारत चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर, पर प्रति व्यक्ति आय में काई अच्छा सुधार नहीं : गर्ग

नई दिल्ली, एजेंसी



- पूर्व वित्त सचिव ने कहा- प्रति व्यक्ति आय बढ़ने से ही लोग होंगे विकसित

पूर्व वित्त सचिव सुभाषचंद्र गर्ग ने कहा है कि भारत कुछ समय में भले ही चौथी अर्थव्यवस्था बन जाएगा, लेकिन देश के लोगों को वास्तव में तभी विकसित और आर्थिक रूप से बेहतर माना जा सकता है जब उनकी प्रति व्यक्ति आय बढ़ेगी और इस मामले में कोई अच्छा सुधार नहीं हुआ है।

उन्होंने कहा कि 2024 में भारत की प्रति व्यक्ति जीडीपी लगभग 2,450 डॉलर (लगभग 2,09,622 रुपये) थी और इस मामले में देश 150वें स्थान पर है। गर्ग ने यह भी कहा कि आईएमएफ के आंकड़ों को देखा जाए तो भारत अभी चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था नहीं बना है। उल्लेखनीय है कि नीति आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रमण्यम ने हाल में कहा था कि भारत, जापान को पीछे छोड़ते हुए चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। हालांकि, बाद में नीति आयोग के सदस्य अरविंद विरमानी ने इसका खंडन किया था। इस बारे में पूछे जाने पर गर्ग ने कहा, आईएमएफ देशों के जीडीपी को मौजूदा अमेरिकी डॉलर में मापता है। मुद्रा कोष के 2024-25 के लिए विश्व आर्थिक परिदृश्य आंकड़ों के अनुसार, भारत की जीडीपी 3,910 अरब डॉलर है जबकि यह जापान के मामले में 4,030 अरब डॉलर है।

वास्तविकता यह है कि भारत अभी जापान से आगे नहीं निकला है। अभी हम चौथी अर्थव्यवस्था नहीं बने है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के पिछले सप्ताह जारी आंकड़ों के अनुसार, भारत की आर्थिक वृद्धि दर 2024-25 में 6.5 प्रतिशत रही और इसके साथ अर्थव्यवस्था का आकार 3,900 अरब डॉलर (330.68 लाख करोड़) रहा।

## सरकार ने पड़ोसी देशों से एफडीआई मंजूरी तेज की

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार ने चीन सहित पड़ोसी देशों के एफडीआई आवेदनों को मंजूरी देने की प्रक्रियाओं को काफी सुव्यवस्थित किया है। एक अधिकारी ने कहा कि इस संबंध में तेजी से निर्णय लिये जा रहे हैं और नियमित रूप से अंतर-मंत्रालयी समिति की बैठकें हो रही हैं।

उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि मंजूरी तय समयसीमा के भीतर मिले। सरकार ने 2020 के प्रेस नोट तीन के तहत भारत के साथ भूमि सीमा साझा करने वाले देशों से विदेशी निवेश के लिए पूर्व मंजूरी को अनिवार्य कर दिया था। ये देश हैं चीन, बांग्लादेश, पाकिस्तान, भूटान, नेपाल, म्यांमार और अफगानिस्तान हैं। इन देशों से लंबित एफडीआई प्रस्तावों की संख्या काफी कम है।

### सिंगापुर फिर बना भारत का सबसे बड़ा एफडीआई स्रोत

**नई दिल्ली।** सिंगापुर पिछले सात साल से एफडीआई का सबसे बड़ा स्रोत बना हुआ है। 2024-25 में सिंगापुर से लगभग 15 अरब अमेरिकी डॉलर का सबसे अधिक विदेशी निवेश मिला है।

## ब्याज दर में लगातार तीसरी बार 0.25% की कटौती कर सकता है आरबीआई

मुंबई, एजेंसी



- मुद्रास्फीति 4 प्रतिशत के औसत लक्ष्य से नीचे बने रहना मुख्य कारण

मुद्रास्फीति के चार प्रतिशत के औसत लक्ष्य से नीचे बने रहने के कारण, आरबीआई ब्याज दर में शुक्रवार को लगातार तीसरी बार 0.25 प्रतिशत की कटौती कर सकता है। इससे अमेरिका के आयात शुल्क बढ़ाने से उत्पन्न वैश्विक अनिश्चितता के बीच वृद्धि को बढ़ावा मिलेगा।

रिजर्व बैंक की दर-निर्धारण समिति मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) चार जून को अगली द्विमासिक मौद्रिक नीति पर विचार-विमर्श शुरू करेगी और छह जून (शुक्रवार) को निर्णय की घोषणा करेगी। फरवरी और अप्रैल में प्रमुख ब्याज दर (रेपो) में 0.25-0.25 प्रतिशत की कटौती की, जिससे यह छह प्रतिशत पर आ गई। आरबीआई गवर्नर की अध्यक्षता वाली छह सदस्यीय एमपीसी ने भी अपनी अप्रैल की नीति में रुख को 'तटस्थ' से बदलकर 'उदार' करने का फैसला किया। फरवरी, 2025 से नीतिगत रेपो दर में 0.50 प्रतिशत की कटौती के जवाब में, अधिकांश बैंकों ने अपनी रेपो से संबद्ध बाहरी बेंचमार्क आधारित उधार दरों (ईबीएलआर) और कोष-आधारित उधार दर की सीमांत लागत (एमसीएलआर) को कम कर दिया है। बैंक ऑफ बड़ोदा के मुख्य अर्थशास्त्री मदन सबनवीस ने कहा, हमारा मानना है कि मुद्रास्फीति की अपेक्षाकृत सौम्य स्थितियों और आरबीआई के उपायों के माध्यम से तरलता की स्थिति को बहुत सहज बनाए जाने के कारण, एमपीसी छह जून को रेपो दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती करेगी।



अमृत विचार
www.amritvichar.com
कानपुर, सोमवार, 2 जून 2025 | 13





| औरेंज कैप | पर्पल कैप |
|---|---|
| साई सुदर्शन (गुजरात) | प्रसिद्ध कृष्णा (गुजरात) |





| 759 रन | 25 विकेट |
|---|---|

**उच्चतम स्कोर**

| | |
|---|---|
| 2. सूर्य कुमार यादव (मुंबई) | 673 रन |
| 3. शुभमन गिल (गुजरात) | 650 रन |
| 4. मिचेल मार्श (लखनऊ) | 627 रन |
| 5. विराट कोहली (बेंगलुरु) | 614 रन |

**सर्वाधिक विकेट**

| | |
|---|---|
| 2. नूर अहमद (चेन्नई) | 24 विकेट |
| 3. जोश हैजलवुड (बेंगलुरु) | 21 विकेट |
| 4. ट्रेंट बोल्ट (मुंबई) | 21 विकेट |
| 5. साई किशोर (गुजरात) | 19 विकेट |

**एक पारी में उच्चतम स्कोर**

| | |
|---|---|
| 1. अभिषेक शर्मा (हैदराबाद) | 141 रन |
| 2. रिषभ पंत (लखनऊ) | 118* रन |
| 3. मिचेल मार्श (लखनऊ) | 117 रन |
| 4. केएल राहुल (दिल्ली) | 112* रन |
| 5. साई सुदर्शन (गुजरात) | 108* रन |

**सर्वाधिक छक्के**

| | |
|---|---|
| 1. निकोलस पूरन (लखनऊ) | 40 छक्के |
| 2. मिचेल मार्श (लखनऊ) | 37 छक्के |
| 3. सूर्यकुमार यादव (मुंबई) | 35 छक्के |
| 4. श्रेयस अय्यर (पंजाब) | 31 छक्के |
| 5. अभिषेक शर्मा (हैदराबाद) | 28 छक्के |

# बारिश से विलंब से शुरू हुआ मैच पूरे 20 ओवर का होगा मुकाबला

## मुंबई इंडियंस का पहला विकेट गिरा, रोहित शर्मा 8 रन बनाकर लौटे पवेलियन

**अहमदाबाद, एजेंसी**

मुंबई इंडियंस और पंजाब किंग्स के बीच आईपीएल के दूसरे क्वालीफायर में पूरे बीस ओवर डाले जायेंगे जबकि बारिश के कारण खेल सवा दो घंटे विलंब से शुरू होगा। बीसीसीआई ने बताया कि मैच नौ बजकर 45 मिनट पर शुरू होगा और कोई ओवर कम नहीं किया जाएगा। इससे पहले बारिश के कारण खेल की शुरूआत में विलंब हुआ । पंजाब किंग्स ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला लिया था।

खबर लिखे जाने तक मुंबई इंडियंस ने चार ओवर में एक विकेट के नुकसान पर 43 रन बना लिए थे। ओपनर बल्लेबाज रोहित शर्मा महज आठ रन बनाकर पवेलियन लौट गए। जॉनी बेयरस्टो और तिलक वर्मा बल्लेबाजी कर रहे हैं।



बारिश बंद होने का इंतजार करते कवर मैन। ● एजेंसी



मुंबई इंडियंस रोहित शर्मा रन पूरा करते हुए। ● एजेंसी

# तिरंगा रैली में सशस्त्र बलों को दी गई श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली, एजेंसी**

**फिट इंडिया संडे**

फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल के 25वें संस्करण में रविवार को हुई तिरंगा रैली में सशस्त्र बलों को श्रद्धांजलि दी गई। आज सुबह देश भर में पांच हजार से अधिक स्थानों पर आयोजित हुए कार्यक्रम में 15 हजार से अधिक साइकिल चालकों ने ऑपरेशन सिंदूर में शामिल सशस्त्र बलों को श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर केंद्रीय खेल मंत्री डा. मनसुख मांडविया ने मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम में खेल जगत की हस्तियां, ओलंपिक पदक विजेता योगेश्वर दत्त, क्रिकेटर सबा करीम, पहलवान सरिता मोर, बॉलीवुड अभिनेत्री शारवरी और भारतीय साइकिलिंग टीम के साथ 1500 से अधिक साइकिल चालकों की तिरंगा रैली की अगुवाई की। खेलो इंडिया सेंटर (केआईसी), खेलो इंडिया स्टेट सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (केआईएससीई) और साई ट्रेनिंग सेंटर (एसटीसी) द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम के तहत जम्मू और कश्मीर के कई क्षेत्रों जम्मू, पुंछ, किश्तवाड़, कुलगाम, बांदीपोरा, शोपियां, बारामुल्ला, बडगाम, सांबा में साइकिल चालक तिरंगा रैली में शामिल हुए। इस दौरान ऑपरेशन सिंदूर में शामिल सशस्त्र बलों को श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर डा. मांडविया कहा, यह तिरंगा रैली हमारे जवानों और उनके बलिदान को सलाम है।

फिटनेस और देशभक्ति एक साथ चलते हैं। इस ऐतिहासिक संस्करण में दो प्रमुख पहलों का शुभारंभ हुआ-फिट इंडिया न्यूजलैटर और फिट इंडिया मोबाइल ऐप पर कार्बन क्रेडिट फीचर, जहाँ साइकिल चालक अब नियमित रूप से साइकिल चलाकर बचाए गए कार्बन क्रेडिट को ट्रैक कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि ऐप का एक बार डाउनलोड करने पर आप फिट इंडिया अभियान का हिस्सा बन जाएँगे। आपकी गति 'सात से 34 किमी प्रति घंटे तक और आपकी दूरी दर्ज की जाएगी, और आपके कार्बन क्रेडिट जोड़े जाएंगे।

श्री मांडविया ने इस अवसर पर अभिनेत्री शरवरी को 'यंग फिट इंडिया आइकन' की उपाधि से सम्मानित किया। यंग फिट इंडिया आईकन से सम्मानित किये जाने पर शरवरी ने कहायह अभियान बहुत बड़ा है। साइकिल चलाना मुझे स्कूल की गर्मियों की छुट्टियों की याद दिलाता है

# गिल के लिए कड़ी परीक्षा होगा इंग्लैंड का दौरा : सबा करीम

**नई दिल्ली, एजेंसी**

पूर्व भारतीय चयनकर्ता सबा करीम का मानना है कि आगामी इंग्लैंड दौरा नये टेस्ट कप्तान शुभमन गिल के लिए कड़ी परीक्षा जैसा होगा और कप्तान के रूप में उनकी सफलता उनके बल्लेबाजी प्रदर्शन पर निर्भर करेगी। रोहित शर्मा, विराट कोहली और रविचंद्रन अश्विन जैसे दिग्गजों के संन्यास लेने के बाद गिल को कप्तान नियुक्त करके भारत ने टेस्ट क्रिकेट में एक नए युग की शुरुआत की। करीम ने रविवार को फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल कार्यक्रम से इतर पीटीआई वीडियो से कहा यह उनके लिए एक परीक्षा है। मुझे यकीन है कि वह इसके लिए तैयार हैं।

उन्हें बल्लेबाजी में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। अगर वह ऐसा करने में सफल रहते हैं तो इससे उनकी कप्तानी पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। इस पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज़ को पूरा विश्वास है कि भारत की युवा टीम इंग्लैंड में अच्छा प्रदर्शन करके अनुकूल परिणाम हासिल करेगी। उन्होंने कहा मुझे इस युवा भारतीय टीम से अच्छे नतीजों की उम्मीद है। मैच वास्तव में प्रतिस्पर्धी होंगे और भारतीय खिलाड़ी इसके लिए तैयार हैं।



सबा करीम व शुभमन गिल। ● एजेंसी

## मुकेश के तीन विकेट से भारत ए की मैच में वापसी

**कैंटरबरी :** तेज गेंदबाज मुकेश कुमार के तीन विकेट की मदद से भारत ए ने मैक्स होल्डेन के आठवें प्रथम श्रेणी शतक के बावजूद अनधिकृत चार दिवसीय टेस्ट के तीसरे दिन रविवार को मैच में वापसी की जब इंग्लैंड लायंस के पांच विकेट 333 रन पर निकल गए। टॉम हैंस 208 गेंद में 142 रन बनाकर खेल रहे हैं जबकि डैन मूसली ने दो रन बनाये हैं। लायंस अभी भी 224 रन पीछे हैं। मुकेश ने होल्डन (101 गेंद में 101 रन), लायंस के कप्तान जेम्स रियू (आठ) और रेहान अहमद (तीन) के विकेट चटकाए। होल्डन ने विकेट के पीछे ध्रुव जुरेल को कैच थमाया जबकि रियू पगबाधा आउट हुए।

## मेरा लक्ष्य विश्व शीर्ष-50 में पहुंचना है : घोरपड़े

**अहमदाबाद :** भारत की युवा महिला टेबल टेनिस खिलाड़ी यशस्विनी घोरपड़े ने 2024 में सीनियर स्तर पर पदार्पण करते हुए इस खेल में तेजी से प्रगति की है और उसी वर्ष वह विश्व रैंकिंग में शीर्ष 100 में शामिल हो गईं।

वर्तमान में विश्व रैंकिंग में 84वें स्थान पर काबिज घोरपड़े अब पहले शीर्ष 75 और फिर शीर्ष 50 में पहुंचकर अगले वर्ष जापान में होने वाले एशियाई खेलों और 2028 में लॉस एंजिल्स में होने वाले ओलंपिक खेलों में अपना स्थान पक्का करना चाहती है। घोरपड़े ने 'पीटीआई' से कहा जब मैंने अंडर-15 में पहली राष्ट्रीय चैंपियनशिप जीती थी, तब मैं आठवीं कक्षा में थी और फिर मैंने अंडर-19 राष्ट्रीय चैंपियनशिप जीती। पिछले साल मैंने घरेलू सर्किट में अच्छा प्रदर्शन किया। मैं राष्ट्रीय रैंकिंग में दूसरे स्थान पर रही।

# रिंकू सिंह की आठ जून को सांसद प्रिया सरोज से होगी सगाई

**जौनपुर, एजेंसी**

भारतीय क्रिकेट टीम के उभरते सितारे रिंकू सिंह की शादी जौनपुर की मछलीशहर लोकसभा सीट से समाजवादी पार्टी (सपा) की सांसद प्रिया सरोज से तय हो गई है और दोनों की रिंग सेरेमनी (सगाई की रस्म) आठ जून को लखनऊ में होगी। प्रिया सरोज के पिता और जौनपुर के केराकत विधानसभा सीट से सपा विधायक तूफानी सरोज ने रविवार को इस रिश्ते की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि रिंग सेरेमनी में परिवार के सदस्य करीबी मित्र और रिश्तेदार शामिल होंगे। शादी परंपरागत तरीके से इसी साल 18 नवंबर को वाराणसी के होटल ताज में होगी। इस शादी समारोह में क्रिकेट जगत के सितारे, बॉलीवुड हस्तियां, उद्योगपति और प्रमुख राजनेताओं को आमंत्रित करने की तैयारी चल रही है।

उन्होंने बताया कि अलीगढ़ में रिंकू सिंह के परिजनों से मुलाकात के बाद दोनों परिवारों की सहमति से यह रिश्ता तय हुआ। तूफानी सरोज ने कहा रिंकू और प्रिया एक-दूसरे को पहले से जानते हैं। प्रिया की सहेली के पिता (जो एक क्रिकेटर हैं) के माध्यम से दोनों की



मुलाकात हुई थी। दोनों ने परिजनों की रजामंदी से शादी का फैसला लिया। पेशे से अधिवक्ता 26 साल की प्रिया सरोज पहली बार सांसद बनी हैं। 27 साल के रिंकू सिंह ने भारत के लिए दो एकदिवसीय और 33 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले है।

आक्रामक बल्लेबाजी से पहचान बनाने वाले रिंकू इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए खेलते हैं। सपा विधायक के करीबियों के अनुसार, शादी पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ होगी। दोनों ने एक-दूसरे को समझने के लिए पर्याप्त समय लिया और अब एक नयी शुरुआत के लिए तैयार हैं।



**जयपुर :** पहली तिब्बती पेशेवर मिश्रित मार्शल आर्ट फाइटर तेनजिन पेमा जयपुर में एक वर्कआउट करती हुईं। ● एजेंसी

## खेल डायरी

### भाटिया आठ ओवर के कार्ड के बाद 23वें स्थान पर खिसके

**डबलिन :** भारतीय मूल के अमेरिकी खिलाड़ी अक्षय भाटिया शुरुआती दो दौर के शानदार प्रदर्शन को तीसरे दौर में जारी नहीं रख सके और आठ ओवर 80 के निराशाजनक कार्ड के बाद 'मेमोरियल गोल्फ टूर्नामिंट' में संयुक्त रूप से 23वें स्थान पर खिसक गए। भाटिया शुरुआती दो दौर में क्रमश: 70 और 69 का कार्ड खेलने के बाद संयुक्त रूप से तीसरे स्थान के साथ खिताब की दौड़ में बने हुए थे लेकिन तीसरे दौर में चार बोगी और दो डबल बोगी कर तालिका में काफी नीचे खिसक गए। विश्व रैंकिंग में शीर्ष पर काबिज स्कॉटी शेफलर चार अंडर का कार्ड खेलकर तालिका में शीर्ष पर पहुंच गए। शेफलर का कुल स्कोर आठ अंडर है। उनके पास दूसरे स्थान पर काबिज बेन ग्रिफिन (65-72-72) पर बढ़त है।

### ओलंपिक पदक विजेता लवलीना मुक्केबाजी अकादमी शुरू करेंगी

**नई दिल्ली :** टोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन की अकादमी का उद्घाटन मंगलवार को गुवाहाटी में असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा करेंगे। लवलीना ने कहा यह अकादमी सिर्फ प्रशिक्षण सुविधा से कहीं बढ़कर है। यह एक सपना है जो मैंने खुद और असम के उन अनगिनत युवा लड़कों और लड़कियों के लिए देखा है जो रिंग में उतरना चाहते हैं। उन्होंने कहा 'लवलीना मुक्केबाजी अकादमी' के साथ मैं ऐसा माहौल बनाना चाहती हूं जहां महत्वाकांक्षी खिलाड़ी न केवल मुक्केबाजी की कला सीखें बल्कि सफल होने के लिए जरूरी जज्बा, अनुशासन और मजबूत आत्मविश्वास भी हासिल करें।

### गुकेश का उतार-चढ़ाव भरा सफर जारी

**स्टावेंजर :** मौजूदा विश्व चैंपियन डी गुकेश का नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में उतार-चढ़ाव भरा सफर जारी रहा और यह भारतीय खिलाड़ी चीन के वेई यी से आर्मागेडन टाई-ब्रेक में हारकर संयुक्त पांचवें स्थान पर खिसक गया। इस प्रतियोगिता में भाग ले रहे भारत के एक अन्य खिलाड़ी अर्जुन एरिगैसी ने अमेरिका के विश्व में दूसरे नंबर के खिलाड़ी हिकारू नाकामुरा को हराकर अपना चौथा स्थान बरकरार रखा। गत चैंपियन मैग्नस कार्लसन ने शनिवार को भी अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा। उन्होंने काले मोहरों से खेलते हुए फैबियानो कारूआना के खिलाफ आर्मागेडन टाई-ब्रेक में जीत हासिल कर अपने अंकों की संख्या 9.5 पर पहुंचा दी। महिला वर्ग में कोनेरू हम्पी ने चीन की लेई टिंगजी के खिलाफ टाई-ब्रेक जीत के बाद 8.5 अंकों के साथ बढ़त हासिल की।



फ्रेंच ओपन में यूक्रेन की एलिना स्वितोलिना इटली की जैस्मीन पाओलिनी को गेंद लौटाती हुई। ● एजेंसी

# स्वितोलिना क्वार्टर फाइनल में पहुंची

**पेरिस, एजेंसी**

एलिना स्वितोलिना ने तीन मैच प्वाइंट का बचाव कर 2024 की उपविजेता और चौथी वरीयता प्राप्त जैस्मीन पाओलिनी को रविवार को यहां 4-6, 7-6, 6-1 से हराकर पांचवीं बार फ्रेंच ओपन के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।

फ्रेंच ओपन में आने से पहले पाओलिनी ने क्ले कोर्ट पर इटालियन ओपन का खिताब जीता था। वह इस मुकाबले में लगातार नौ जीत के साथ पहुंची थी लेकिन बेहद मजबूत स्थिति में होने के बावजूद उन्होंने स्वितोलिना को वापसी का मौका दे दिया। यूक्रेन की 13वीं वरीयता स्वितोलिना के सामने अंतिम आठ मुकाबले में तीन बार की गत चैंपियन इगा स्वियातेक या 2022 विंबलडन चैंपियन एलिना रयबाकिना की चुनौती होगी। पाओलिनी ने पहला सेट जीतने के बाद दूसरे सेट में 5-3 की बढ़त हासिल कर ली थी लेकिन स्वितोलिना उनकी सर्विस को तोड़ने में सफल रही। यूक्रेन की खिलाड़ी ने इसके बाद वापसी करते हुए टाई ब्रेकर तक चले इस सेट को अपने नाम किया।

**नोवाक जोकोविच चौथे दौर में पहुंचे :** दिग्गज टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच को फ्रेंच ओपन के तीसरे दौर के मुकाबले में क्वालीफायर फिलिप मिसोलिच को 6-3, 6-4, 6-2 से हराने में कोई परेशानी नहीं हुई। रिकॉर्ड 24 ग्रैंड स्लैम जीतने वाले जोकोविच लगातार 16वीं बार फ्रेंच ओपन के चौथे दौर में पहुंचे हैं। यह मुकाबला कोर्ट फिलिप-चैटियर में खेला जा रहा था जो पेरिस सेंट जर्मेन के घरेलू स्टेडियम स्टेडियम से कुछ ही दूरी पर है।

## बोपन्ना-पावलासेक की जोड़ी फ्रेंच ओपन से बाहर

**पेरिस :** भारत के रोहन बोपन्ना और उनके जोड़ीदार एडम पाव लासेक दूसरी वरीयता प्राप्त हैरी हेलियोवारा और हेनरी पैटन की जोड़ी को कड़ी टक्कर देने के बावजूद रविवार को यहां हारकर फ्रेंच ओपन से बाहर हो गए। भारत और चेक गणराज्य के खिलाड़ी की गैर वरीयता प्राप्त जोड़ी को प्री-क्वार्टर फाइनल मुकाबले में फिनलैंड और ब्रिटेन के खिलाड़ी की जोड़ी ने 6-2, 7-6 से शिकस्त दी। हेलियोवारा और पैटन की जोड़ी शुरुआती सेट में दो बार सर्विस ब्रेक करते हुए 5-1 की बढ़त बनाने में सफल रही।

## भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने शूटआउट में उरुग्वे को 3-1 से हराया

**नई दिल्ली, एजेंसी :** भारत ने अर्जेंटीना के रोसारियो में चार देशों की जूनियर महिला हॉकी टूर्नामेंट के अपने पांचवें मुकाबले में उरुग्वे पर शूटआउट में 3-1 से जीत दर्ज की। इससे पहले निर्धारित समय में यह मुकाबला 2-2 की बराबरी पर छूटा था। भारत के लिए उप-कप्तान हिना (10वें मिनट) और लालरिनपुई (24वें मिनट) ने मैच के निर्धारित समय में गोल किए जबकि जबकि गीता, कनिका और लालथंतलुगी ने शूटआउट में अपने मौकों को भुनाकर टीम की जीत सुनिश्चित की।

भारत ने मैच की आक्रामक शुरुआत के साथ दबदबा कायम किया। हिना ने 10वें मिनट में खाता खोला जबकि लालरिनपुई के गोल से मध्यांतर तक भारत ने 2-0 की बढ़त बना ली। उरुग्वे ने हालांकि आखिरी क्वार्टर में शानदार वापसी की। टीम ने तीन मिनट के अंदर दो गोल कर स्कोर बराबर कर लिया। इनेस डी पोसादास ने 54वें मिनट जबकि मिलाग्रोस सेगल ने 57वें मिनट गोल करके स्कोर 2-2 से बराबर कर दिया। शूटआउट में भारत ने अपना संयम बनाए रखा और गीता, कनिका और लालथंतलुगी ने लगातार तीन गोल किए, जबकि उरुग्वे को केवल एक ही गोल करने का मौका मिला। भारत अब सोमवार को मेजबान अर्जेंटीना के खिलाफ खेलेगा।

# पीएसजी पहली बार बना चैंपियंस लीग का चैंपियन

**म्यूनिख, एजेंसी**

पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने डिजायर डोए के दो गोल की मदद से शनिवार को यहां खेले गए एकतरफा फाइनल में इंटर मिलान को 5-0 से करारी शिकस्त देकर पहली बार यूरोपीय क्लब फुटबॉल की सबसे बड़ी प्रतियोगिता चैंपियंस लीग का खिताब जीता। पीएसजी ने दर्शकों के अपार समर्थन के बीच बेहतरीन खेल का नजारा पेश किया और इंटर के समर्थकों को आखिरी सिटी बजने से पहले ही स्टेडियम छोड़ने के लिए मजबूर किया।

पीएसजी की तरफ से डोए ने 20वें और 63वें मिनट में गोल किए। उनके अलावा अचरफ हकीमी (12वें), खिवचा क्वारात्सखेलिया (73वें) और स्थानापन्न सेनी मायुलु (86वें) ने



चैंपियंस लीग जीतने के बाद ट्रॉफी के साथ जश्न मनाते पीएसजी के खिलाड़ी। ● एजेंसी

एक एक गोल करके पीएसजी की रिकॉर्ड जीत सुनिश्चित की। यह पिछले 70 वर्षों में चैंपियंस लीग के फाइनल में किसी भी टीम की सबसे बड़ी जीत है।

पीएसजी के कोच लुई एनरिक ने कहा अब हमारे पास चैंपियंस लीग की ट्रॉफी है। जब मैं पीएसजी से जुड़ा था तो मैंने पहले दिन ही कहा था कि हमारा लक्ष्य चैंपियंस लीग का खिताब जीतना है। यह एकमात्र ट्रॉफी थी जिसे हम अभी तक नहीं जीत पाए थे। यह वह ट्रॉफी थी जो लियोनेल मेस्सी, नेमार या किलियन एमबाप्पे भी फ्रांस के इस क्लब को नहीं दिला पाए थे। इससे पहले पीएसजी 2020 में चैंपियंस लीग के फाइनल में पहुंचा था लेकिन तब वह बायर्न म्यूनिख से हार गया था, जिसके बाद नेमार लिस्बन के खाली स्टेडियम में रो पड़े थे। कोरोना महामारी के कारण तब यह मैच खाली स्टेडियम में खेला गया था। लेकिन इस बार माहौल पूरी तरह से भिन्न था। पीएसजी के हजारों समर्थक स्टेडियम में मौजूद थे। वे झंडे लहरा रहे थे, पटाखे जला रहे थे और अपने प्रतिद्वंद्वियों इंटर के समर्थकों का शोरगुल दबा रहे थे, जिनमें से कई समर्थक अंतिम सीटी बजने से काफी पहले ही स्टेडियम से चले गए थे। पीएसजी के समर्थक पूरे दिन म्यूनिख की सड़कों पर पार्टी करते रहे, लेकिन वह उस खुशी के दृश्य की तुलना में कुछ भी नहीं था, जब कप्तान मार्क्विनहोस ने ट्रॉफी को अपने हाथों में उठाया और उनके पीछे आतिशबाजी और सुनहरे कंफेद्दी हवा में उड़ रहे थे।

## फ्रांस में चैंपियंस लीग के जश्न में दो प्रशंसकों की मौत

**पेरिस :** पेरिस सेंट जर्मेन की चैंपियंस लीग फुटबॉल में ऐतिहासिक जीत के बाद देश भर में जश्न में दो प्रशंसकों की मौत हो गई और एक पुलिस अधिकारी कोमा में चला गया है। फ्रेंच अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

म्युनिख में शनिवार की रात हुए मैच के बाद पीएसजी की स्ट्रीट पार्टी में डैक्स में एक 17 वर्ष के युवक की चाकू घोपकर हत्या कर दी गई। वहीं पेरिस में पीएसजी की जीत के जश्न के दौरान स्कूटर कार से टकराने में एक युवक की मौत हो गई। फ्रांस में आतिशबाजी में एक पटाख एक पुलिस अधिकारी को लगा जिससे वह कोमा में चला गया है। पेरिस में 201 लोग घायल हुए हैं।

# ईरान की परमाणु गतिविधियां सभी समझौतों के भीतर

दुबई, एजेंसी

ईरान के विदेश मंत्री ने रविवार सुबह संयुक्त राष्ट्र (संरा) की परमाणु निगरानी एजेंसी आईएईए के निदेशक से फोन पर बात की। इसके पहले अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) की रिपोर्ट में कहा था कि ईरान संवर्धित यूरेनियम के भंडार में बढ़ोतरी कर रहा है जो हथियार बनाने योग्य स्तर का है। टेलीग्राम पर अब्बास अराघची ने लिखा कि उन्होंने वियना स्थित आईएईए के प्रमुख राफेल मारियानो ग्रॉसी से बातचीत में ईरान के सहयोग पर जोर दिया।

आईएईए ने फोन कॉल के बारे में पूछने पर कोई जवाब नहीं दिया है। आईएईए की गोपनीय रिपोर्ट में सख्त चेतावनी देते हुए कहा गया है कि ईरान अब ऐसी सामग्री का उत्पादन करने वाला परमाणु हथियार से रहित एकमात्र देश है। रिपोर्ट में इसे



- ईरान के बढ़ते यूरेनियम भंडार की रिपोर्ट पर विदेश मंत्री ने आईएईए प्रमुख से की बात

गंभीर चिंता का विषय बताया गया है। अराघची ने ग्रॉसी से बातचीत में इस चीज पर जोर दिया कि ईरान की सभी परमाणु गतिविधियां समझौतों के ढांचे के भीतर हैं और आईएईए द्वारा उनकी निगरानी की जा रही है। आईएईए ने एक अलग रिपोर्ट में कहा कि ईरान के कई स्थानों पर (जिन्हें तेहरान परमाणु स्थल घोषित करने में विफल रहा है) आईएईए निरीक्षकों द्वारा यूरेनियम की मौजूदगी का पता लगाने के मामले में उसके साथ ईरान का सहयोग संतोषजनक नहीं रहा है।

## रूस में विस्फोट से दो पुल ढहे, सात लोगों की मौत

**मॉस्को।** पश्चिमी रूस में शनिवार रात में विस्फोटों से दो पुल ढह गए और दो ट्रेन पटरी से उतर गईं। इनमें से एक घटना में सात लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने हालांकि विस्फोटों के कारणों के बारे में नहीं बताया। यूक्रेन की सीमा से लगे ब्रायंस्क क्षेत्र में स्थित पहला पुल शनिवार को एक यात्री ट्रेन के ऊपर गिर गया, जिससे कई लोग हताहत हुए। अधिकारियों ने बताया कि यूक्रेन की सीमा से लगे पास के कुर्स्क क्षेत्र में एक पुल के ढह जाने से दूसरी ट्रेन भी पटरी से उतर गई। कार्यवाहक गवर्नर अलेक्जेंडर खिनशतेन ने रविवार को बताया कि विस्फोट के कारण पुल ढहने की इस दुर्घटना में एक मालगाड़ी पटरी से उतरकर सड़क पर गिर गई। दुर्घटना से आग लग गई।

# बढ़ती उम्र और नींद

भागदौड़ भरी जीवनशैली में देर रात तक जागना आम है। युवा से लेकर कामकाजी लोग तक, कई कारणों से देर तक जागते हैं- चाहे वह मोबाइल फोन हो, काम का दबाव हो या मनोरंजन। लेकिन क्या आप जानते हैं कि यह आदत आपके दिमागी स्वास्थ्य पर गंभीर असर डाल सकती है? हाल ही में किए गए एक बड़े अध्ययन से यह सामने आया है कि जो लोग देर रात तक जागने के आदी हैं, उनकी दिमागी क्षमता उम्र के साथ तेज़ी से घटती है। इसके उलट, सुबह जल्दी उठने वालों में यह गिरावट अपेक्षाकृत धीमी होती है। नींद की नियमितता, जीवनशैली और शारीरिक गतिविधियों का हमारे मस्तिष्क के स्वास्थ्य पर सीधा असर होता है। हाल ही में नीदरलैंड की यूनिवर्सिटी मेडिकल सेंटर ग्रोनिंगन द्वारा किए शोध में यह बात सामने आई है कि रात में देर तक जागने वालों की दिमागी क्षमता उम्र के साथ घटती है। इसमें 23,800 लोगों को शामिल किया गया, जिनके मस्तिष्क की कार्यक्षमता का विश्लेषण 10 वर्षों तक किया गया।

# मानसिक स्वास्थ्य पर दबाव

### क्रोनोटाइप और सोना-जागना

शोध के अनुसार, व्यक्ति का क्रोनोटाइप—यानी वह दिन के किन हिस्सों में ज्यादा सक्रिय रहता है—यह तय करता है कि उसकी नींद और जागने की आदतें कैसी हैं। देर रात तक जागने वाले लोगों का सोने-जागने का चक्र देर से शुरू होता है, जबकि सुबह जल्दी उठने वाले लोग जल्दी सोते और उठते हैं।

### जीवनशैली-मस्तिष्क पर असर

शोध में पाया गया कि देर तक जागने वाले लोग अधिक धूम्रपान करते हैं, शराब का सेवन ज्यादा करते हैं और कम शारीरिक गतिविधि करते हैं, जिससे उनकी दिमागी सेहत पर नकारात्मक असर पड़ता है।

### उम्र के साथ-साथ नींद के चक्र में बदलाव

बचपन में अधिकतर बच्चे जल्दी उठते हैं, किशोरावस्था में देर से जागने लगते हैं और 20 की उम्र के बाद फिर धीरे-धीरे सुबह उठने की प्रवृत्ति लौटने लगती है। हालांकि यह बदलाव सभी में नहीं होता।



### सलाह-समाधान

शोधकर्ताओं की सलाह है कि जितना संभव हो, व्यक्ति को अपने प्राकृतिक नींद चक्र के अनुसार जीवनशैली अपनानी चाहिए। जब शरीर मेलाटोनिन नहीं बनाता, तब ज़बरदस्ती सोने की कोशिश न करें। यदि कोई व्यक्ति रात में जागने का आदी है, तो उसे काम शुरू करने का समय भी उसी के अनुसार होना चाहिए, ताकि मस्तिष्क को पूरा आराम मिल सके और दीर्घकालिक मानसिक समस्याएं न हों।

### उच्च शिक्षित लोगों में नींद की समस्या

शोधकर्ताओं ने यह भी बताया कि अच्छी शिक्षा पाने वाले कई लोग, जो सुबह जल्दी नौकरी पर जाते हैं, उन्हें पर्याप्त नींद नहीं मिलती। इससे मस्तिष्क को पूरा विश्राम नहीं मिल पाता, और उनकी मानसिक क्षमता धीरे-धीरे घटने लगती है। शोध में यह भी स्पष्ट हुआ कि 25% मामलों में दिमागी गिरावट का कारण धूम्रपान और खराब नींद होती है।

### सोने की आदतों का रखें ध्यान

इस शोध का सार यही है कि मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखने के लिए नींद की आदतों को नजरअंदाज न करें, क्योंकि दिमाग को भी रोज़ विश्राम की ज़रूरत होती है।

## एक नजर

### धूल भरी आंधी में फंसा इंडिगो का विमान

**नई दिल्ली।** रायपुर से दिल्ली आ रही इंडिगो की फ्लाइट को उस समय बड़ी परेशानी हुई, जब वह दिल्ली एयरपोर्ट के पास पहुंचते ही तेज धूल भरी आंधी में फंस गई। इस खराब मौसम और 80 किलोमीटर प्रति घंटे की तेज हवाओं के कारण विमान को लैंडिंग से ठीक पहले वापस उड़ान भरना पड़ा। दिल्ली में धूल भरी तेज आंधी से रनवे पर विजिबिलिटी काफी कम हो गई। पायलट ने ऐसे में वापस उड़ान भरने का फैसला किया। पायलट ने कई बार हवाई अड्डे के आस-पास चक्कर लगाए। वहीं मौसम सामान्य होने पर पायलट ने विमान को सुरक्षित दिल्ली हवाई अड्डे पर उतारा।

### जर्मनी: अस्पताल में लगी आग, 3 की मौत, 50 झुलसे

**बर्लिन।** उत्तरी जर्मन शहर हैम्बर्ग के होहेनफेल्ड जिले में अस्पताल में शनिवार रात आग लगने से तीन मरीजों की मौत हो गई और 50 से अधिक अन्य झुलस गये। स्थानीय अधिकारियों ने आज इस घटना की पुष्टि की। हैम्बर्ग अग्निशमन विभाग के अनुसार इस हादसे में दो मरीजों की मौत हो गयी जबकि दो की हालत गंभीर है।

### फ्रांस: जीतने की खुशी मनाने के दौरान दो की मौत

**पेरिस।** यूरोप का सबसे बड़ी पुरस्कार राशि वाली फुटबॉल प्रतियोगिता चैंपियंस लीग में पेरिस सेंट-जर्मेन (पीएसजी) की ऐतिहासिक जीत का जश्न मनाने के दौरान फ्रांस में दो प्रशंसकों की मौत हो गई और एक पुलिस अधिकारी कोमा में चला गया। राष्ट्रीय पुलिस सेवा ने बताया कि शनिवार रात म्यूनिख में हुए फाइनल के बाद पीएसजी स्ट्रीट पार्टी के दौरान डैक्स शहर में 17 वर्षीय एक लड़के की चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई।

### तुर्की-पाकिस्तान सीमा पर आईएस सरगना हिरासत में

**अंकारा।** कुख्यात आतंकवादी समूह इस्लामिक स्टेट( आईएस-रूस में प्रतिबंधित) के सरगना को गुप्त खुफिया अभियान के दौरान पाकिस्तान-अफगानिस्तान सीमा पर हिरासत में लिया गया। तुर्की की सरकारी समाचार एजेंसी अनादोलु ने रविवार को अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। तुर्की और पाकिस्तानी खुफिया एजेंसियों के अभियान में ओजगुर अल्तुन को पकड़ा गया, जो आईएस मीडिया और रसद का प्रभारी है। तुर्की राष्ट्रीय खुफिया संगठन (एमआईटी) ने तुर्की के खिलाफ आईएस की साजिशों तथा आतंकवादी अभियानों को विफल किया है।

# पाकिस्तान आतंकवाद को दे रहा बढ़ावा, ग्रे लिस्ट में डालें : ओवैसी

## अल्जीरिया में बोले- पाकिस्तानी जेल में बंद आतंकी लखवी पिता बन गया, इतनी ढील

अल्जीयर्स, एजेंसी

ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम ) के प्रमुख और हैदराबाद से सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने पाकिस्तान पर आतंकवाद को समर्थन देने का आरोप लगाया। वह अल्जीरिया के दौरे पर हैं, जहां वह भारत के आतंकवाद-विरोधी सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा हैं।

ओवैसी ने कहा कि पाकिस्तान की जेल में बंद कुख्यात आतंकी जकीउर रहमान लखवी कैद के दौरान पिता बन गया, जो यह दर्शाता है कि पाकिस्तान आतंकवादियों को कितनी ढील देता है। किसी भी जिम्मेदार देश में आतंक के आरोपों में बंद व्यक्ति को ऐसी छूट नहीं दी जाती। ओवैसी ने कहा कि जब पाकिस्तान फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (एफएटीएफ) की ग्रे लिस्ट में आया, तभी लखवी के खिलाफ मुकदमा बढ़ा। उन्होंने एफएटीएफ और अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से पाकिस्तान को दोबारा ग्रे लिस्ट में डालने की मांग की ताकि आतंकवाद पर लगाम लगाई जा सके।



उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्दोष लोगों की हत्या इस्लाम की शिक्षा के खिलाफ है और पाकिस्तान अब 'तकफीरवाद' का अड्डा बन चुका है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठनों की विचारधारा आईएसआईएस और अल-कायदा जैसी संगठनों से मेल खाती है, जो धर्म के नाम पर हिंसा को सही ठहराती है, जबकि इस्लाम इसकी इजाजत नहीं देता। प्रतिनिधिमंडल में बैजयंत पांडा, निशिकांत दुबे, फांगनोन कोन्याक, रेखा शर्मा, सतनाम सिंह संधू, गुलाम नबी आजाद और पूर्व विदेश सचिव हर्षवर्धन श्रृंगला हैं। यह दल सऊदी अरब, कुवैत, बहरीन और अल्जीरिया का दौरा कर रहा है।

### सांसदों का प्रतिनिधिमंडल पहुंचा ब्रिटेन और स्पेन

**लंदन/मैड्रिड।** भारतीय सांसदों का प्रतिनिधिमंडल आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई का संदेश लेकर रविवार को लंदन और स्पेन पहुंचा। लंदन पहुंचे प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व रविशंकर प्रसाद कर रहे हैं और स्पेन पहुचे प्रतिनिधिमंडल का प्रतिनिधित्व द्रमुक सांसद कनिमोई करुणानिधि कर रही हैं। लंदन गया प्रतिनिधिमंडल ब्रिटेन की तीन दिवसीय यात्रा के दौरान 'हाउस ऑफ कॉमन्स' के अध्यक्ष लिंडसे होयले, हिंद-प्रशांत के लिए ब्रिटेन के विदेश कार्यालय मंत्री कैथरीन वेस्ट, सांसदों, थिंक टैंक और भारतीय समुदाय से बातचीत करेगा। वहीं स्पेन गया प्रतिनिधिमंडल वहां के नेताओं, अधिकारियों, भारतीय प्रवासियों से मुलाकात करेगा तथा आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने को लेकर भारत के नजरिए से उन्हें अवगत कराएगा।

### थरूर का प्रतिनिधिमंडल पहुंचा ब्राजील

**ब्रासीलिया।** शशि थरूर का प्रतिनिधिमंडल रविवार को ब्राजील पहुंचा जो भारत की नीतियों से वहां के नेताओं को अवगत कराएगा। प्रतिनिधिमंडल का दूतावास प्रभारी संदीप कुजूर ने स्वागत किया। ब्राजील में भारतीय दूतावास ने कहा कि प्रतिनिधिमंडल ब्राजील के वरिष्ठ नेताओं और सांसदों से मुलाकात करेगा, जिनमें राष्ट्रपति के मुख्य सलाहकार सेल्सो अमोरिम, विदेश मामलों की महासचिव मारिया लौरा दा रोचा, ब्राजील की सीनेट में भारत-ब्राजील मैत्री मोर्चे के प्रमुख सीनेटर नेल्सन ट्रैड और ब्राजील के 'चैंबर ऑफ डेप्युटीज' की विदेश मामलों और राष्ट्रीय रक्षा समिति के अध्यक्ष फिलिप बैरोस शामिल हैं।

### पाकिस्तान से बातचीत पीओके वापस लेने पर

**कुआलालंपुर।** मलेशिया गए प्रतिनिधिमंडल में शामिल टीएमसी नेता अभिषेक बनर्जी ने कहा कि पाकिस्तान से अगली बातचीत पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) वापस लेने पर होनी चाहिए। हम दशकों से पाकिस्तान से बातचीत कर रहे हैं। लेकिन एक चीज बरकरार है-पाकिस्तान के साथ गतिरोध।

### झूम उठा शिमला



शिमला ग्रीष्मोत्सव 2025 की धूमधाम भरी शुरुआत रविवार को हुई, जब शहर के ऐतिहासिक रिज मैदान पर पारंपरिक वेशभूषा में सजी-धजी महिलाओं ने रंग-बिरंगे लोकनृत्यों की प्रस्तुति दी। हिमाचली संस्कृति की जीवंत झलक पेश करते इन नृत्यों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। एजेंसी

# भारत के दूसरे अंतरिक्ष यात्री बनेंगे शुभांशु

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत के शुभांशु शुक्ला एक्सिओम स्पेस के चौथे वाणिज्यिक मिशन के तहत अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के लिए अपनी पहली अंतरिक्ष उड़ान के लिए तैयार हैं। एक्सिओम मिशन 4 (एक्स-4) आठ जून को फ्लोरिडा के कैनेडी अंतरिक्ष केंद्र से स्पेसएक्स के फाल्कन-9 रॉकेट के जरिए प्रक्षेपित किया जाना है।

ड्रैगन अंतरिक्ष यान का प्रक्षेपण फ्लोरिडा स्थित नासा के अंतरिक्ष केंद्र से भारतीय समयानुसार शाम 6:41



- एक्सिओम स्पेस के चौथे मिशन के तहत अंतरिक्ष स्टेशन जाने को शुक्ला तैयार

बजे से पहले नहीं होगा। इस प्रक्षेपण के साथ ही शुक्ला चार दशक बाद अंतरिक्ष की यात्रा करने वाले दूसरे भारतीय बन जाएंगे। राकेश शर्मा ने 1984 में रूस के सोयूज अंतरिक्ष यान से अंतरिक्ष की यात्रा की थी।

एक्सिओम-4 मिशन के पायलट शुक्ला के अलावा, अन्य चालक दल में पोलैंड से स्लावोस्ज उजनांस्की-विस्नीवस्की और हंगरी से टिबोर कापू शामिल हैं, जो इतिहास में अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन की दोनों यूरोपीय देशों की पहली यात्रा और 40 वर्षों में दूसरा सरकार प्रायोजित मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशन है। अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री पैगी व्हिटसन एक्सिओम-4 मिशन की कमांडर होंगी। अंतरिक्ष यात्री कक्षा में स्थित प्रयोगशाला में 14 दिन बिताने की योजना बना रहे हैं, जहां वे विज्ञान और वाणिज्यिक गतिविधियों का संचालन करेंगे।

# इजराइली सेना की गोलीबारी से गाजा में 31 फलस्तीनियों की मौत, 69 घायल

रफह (गाजा पट्टी), एजेंसी

गाजा पट्टी में खाद्य सामग्री लेने के लिए सहायता केंद्र जाते समय 31 लोगों की मौत हो गई और 69 से अधिक लोग घायल हो गए। स्वास्थ्य अधिकारियों और कई प्रत्यक्षदर्शियों ने यह जानकारी दी।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि इजराइली बलों ने इजराइल समर्थित संस्था द्वारा संचालित सहायता स्थल से एक किलोमीटर दूर भीड़ पर गोलीबारी की। सेना ने कहा कि उसे मानवीय सहायता वितरण स्थल के भीतर इजराइली सेना की गोलीबारी से हुई हानि के बारे में जानकारी नहीं है। मामले की अभी समीक्षा की जा रही है। गाजा ह्यूमैनिटेरियन फाउंडेशन द्वारा सहायता आपूर्ति का वितरण किए जाने के दौरान अराजकता की स्थिति रही है। प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि इजराइली सैनिकों ने सहायता वितरण स्थलों के पास भीड़ पर गोलीबारी की। स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार, रविवार से पहले सात लोग मारे गए तथा 69 से अधिक घायल हो गए।

### हमास युद्ध विराम वार्ता को कमजोर कर रहा: इजरायल



**यरूशलम।** इजरायल ने बंधकों की रिहाई के लिए अमेरिका की मध्यस्थता में तैयार किए गए नए प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है, लेकिन हमास इसे अस्वीकार करके वार्ता को बाधित कर रहा है। यह जानकारी इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय ने शनिवार को दी। श्री नेतन्याहू के कार्यालय ने हमास पर रूपरेखा को अस्वीकार करके प्रगति को बाधित करने का आरोप लगाया है। अमेरिकी विशेष दूत स्टीव विटकॉफ का हवाला देते हुए बयान में कहा गया, हमास की प्रतिक्रिया अस्वीकार्य है और स्थिति को पीछे ले जाती है। इजरायल हमारे बंधकों की वापसी और हमास की हार के लिए अपनी कार्रवाई जारी रखेगा।

# आईसीटी ने हसीना पर कई अपराधों के लगाए आरोप

ढाका, एजेंसी

बांग्लादेश के अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण (आईसीटी) ने रविवार को पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना और दो अन्य व्यक्तियों को पिछले वर्ष छात्रों के नेतृत्व वाले विरोध प्रदर्शनों को हिंसक रूप से दबाने में उनकी कथित भूमिका के लिए सामूहिक हत्या सहित कई अन्य आरोपों को लेकर अभ्यारोपित किया। रविवार की कार्यवाही का मतलब है कि हसीना के खिलाफ उनकी अनुपस्थिति में मुकदमा शुरू किया जाएगा। यह कार्यवाही विरोध प्रदर्शनों के बाद हसीना सरकार के सत्ता से हटने के 10 महीने बाद शुरू हुई।

न्यायमूर्ति गुलाम मुर्तुजा मजूमदार की अध्यक्षता में आईसीटी की तीन सदस्यीय पीठ कहा, हम आरोपों को संज्ञान में लेते हैं। पीठ ने यह टिप्पणी तब की जब अभियोजन पक्ष की टीम द्वारा औपचारिक रूप से आरोपियों पर क्रूर बल का प्रयोग करके प्रदर्शनों को नियंत्रित करने का



- छात्रों के नेतृत्व वाले विरोध प्रदर्शनों को हिंसक रूप से दबाने में हसीना की भूमिका के लिए सामूहिक हत्या सहित कई अन्य अपराधों के लगाए गए आरोप

प्रयास करने का आरोप लगाया। न्यायाधिकरण ने अभ्यारोपित करने की कार्यवाही 145 पृष्ठों के अभियोग पत्र पर सुनवाई करने के बाद शुरू की और हसीना तथा तत्कालीन गृह मंत्री असदुज्जमां खान कमाल के खिलाफ एक नया गिरफ्तारी वारंट जारी किया। मामले में तीसरे आरोपी एवं तत्कालीन पुलिस महानिरीक्षक चौधरी अब्दुल्ला अल-मामून इस समय हिरासत में हैं और उनकी उपस्थिति में मुकदमा चलेगा। अभियोजन पक्ष ने हसीना पर विरोध को क्रूरता से दबाने के लिए पूर्ण अधिकार का प्रयोग करने का आरोप लगाया। अन्य दो लोगों पर उकसावे, मिलीभगत और अपराध में सहायता करने का आरोप लगाया गया है।

### बांग्लादेशी सुप्रीम कोर्ट ने जमात ए-इस्लामी पार्टी को किया बहाल

बांग्लादेश के सुप्रीम कोर्ट ने रविवार को चुनाव आयोग को दक्षिणपंथी जमात-ए-इस्लामी पार्टी का पंजीकरण बहाल करने का आदेश दिया। अंतरिम सरकार द्वारा इस पर प्रतिबंध हटाने के आठ महीने बाद, न्यायालय ने चुनावों में इसकी भागीदारी का रास्ता साफ कर दिया है। अधिकारियों ने बताया कि मुख्य न्यायाधीश सैयद रफात अहमद की अध्यक्षता वाली सर्वोच्च न्यायालय की अपीलीय शाखा ने आयोग को पार्टी का पंजीकरण बहाल करने का निर्देश दिया। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि यह चुनाव आयोग को तय करना है कि जमात अपने पारंपरिक 'तराजू' चुनाव चिह्न का उपयोग करके चुनाव लड़ सकती है या नहीं। चुनाव आयोग ने उच्च न्यायालय के एक फैसले के अनुरूप दिसंबर 2018 में जमात का पंजीकरण रद्द कर दिया था, जो 1971 में पाकिस्तान से बांग्लादेश की स्वतंत्रता का विरोध कर रही थी।

# संघर्ष समाप्त करने का अंतिम निर्णय रूस और यूक्रेन को लेना है: अमेरिका



- अमेरिकी प्रवक्ता ब्रूस बोलीं- दोनों पक्षों के बीच बातचीत की दी सुविधा

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका के विदेश विभाग की प्रवक्ता टैमी ब्रूस ने कहा है कि अमेरिका ने रूस और यूक्रेन को बातचीत की मेज पर बैठाने के लिए काम किया है, लेकिन संघर्ष को कैसे समाप्त किया जाए, इसका फैसला उन पर निर्भर है।

ब्रूस ने शनिवार को कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने वार्ता पर अपने विचारों के बारे में सार्वजनिक रूप से कहा है, जिस पर वह टिप्पणी नहीं कर सकती हैं, लेकिन समझौते की शर्तें अंततः यूक्रेन और रूस के बीच निर्धारित की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि अमेरिका ने दोनों पक्षों के बीच बातचीत की सुविधा दी है, जो अमेरिकी जरूरतों से अवगत थे, लेकिन परिणाम उन पर निर्भर करेगा। अमेरिका नहीं चाहता कि रूस-यूक्रेन वार्ता महीनों और सालों तक खिंचे, क्योंकि हर दिन मायने रखता है। ट्रंप ने तीन साल से चल रहे युद्ध को समाप्त करने के लिए पारस्परिक रूप से सहमत और व्यावहारिक समाधान पर पहुंचने में दोनों पक्षों की असमर्थता पर अमेरिका की निराशा को बार-बार व्यक्त किया है और कहा है कि यदि कोई समाधान नहीं निकलता है, तो अमेरिका शांति वार्ता से बाहर निकल जाएगा।

### रूस का यूक्रेन के सैन्य केंद्र पर हमला, 12 की मौत

**कीव।** रूस द्वारा यूक्रेन के सैन्य प्रशिक्षण केंद्र पर रविवार को मिसाइल से किये गए हमले में कम से 12 यूक्रेनियाई सैनिक मारे गए जबकि 60 से अधिक घायल हुए हैं। यूक्रेन की थलसेना ने एक बयान जारी कर यह जानकारी दी। हमला अपराह्न 12 :50 बजे हुआ। उसने दावा किया कि हमले के समय कोई सैन्य तैयारी नहीं हो रही थी। यूक्रेन की थलसेना ने बताया कि हमले की परिस्थितियों का पता लगाने के लिए एक जांच आयोग का गठन किया गया है, जिसमें इतने कर्मी हताहत हुए हैं। यूक्रेन का यह प्रशिक्षण केंद्र अग्रिम मोर्चे से 1,000 किलोमीटर दूर है। इस स्थान को रूस के टोही और हमलावर ड्रोन निशाना बनाने में सक्षम हैं। यूक्रेन की सेना सैनिकों की कमी से जूझ रही है और एक स्थान पर सैनिकों के जमावड़े के प्रति अतिरिक्त सावधानी बरत रही है, क्योंकि अग्रिम मोर्चे पर आसमान रूसी ड्रोन से भरे हैं जो निशाने की तलाश में रहते हैं।

## नेपाल में राजशाही समर्थकों का प्रदर्शन पूर्व गृह मंत्री गिरफ्तार

**काठमांडू।** नेपाल के पूर्व गृह मंत्री कमल थापा और आधा दर्जन अन्य लोगों को रविवार को काठमांडू में राजशाही समर्थक प्रदर्शन के दौरान प्रतिबंधित क्षेत्र में प्रवेश करने के प्रयास के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया। राजशाही को बहाल करने और नेपाल को हिंदू देश के रूप में स्थापित करने के लिए राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी (आरपीपी) और आरपीपी नेपाल सहित राजशाही समर्थक समूहों ने आंदोलन के चौथे दिन नारायण चौर में विरोध प्रदर्शन किया। काठमांडू घाटी पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि आरपीपी अध्यक्ष और राजशाही के समर्थक प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे थे और जब लोगों ने सुरक्षा घेरा तोड़कर प्रधानमंत्री के आवास बलुवाटर की ओर बढ़े तो पुलिस से झड़प हो गई।

**चिंताजनक** उपयोगकर्ताओं को अभूतपूर्व रफ्तार से उच्च जोखिम वाले जुए में खींच रहे

# लालच देकर नाबालिगों को लक्ष्य बनातीं अवैध साइट

- रिपोर्ट के अनुसार, ये मंच, 28% जीएसटी व टीडीएस से मुक्त हैं
- अवैध मंचों में वार्षिक जमा राशि 100 अरब डॉलर के करीब

नई दिल्ली, एजेंसी

अवैध ऑनलाइन सट्टेबाजी मंच पर आने वाले आक्रामक वित्तीय प्रोत्साहन और रैपिड-फायर (तत्काल सवाल-जवाब आधारित) सट्टेबाजी उत्पाद, नाबालिगों और कमजोर उपयोगकर्ताओं को अभूतपूर्व रफ्तार से उच्च जोखिम वाले जुए में खींच रहे हैं। इससे ये लोग इन सट्टेबाजी के आदी बन रहे हैं।

एक रिपोर्ट से पता चलता है कि ये मंच, वैध संचालकों द्वारा लगाए जाने वाले 28 प्रतिशत माल एवं सेवा कर (जीएसटी) और स्रोत पर कर कटौती (टीडीएस) से मुक्त हैं, जो उपयोगकर्ताओं को अधिक आकर्षक भुगतान और विनियमित साइट पर प्रतिबंधित तत्काल हार-जीत वाले गेम के साथ लुभाते हैं। रिपोर्ट का अनुमान है कि इन अवैध मंचों में वार्षिक जमा राशि 100 अरब डॉलर के करीब है।

सीयूटीएस इंटरनेशनल द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट 'फिक्सिंग द ऑड्सः ए पॉलिसी ब्लूप्रिंट फॉर कर्बिंग इलिगल ऑनलाइन गैंबलिंग इन इंडिया' से पता चला है कि अवैध जुआ संचालक युवा वयस्कों, उच्च खर्च करने वालों और विशेष रूप से जुए के नुकसान के प्रति संवेदनशील व्यक्तियों को लक्षित करने के लिए नियामकीय खामियों का फायदा उठा रहे हैं। सीयूटीएस इंटरनेशनल के विश्लेषण के अनुसार, केवल एक वर्ष में शीर्ष 15 अवैध जुआ मंच और उनकी 'मिरर' (वैसी ही दिखने वाली) साइट पर 5.4 अरब से अधिक लॉग-इन हुए, जो समस्या के पैमाने को रेखांकित करता है। रिपोर्ट के अनुसार, मार्च, 2025 के लिए परीमैच की ट्रैफिक हिस्सेदारी अमेजन.इन, विकीपीडिया.ओआरजी, गूगल.को.इन, एक्स.कॉम, हॉटस्टार.कॉम, फ्लिपकार्ट.कॉम, लिंक्डइन.कॉम, कोरा.कॉम और रेडिट.कॉम जैसे व्यापक रूप से उपयोग किए जाने वाले मंच से भी आगे निकल गई।



### जांच के बाद 357 साइट की गईं ब्लॉक

रिपोर्ट कहती है, अप्रैल, 2024 और मार्च, 2025 के बीच कुल ट्रैफ़िक का 66 प्रतिशत से अधिक (3 .5 अरब से अधिक विज़िट) प्रत्यक्ष ट्रैफ़िक के माध्यम से है। इसका अर्थ है कि उपयोगकर्ता मैन्युअल रूप से यूआरएल दर्ज कर रहे हैं, बुकमार्क का उपयोग कर रहे हैं, या निजी चैनल से लिंक कॉपी कर रहे हैं। वित्त मंत्रालय ने 22 मार्च, 2025 को विदेशी ऑनलाइन इकाइयों के खिलाफ़ सख्त कार्रवाई की घोषणा की थी, जिसमें 700 की जांच की जा रही है। अबतक, 357 अवैध या गैर-अनुपालन वाली वेबसाइट/यूआरएल को ब्लॉक किया गया है और अन्य मजबूत पहल के अलावा 2,000 बैंक खातों पर भी रोक लगाई गई है।